श्रावण शुक्ल पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 9 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 264, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



करोड़ों युवाओं को प्रेरित करेंगी मनु : खेल मंत्री 13

फिल्म रिलीज से पहले हाजी अली दरगाह पहुंचे अक्षय 14



जीत के बाद गोलकीपर श्रीजेश को कंधे पर बिठा कर जश्न मनाते खिलाड़ी।

# हॉकी से निकला चौथा कांस्य

पेरिस, एजेंसी

पेरिस ओलंपिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम पिछले दिनों शानदार खेल दिखाते हुए स्वर्ण की राह पर थी, लेकिन सेमीफाइनल में जर्मनी से मिली हार के बाद स्वर्ण और रजत का सपना टूट गया। पर कांस्य के लिए उम्मीदें बाकी थीं। इसके लिए भारत को गुरुवार के मुकाबले में स्पेन के सामने चुनौती देनी थी। 140 करोड़ देशवासियों को कई दिनों से चौथे पदक का इंतजार था, जो भारतीय हॉकी टीम ने खत्म कर दिया।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक मुकाबले स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम कर लिया है। गुरुवार को यहां यवेस-डु-मनोइर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पहला क्वार्टर गोल रहित रहा। हालांकि इस दौरान भारत ने 9 बार आक्रामक तरीके से सर्कल में प्रवेश किया, लेकिन गोल करने में सफल नहीं हुआ।

उसके बाद स्पेन ने दूसरे क्वार्टर में आक्रामक शुरुआत करते हुए केवल तीन मिनट बाद मिले पेनल्टी स्ट्रोक को मार्क मिरालेस ने 18वें मिनट में गोलकीपर पीआर श्रीजेश को चकमा देते हुए शीर्ष-दाएं कोने से गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद दूसरे क्वार्टर में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने कर 1-1 से बराबरी कर ली। तीसरे क्वार्टर में हरमनप्रीति ने फिर से गोल दाग कर भारतीय टीम को बढ़त दिला दी। इसकी के साथ ही टूर्नामेंट में हरमनप्रीति के गोलों की संख्या 10 हो गई। भारतीय कप्तान को दो मिनट बाद गोल करने का एक और मौका मिला, लेकिन वह स्पेनिश गोलकीपर को चकमा देने में विफल रहे। चौथे क्वार्टर में दोनों टीमों ने आक्रामक प्रदर्शन किया और कई पेनल्टी कार्नर के मौके बनाए, लेकिन इसे गोल में तब्दील नहीं कर सकीं। बता दें कि टोक्यो ओलंपिक 2020 के प्रदर्शन को दोहराते हुए पुरुष हॉकी में यह 13वां ओलंपिक पदक है।



एक ऐसी उपलब्धि, जिसे आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी। भारतीय हॉकी टीम ने ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। यह खिलाड़ियों की सफलता कौशल, दृढ़ता और टीम भावना की जीत है। उन्होंने बहुत हिम्मत और लचीलापन दिखाया, बधाई। यह उपलब्धि हमारे देश के युवाओं के बीच इस खेल को और भी लोकप्रिय बनाएगी। **-नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

- **भारतीय टीम ने स्पेन को 2-1 से हराया, कप्तान ने दागे गोल**
- **चौथे क्वार्टर में दोनों टीमों को मिले थे गोल के मौके**



जय हो। पेरिस ओलंपिक-2024 की हॉकी प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक जीतने की हार्दिक बधाई टीम इंडिया। आप हमारे चैंपियन हैं। भारत को आप पर गर्व है। **-योगी आदित्यनाथ**, मुख्यमंत्री

MONTE CARLO
SALE START
20% to 50%
वास्तविक छूट
शर्ट, टी-शर्ट, जीन्स, ट्राउजर, लोअर ट्रैक सूट, लेडीज जीन्स, लेडीज टॉप, कुर्ती फुटवियर, पर्स, साड़ियाँ, लेडीज सूट, ड्रेसेज
7 DAYS OPEN
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bareilly. Mob.7088300050 | DD Puram, Bareilly. Mob.7055359111

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

# वक्फ संशोधन विधेयक-2024 संसद में पेश, जांच के लिए जेपीसी के पास भेजा

## विपक्ष ने किया विरोध, केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री रीजीजू बोले- जिन्हें नहीं मिल रहा हक, उनके लिए लाए

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने वक्फ बोर्डों को नियंत्रित करने वाले कानून में संशोधन से संबंधित एक विधेयक गुरुवार को लोकसभा में पेश किया और इसके बाद इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजने की अनुशंसा की। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने सदन में 'वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024' पेश करते हुए कहा, 'संयुक्त संसदीय समिति का गठन करें और विधेयक को व्यापक चर्चा के लिए उसके पास भेजें। विधेयक पर चर्चा के लिए अधिक से अधिक हितधारकों को बुलाएं, उनकी राय सुनें। भविष्य में हम उनके (सदस्यों के) सुझावों को खुले दिल से सुनेंगे।'

इससे पहले विपक्षी सदस्यों ने विधेयक का पुरजोर विरोध किया और कहा कि यह संविधान, संघवाद और अल्पसंख्यकों पर हमला है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के दो प्रमुख घटक दलों जनता दल (यूनाइटेड) और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) ने विधेयक का समर्थन किया। हालांकि, तेदेपा ने इसे संसदीय समिति के पास भेजने की पैरवी की।

विपक्षी सदस्यों द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि विधेयक में किसी धार्मिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप नहीं किया जा रहा है और संविधान के किसी भी अनुच्छेद का उल्लंघन नहीं किया गया है। इस विधेयक से मुस्लिम महिलाओं-बच्चों का कल्याण होगा।'



### कांग्रेस ने विधेयक को संविधान और मुस्लिम विरोधी बताया

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों ने वक्फ संशोधन विधेयक का पुरजोर विरोध किया और कहा कि यह खतरनाक विधेयक संविधान और संघवाद पर हमला है तथा मुस्लिम विरोधी है। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि यह खतरनाक विधेयक संविधान पर हमला है। उन्होंने सवाल किया, 'सुप्रीम कोर्ट के आदेश से अयोध्या में मंदिर बोर्ड का गठन किया गया। क्या कोई गैर हिंदू इसका सदस्य हो सकता है। फिर वक्फ परिषद में गैर मुस्लिम सदस्य की बात क्यों की जा रही है?' वेणुगोपाल ने दावा किया कि यह विधेयक आस्था और धर्म के अधिकार पर हमला है।

### संशोधन तो बहाना है, जमीन बेचना निशाना है : अखिलेश यादव



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, ''वक्फ बोर्ड'' का ये सब संशोधन भी बस एक बहाना है... रक्षा, रेल, नजूल लैंड की तरह जमीन बेचना निशाना है। वक्फ बोर्ड की जमीनें, डिफेंस लैंड, रेल लैंड, नज़ूल लैंड के बाद भाजपाइयों के लाभार्थ योजना की शृंखला की एक और कड़ी मात्र हैं। आगे लिखा कि भाजपा क्यों नहीं खुलकर लिख देती, भाजपाई-हित में जारी। इस बात की लिखकर गारंटी दी जाए कि वक्फ बोर्ड की जमीनें बेची नहीं जाएंगी। भाजपा रियल स्टेट कंपनी की तरह काम कर रही है।

### वक्फ कानून में प्रस्तावित बदलावों से क्या-क्या बदल जाएगा

प्रस्तावित संशोधन के तहत अतिरिक्त कमिश्नर के पास मौजूद वक्फ की जमीन का सर्वे करने का अधिकार वापस ले लिया गया। यह जिम्मेदारी अब जिला कलेक्टर या डिप्टी कमिश्नर को दे दी गई है। केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य स्तर पर वक्फ बोर्ड में दो गैर मुसलमान प्रतिनिधि रखने का प्रावधान किया गया है। नए संशोधनों के तहत बोहरा और आगाखानी समुदायों के लिए अलग वक्फ बोर्ड की स्थापना की भी बात कही गई है। वक्फ का पंजीकरण सेंट्रल पोर्टल और डेटाबेस के जरिए होगा। इस पोर्टल के जरिए मुतवल्ली को खातों की जानकारी देनी होगी। इसी के साथ सालाना पांच हजार रुपये से कम आय वाली संपत्ति के लिए मुतवल्ली की ओर से वक्फ़ बोर्ड को दी जाने वाली राशि को भी सात फीसदी से घटाकर पांच फीसदी कर दिया गया है।

### स्थायी समिति के पास भेजा जाएः माया



**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने वक्फ (संशोधन) विधेयक की आशंकाओं पर विचार के लिए इसे सदन की स्थायी समिति के पास भेजने की मांग की है। 'एक्स' पर कहा कि केंद्र और यूपी सरकार द्वारा मस्जिद, मदरसा, वक्फ आदि मामलों में जबरदस्ती की दखलअंदाजी और मंदिर-मठ जैसे मामलों में अति-दिलचस्पी लेना संविधान के विपरीत है।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट में 16 अगस्त को रहेगा अवकाश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 16 अगस्त को कोई भी न्यायिक कार्य नहीं किया जाएगा और इस दिन अवकाश घोषित किया गया है। इसके बजाय 31 अगस्त को कोर्ट में न्यायिक कार्य होंगे। यह व्यवस्था इलाहाबाद हाईकोर्ट की प्रधान पीठ के साथ-साथ लखनऊ पीठ में भी की गई है। उक्त जानकारी हाईकोर्ट के महानिबंधक राजीव भारती द्वारा एक अधिसूचना के माध्यम से जारी की गई है।

### पहलवान विनेश ने मां को लिखी भावुक चिट्ठी

# मां! कुश्ती मुझसे जीत गई, मैं हार गई...

पेरिस, एजेंसी

भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक 2024 में फाइनल मुकाबले के लिए अयोग्य ठहराये जाने के बाद गुरुवार को कुश्ती को अलविदा कह दिया। उन्होंने कहा कि वह अब हमेशा के लिए कुश्ती छोड़ रही हैं।

विनेश ने अपनी मां प्रेमलता को एक भावुक चिट्ठी भी लिखी है। मां को संबोधित करते हुए लिखा, "माँ, कुश्ती मुझसे जीत गई, मैं हार गई। आपके सपने और मेरी हिम्मत टूट गई है। मुझमें अब और आगे बढ़ने की ताकत नहीं है। अलविदा कुश्ती 2001-2024। मैं हमेशा आप सभी की ऋणी रहूंगी। माफी।" बुधवार को 50 किग्रा कुश्ती वर्ग के फाइनल मुकाबले के लिए विनेश फोगाट को यूडब्ल्यूडब्ल्यू द्वारा अयोग्य घोषित किया गया था। विनेश पेरिस 2024 में मंगलवार को जापान की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन यूई सुसाकी, यूक्रेन की पूर्व यूरोपीय चैंपियन ओक्साना लिवाच और क्यूबा की मौजूदा पैन अमेरिकन गेम्स चैंपियन युसनेलिस गुजमान को हराकर महिलाओं के 50 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में पहुंचीं थीं। हालांकि ओलंपिक में कुश्ती के फाइनल मैच में प्रतिस्पर्धा करने वाली पहली भारतीय महिला बनने के लिए तैयार विनेश का सपना टूट गया। विनेश का वजन उनके भार वर्ग 50 किग्रा से थोड़ा अधिक पाया गया और उन्हें कुश्ती फाइनल के लिए अयोग्य करार कर दिया गया।




# रेपो रेट लगातार नौंवी बार 6.5% पर स्थिर

मुंबई, एजेंसी

- **18 महीनों से ब्याज दरों में बदलाव नहीं ईएमआई पर फिलहाल कोई राहत नहीं**



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को उम्मीद के मुताबिक चालू वित्त वर्ष की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में लगातार नौवीं बार नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। लिहाजा, ऋण ईएमआई की ब्याज दरों में ग्राहकों कोई फिलहाल कोई राहत नहीं मिली है। आरबीआई ने कहा कि खाने के सामान की ऊंची महंगाई को नरअंदाज नहीं किया जा सकता और इसके अन्य क्षेत्रों पर प्रभाव को रोकने के लिए सतर्क रहने की जरूरत है।

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की मंगलवार को शुरू हुई तीन दिन की बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि एमपीसी ने मुद्रास्फीति पर सतर्क रुख बरकरार रखते हुए रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखा है। एमपीसी के छह सदस्यों में से चार ने नीतिगत दर को यथावत रखने के पक्ष में मतदान किया। इसके साथ ही मुद्रास्फीति को 4 प्रतिशत पर लाने के लक्ष्य को हासिल करने के मकसद से उदार रुख को वापस लेने का रुख कायम रखा है। एमपीसी में आरबीआई के तीन और तीन बाहरी सदस्य हैं। सदस्यों में से डॉ. शशांक भिड़े, डॉ. राजीव रंजन, डॉ. माइकल देबब्रत पात्रा और शक्तिकांत दास ने नीतिगत दर को यथावत रखने के पक्ष में मतदान किया, जबकि डॉ. आशिमा गोयल और प्रो. जयंत आर. वर्मा ने रेपो दर में 0.25 प्रतिशत कटौती का समर्थन किया।

### अब कुछ ही घंटों में क्लियर हो जाएगा आपका चेक

नई दिल्ली। चेक का निपटान अब कुछ ही घंटों में हो जाएगा। आरबीआई ने चेक समशोधन में लगने वाले समय को कुछ घंटे करने और उससे जुड़े जोखिम कम करने के मकसद से कदम उठाने की घोषणा की है। अभी चेक जमा करने से लेकर राशि आने तक दो दिन का समय लग जाता है। नई व्यवस्था में चेक जमा करने के कुछ ही घंटों में यह क्लियर हो जाएगा। आरबीआई के अनुसार, 'नई व्यवस्था में चेक को स्कैन किया जाएगा, उसे प्रस्तुत किया जाएगा और समाशोधन कुछ घंटे में हो जाएगा।'

## ईडी का सहायक निदेशक 20 लाख की रिश्वत लेते सीबीआई के हत्थे चढ़ा

- **मुंबई के एक ज्वैलर के बेटे को फंसाने की धमकी देकर मांगे थे 25 लाख रुपये**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने प्रवर्तन निदेशालय के एक सहायक निदेशक को धनशोधन के एक मामले में मुंबई के एक सर्राफा व्यापारी के बेटे को गिरफ्तार करने की धमकी देकर उससे 20 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि ईडी ने धनशोधन मामले में 4 अगस्त को वीएस गोल्ड नामक बुलियन कंपनी चलाने वाले विपुल ठक्कर के परिसरों पर छापेमारी की थी। ईडी के सहायक निदेशक संदीप सिंह ने ठक्कर के आवास की तलाशी ली थी। ईडी सूत्रों के अनुसार, सिंह इस मामले के जांच अधिकारी नहीं थे और उनका काम केवल तलाशी के सीमित उद्देश्य के लिए था, लेकिन उन्होंने ठक्कर के बेटे निहार को गिरफ्तार नहीं करने के लिए उनसे 20 लाख रुपये की रिश्वत मांगी।

# पति का सिर ईट से कुचलकर मार डाला, पत्नी गिरफ्तार

संवाददाता, रोजा/शाहजहांपुर



- **आए दिन पति-पत्नी में होता था झगड़ा, पुलिस ने किया गिरफ्तार**

**अमृत विचारः** आए दिन के झगड़े से गुस्साई पत्नी ने ईंट से सिर कुचलकर पति को मार डाला। हत्या करने के बाद महिला पति के सीने पर बैठकर सिर से मांस निकालकर फेंकती रही। पुलिस ने हत्यारोपी पत्नी को हिरासत में ले लिया है।

रोजा थाना क्षेत्र के गांव हथौड़ा निवासी 45 वर्षीय सत्यपाल गांव में बने स्टेडियम में चौकीदारी करता था। वह शराब पीने का आदी था, जिसे लेकर पत्नी गायत्री से अक्सर झगड़ा होता था। गुरुवार दोपहर सत्यपाल का पत्नी से खाने को लेकर विवाद हो गया। गायत्री का पारा इतना चढ़ गया कि पति को जमीन पर गिराकर ईंट उठाकर सिर पर मार दिया, जिससे उसका सिर फट गया। भागने के बजाय वह पति के सीने पर बैठ कर उसके सिर से मांस निकालकर फेंकने लगी। रोजा थानाध्यक्ष राजीव तोमर के मुताबिक, महिला ने बताया कि पति प्रताड़ित करता था। मृतक की मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य का निधन



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य का गुरुवार को कोलकाता स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे। भट्टाचार्य के परिवार में उनकी पत्नी मीरा और बेटी सुचेतना हैं। उनकी बेटी ने हाल ही में लिंग परिवर्तन से संबंधित सर्जरी कराई है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की राज्य इकाई के सचिव मोहम्मद सलीम ने बताया कि भट्टाचार्य ने गुरुवार सुबह साढ़े 8 बजे अंतिम सांस ली।

# बांग्लादेशः यूनुस बने अंतरिम सरकार के प्रमुख

ढाका, एजेंसी



नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अर्थशास्त्री मोहम्मद यूनुस ने गुरुवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में शपथ ली। यूनुस को मंगलवार को राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन द्वारा संसद भंग किए जाने के बाद अंतरिम सरकार का प्रमुख नियुक्त किया गया था।

यूनुस (84) को राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने राष्ट्रपति भवन बंगभवन में आयोजित एक समारोह में पद की शपथ दिलाई, जो प्रधानमंत्री के समकक्ष पद है। यूनुस की सहायता के लिए 16 सदस्यीय सलाहकार परिषद की घोषणा की गई। छात्र आंदोलन के दो प्रमुख आयोजक मोहम्मद नाहिद इस्लाम और आसिफ महमूद भी सलाहकार परिषद का हिस्सा हैं। शपथ लेने से पहले यूनुस ने एक ऐसी सरकार देने का वादा किया था, जो अपने नागरिकों को सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। उन्होंने बांग्लादेश के पुनर्निर्माण में उनकी मदद करने का भी आग्रह किया। साथ ही शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने को देश के लिए 'दूसरी स्वतंत्रता' करार दिया। ओलंपिक खेलों के लिए पेरिस गए यूनुस बृहस्पतिवार को दुबई से होते हुए अमीरात की उड़ान से स्वदेश लौटे। बांग्लादेश में कई हफ्तों से हो रही हिंसा और राजनीतिक उथल पुथल का एक अध्याय 5 अगस्त को खत्म हुआ, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपने पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ दिया और भारत में शरण ली।

### प्रधानमंत्री मोदी ने दी शुभकामनाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोहम्मद यूसुफ को बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा, ''प्रो. मोहम्मद यूनुस को नई जिम्मेदारिया संभालने पर मेरी शुभकामनाएं। हम उम्मीद करते हैं कि हिंदुओं और अन्य सभी अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए जल्द ही हालात सामान्य होंगे। भारत बांग्लादेश के साथ मिलकर दोनों देशों के लोगों की साझा आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।''

## सरकारी कर्मचारी के वेतन में कटौती दंडात्मक कार्रवाई जैसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि किसी सरकारी कर्मचारी के वेतनमान में कटौती और उससे वसूली का कोई भी कदम दंडात्मक कार्रवाई के समान होगा और इसके गंभीर परिणाम होंगे। कोर्ट ने कहा कि किसी कर्मचारी के वेतनमान को कम करने तथा अतिरिक्त राशि वसूलने के लिए राज्य सरकार द्वारा लिया गया निर्णय पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू नहीं किया जा सकता और वह भी लंबे समय के अंतराल के बाद। दो जजों की पीठ ने एक सेवानिवृत्त कर्मचारी के वेतनमान में कटौती संबंधी बिहार सरकार के अक्टूबर 2009 के आदेश को रद कर दिया।

# धरना-प्रदर्शन की आड़ में अराजकता की छूट नहीं

## मुख्यमंत्री ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा, कहा- अफवाह फैलाने वालों के साथ हो सख्ती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रदेश की कानून-व्यवस्था और लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से धरना-प्रदर्शन का स्वागत है, लेकिन इसकी आड़ में अराजकता की छूट किसी को नहीं होगी। आगामी त्योहारों और परीक्षाओं के दौरान अफवाह फैलाने वालों के साथ सख्ती से निपटने का निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा शुचिता के साथ होगी, इसे लेकर सभी अधिकारी सतर्क रहें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान संगठन हों अथवा अन्य कोई संगठन, यदि लोकतांत्रिक ढंग से अपनी बात कहना चाहते हैं, तो उनकी बात जरूर सुनी जाए। उनकी आशा, अपेक्षा और आशंका का यथोचित निराकरण करें। किंतु अराजकता फैलाने की छूट किसी को नहीं दी जा सकती। कहा कि लोकतांत्रिक संगठनों की आड़ में कतिपय राष्ट्रविरोधी संगठन भी माहौल खराब करने का प्रयास कर सकते हैं। पूर्व में ऐसे अनेक अनुभव हुए हैं, जबकि शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करने वालों की आड़ में कुछ अराजकतावादी संगठनों की उपस्थिति रही। इनकी पड़ताल करें और पकड़े जाने पर कठोरतम कार्रवाई करें।

बैठक में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, डीजीपी प्रशांत कुमार, एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश आदि अफसर मौजूद रहे। जबकि वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए एडीजी जोन, मंडलायुक्त, आईजी, डीआईजी समेत जिलों के डीएम और कतान जुड़े थे।



### सोशल मीडिया की अफवाहों पर रखें नजर

योगी ने कहा कि सोशल मीडिया अफवाह फैलाने का माध्यम बन रही है। इस पर नजर बनाए रखें। तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर, ऐसी सूचनाएं जो समाज में विद्वेष पैदा करें, का प्रसार किया जाता रहा है। सभी जिलों को अलर्ट रहना होगा। कोई फेक न्यूज़ हो तो तत्काल तथ्यों के साथ उसका खंडन किया जाना चाहिए।

## एक नजर

### मेडिकल कॉलेज में मनाया गया विश्व स्तनपान दिवस

**शाहजहांपुर ।** मेडिकल कॉलेज में बुधवार को प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार के मार्गदर्शन में बाल रोग विभाग, सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग एवं नर्सिंग कॉलेज द्वारा विश्व स्तनपान दिवस मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने स्तनपान से संबंधित एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। स्तनपान से होने वाले फायदों पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि बच्चे के पैदा होने के बाद मां से मिलने वाला पहला गाढ़ा पीला दूध बच्चे के लिए बहुत फायदेमंद होता है। बच्चे को बहुत सारी बीमारियों से बचाता है। उन्होंने बताया कि बच्चे की शुरुआती छह महीने तक सिर्फ मां का दूध पिलाना चाहिए। इसके अलावा पानी, शहद, घुट्टी इत्यादि कुछ देने की जरुरत नहीं है। इस अवसर पर डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. ऋतुराज शास्त्री, डॉ. सत्येन्द्र वर्मा, डॉ. अर्पणा, आस्था सिंह, रोशनी आदि उपस्थित रहीं।

### विधायक ने बांटे अनुदान राशि के चेक

**तिलहर ।** मुख्यमंत्री खेत खलियान अग्निकांड दुर्घटना सहायता योजना के तहत सात किसानों को क्षेत्रीय विधायक सलोना कुशवाहा ने अनुदान राशि के चेक वितरित किए। बीते महीने किसानों के खेतों में लगी आग से किसानों की फसल जलकर राख हो गई और किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ा था। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिले मुआवजा के चेक को मंडी समिति कार्यालय पर विधायक सलोना कुशवाहा ने मंडी सचिव रामनिवास के साथ मिलकर मोरश्री को 23 हजार व हरियरपुर के नाजिम हुसैन को 40 हजार, शहाबुद्दीन को 20 हजार, सैजना गांव की मुन्नी देवी को 30 हजार, ओंकार को 30 हजार व शारदा गंगवार को 6500, बैसरी बैसरा के शिव शंकर पाल को 30 हजार रुपये के चेक वितरित किए।



बीएसए कार्यालय में जमीन पर बैठ बीएसए के खिलाफ नारेबाजी करते शिक्षक। ● अमृत विचार

### दरवाजा पीटते रहे शिक्षक पुलिस रोकने में जुटी रही

*बाहर से शिक्षक दरवाजा पीटते रहे। पुलिस बीएसए कक्ष के बाहर शिक्षकों को रोकने में जुटी रही। इसी बीच बारिश होने लगी, जिस कारण शिक्षिकाएं तो कार्यालय के अंदर पहुंच गईं, लेकिन तमाम शिक्षक बरसात में ही भीगते हुए जमीन पर बैठे बीएसए मुर्दाबाद, बीएसए की तानाशाही नहीं चलेगी आदि नारे लगाकर प्रदर्शन करते रहे।*



बीएसए कार्यालय में धरना-प्रदर्शन करते शिक्षक-शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

# चेतावनी आदेश निरस्त कराने को शिक्षकों ने बीएसए के खिलाफ मोर्चा खोला

## कार्यालय पहुंचे परिषदीय शिक्षकों, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों का आक्रोश देख बीएसए ने बंद कर लिया कमरा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सदर बाजार प्रभारी ने दलबल के साथ कार्यालय पहुंचकर संभाली व्यवस्था
- शिक्षकों ने बरसात में जमीन पर बैठकर बीएसए के खिलाफ जमकर की नारेबाजी
- संयुक्त मोर्चा के दबाव में बीएसए को निरस्त करना पड़ा अपना आदेश

**अमृत विचार :** बड़ी संख्या में परिषदीय स्कूलों में छात्र संख्या 60 प्रतिशत से कम होने पर बीएसए द्वारा जारी की गई चेतावनी से आक्रोशित शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने गुरुवार को बीएसए के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। पहले से सूचना देने के बाद गुरुवार को तमाम शिक्षक मोर्चा के बैनर तले बीएसए कार्यालय पहुंच गए और उन्होंने जमकर हंगामा किया। बरसात के दौरान भी शिक्षक जमीन पर बैठे नारेबाजी करते रहे। वहीं तमाम शिक्षक-शिक्षिकाएं बीएसए कक्ष में घुसने के लिए गैलरी में जा पहुंचे। शिक्षकों का हंगामा और नारेबाजी के बीच तत्काल पुलिस बुला ली गई। शिक्षक चेतावनी आदेश वापस लेने की मांग पर डटे रहे।

कम उपस्थिति के कारण प्रदेश में जिले को 69वां स्थान मिला था, जिस पर बीएसए दिव्या गुप्ता निरीक्षण अभियान चला रही है। निरीक्षण में शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक अनुपस्थित भी मिले थे और कुछ स्कूल बंद भी मिले थे। इनके विरुद्ध कार्रवाई होने पर शिक्षक संगठनों ने दबाव बनाकर कार्रवाई स्थगित करा दी थी।

वहीं, 1695 स्कूलों में छात्र संख्या



शिक्षकों को संबोधित करते शिक्षक नेता मगरेलाल। ● अमृत विचार

नगण्य मिलने पर चेतावनी जारी कर बीएसए ने स्थिति में सुधार के लिए पत्र जारी किया और चेतावनी भी दी कि यदि स्कूलों में छात्र उपस्थिति नहीं बढ़ाई बढ़ाई, तो संबंधित स्कूल स्टाफ के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। इसी चेतावनी के विरोध में संयुक्त मोर्चा ने आठ अगस्त को बीएसए कार्यालय में धरना-प्रदर्शन का निर्णय लिया था।

मोर्चा जिलाध्यक्ष ऋषिकांत पांडेय, मगरेलाल, धर्मेंद्र कुमार शर्मा, अजय वर्मा आदि के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं स्कूल समय के बाद बीएसए कार्यालय में पहुंचने शुरू हो गए। ऑटो पर लाउडस्पीकर लगाकर परिसर में ही जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी गई।



> शिक्षकों को चाहिए कि वह बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें और अपने कर्तव्य का पालन करें, जिससे बच्चों का भविष्य संवर सके। वह अध्ययनरत बच्चों की भलाई चाहती हैं। शासन की मंशानुरूप जनपद को बॉटम के बजाय उच्च स्थान पर देखना चाहती हैं। शिक्षकों को विभाग का भी सहयोग करना चाहिए। शिक्षकों के हंगामे से मेरी जान को भी खतरा बना हुआ है। इस तरह से शिक्षा व्यवस्था में सुधार नहीं किया जा सकता। शिक्षक अगर चेतावनी पत्र निरस्त कराना चाहते हैं, तो वह तैयार हैं। गुरुवार को भी तिलहर क्षेत्र के स्कूलों का निरीक्षण किया गया, जिसमें बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता न्यूनतम पाई गई, स्कूलों में शिक्षक समय से नहीं पहुंचे थे।
>
> – **दिव्या गुप्ता**, बीएसए

शिक्षकों के आक्रोश को देखकर कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दे दी, ताकि किसी अनहोनी को रोका जा सके। सूचना पर सदर बाजार थाना प्रभारी रविंद्र सिंह दलबल के साथ बीएसए कार्यालय पहुंच गए। उधर, शिक्षक-शिक्षिकाओं के बीएसए कक्ष में घुसने की कोशिश की गई, तो बीएसए ने अंदर से कक्ष बंद कर स्वयं को सुरक्षित कर लिया।

शिक्षकों का कहना था कि जब तक चेतावनी आदेश निरस्त नहीं कर दिया जाता, तब तक वह वापस नहीं जाएंगे। शिक्षकों के दबाव में आखिर बीएसए को अपना आदेश निरस्त करना पड़ा। इस दौरान बीएसए को ज्ञापन भी दिया गया।

ज्ञापन देने वालों में विभिन्न संगठनों के राकेश वर्मा, राजकमल आर्य, विनीत गंगवार, सतीश सिंह, अमर सिंह, जुबैर आलम, रत्नाकर दीक्षित, यदुवीर सिंह, रवि वर्मा, रामपूत पाल, रवींद्र पाल सिंह, मनोज मिश्रा आदि शामिल रहे।

# परमदानी होते हैं शिव भक्त

- खिरनीबाग जीआईसी मैदान में श्री शिव महापुराण कथा का आठवां दिन



शिव महापुराण कथा के समापन पर आरती करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** खिरनीबाग जीआईसी मैदान में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के आठवें दिन गुरुवार को वृंदावन के प्रख्यात कथावाचक अतुल कृष्ण भारद्वाज ने विभिन्न प्रसंगों की चर्चा कर शिव महिमा का बखान किया।

कथा व्यास ने धर्मनिष्ठ दधीच मुनि के चरित्र का वर्णन करते हुए कहा वह परम शिवभक्त थे। दैत्यों ने व्रतासुर के साथ मिलकर समस्त लोकों को पराजित कर इंद्र का पद छीन लिया और स्वर्ग पर शासन करने लगे। इस पर देवता दुखी होकर ब्रम्हा जी के पास गए। ब्रम्हा जी ने देवताओं को बताया कि महर्षि दधीच के तप से उनकी अस्थियां वज्र के समान हो चुकी है, उन्हीं से सहायता मांगी जाए। देवताओं ने अपना स्वार्थ साधने के लिए ऋषि दधीचि से उनकी अस्थियों का दान प्राप्त किया और व्रतासुर का अंत किया। महाराज ने कहा कि जो भगवान शिव का भक्त होता है वह परमदानी होता है। खराब मौसम के बावजूद शिव महापुराण कथा सुनने के लिए सैकड़ों श्रद्धालु उमड़े और उन्होंने कथा का आनंद लिया।

### पूजन और आरती में ये लोग रहे मौजूद

पूजन और आरती में मुख्य आयोजकों समेत पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव, मुनेश्वर सिंह, सुरेश गुप्ता, जितेंद्र तिवारी, ममता तिवारी, दीपक शर्मा, विश्व मोहन बाजपेई, विष्णु कुमार मिश्रा, रोचक अग्निहोत्री, उदयवीर सिंह, ओम बाबू सर्राफ, अभिषेक बाजपेई, रंजना मिश्रा, आयुष मिश्रा, वंदना मिश्रा, ज्योति शुक्ला आदि शामिल रहे।

# काकोरी एक्शन के महानायकों को दी संगीतमय श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- काकोरी एक्शन की पूर्व संध्या पर गांधी भवन में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम
- शहीद संग्रहालय में आज शाम को होगा लाइव एंड साउंड शो
- सुबह गांधी भवन में होगा रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन

**अमृत विचार :** काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर गुरुवार को गांधी भवन प्रेक्षागृह में एक शाम शहीदों के नाम नामक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूलों की टीमों ने देशभक्ति से ओतप्रोत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अमर शहीदों को संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह का प्रारंभ मुख्य अतिथि नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र ने अमर शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। उन्होंने कहा की नौ अगस्त को मनाए जाने वाले मुख्य कार्यक्रमों के माध्यम से नई पीढ़ी को काकोरी इतिहास के संबंध में बहुत उपयोगी और महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने जनपदवासियों का आह्वान किया कि वह बिस्मिल-अशफाक की साझी शहादत-साझी विरासत को सहेजकर रखें और आपसी भाईचारा की मिसाल कायम रखें। इस मौके पर विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने अमर शहीदों के सम्मान में शानदार प्रस्तुतियां देकर उनका भावपूर्ण स्मरण किया। एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय ने बताया कि 9 अगस्त को शाम छह बजे छावनी एरिया स्थित शहीद संग्रहालय में लाइव एंड साउंड शो का आयोजन किया जाएगा। वहीं, गांधी भवन में सुबह 10 बजे से रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

आयोजन में डॉ. इंदु अजनबी, नितेश गुप्ता, निकहत परवीन, दपिंदर कौर, डॉ. स्वप्निल यादव आदि का सहयोग रहा।



गांधी भवन में काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर समूह गीत प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### अधिकारियों ने किया रक्तदान



**शाहजहांपुर ।** काकोरी ट्रेन एक्शन दिवस पर मेडिकल कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह व सीएमओ डॉ. आरके गौतम ने फीता काटकर उद्घाटन किया। शिविर में नगर आयुक्त विपिन कुमार मिश्रा, डॉ. एमएल अग्रवाल, डॉ. सलीम अहमद, आशीष भदौरिया और डॉ. विजय जौहरी की टीम के सहयोग से अग्रज जौहरी, अनुज जौहरी, आशीष सक्सेना आदि लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार, सीएमएस डॉ. नेपाल सिंह आदि स्टाफ मौजूद रहा।

## सार-संक्षेप

### सैनिक ने 40 छात्राओं को भेंट की साइकिलें



**शाहजहांपुर ।** छावनी परिषद स्थित नालंदा स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में समाजसेवी सत्यपाल शर्मा (भूतपूर्व सैनिक) ने कई स्कूलों की छात्राओं को साइकिलें प्रदान कीं। साथ ही मिठाई बांटकर बच्चियों को नियमित स्कूल आकर और मन लगाकर पढ़ाई करने को प्रेरित किया। छावनी परिषद के नामित सदस्य अवधेश दीक्षित ने बताया कि ब्लॉक निगोही के गांव पिपरिया खुशाली निवासी भूतपूर्व सैनिक सत्यपाल शर्मा ने गुरुवार को नालंदा स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, आर्य महिला इंटर कॉलेज, उच्च प्राथमिक विद्यालय हसनपुर, बलेली, गुलामखेड़ा, मुर्छा आदि विद्यालयों की 40 छात्राओं को स्कूल आवागमन के लिए साइकिलें भेंटकर मिष्ठान वितरण किया। मुख्य अतिथि कर्नल जगवीर जगलान, छावनी परिषद की मुख्य अधिशासी अधिकारी जिज्ञासा राज, पूर्व उपाध्यक्ष गजेंद्र गंगवार, बालेश मिश्रा, पूर्व सैनिक नेपाल आदि भी मौजूद रहे। बताया गया कि पूर्व सैनिक सत्यपाल अब तक 100 छात्राओं को साइकिलें भेंट कर चुके हैं। प्रधानाध्यापिका श्रद्धा सैनी ने सत्यपाल के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अमित आर्य, प्रभाकर, सीमा श्रीवास्तव, सचिन कुमार, अभिषेक वर्मा, भारती सिंह, प्रत्यूषा प्रियदर्शी आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहें।

### चार प्रभुजनों का रेस्क्यू कर भरतपुर आश्रम भिजवाया

**शाहजहांपुर ।** सहयोग संस्था ने गुरुवार को सेवाभाव अभियान जारी रखते हुए चार विक्षिप्त लोगों का रेस्क्यू कर भरतपुर स्थित अपना घर आश्रम भिजवाने का पुनीत कार्य किया। अपना घर आश्रम में ऐसे विक्षिप्त लोगों को प्रभु जी कहकर बुलाया जाता है और उनकी इलाज कर सेवा की जाती है। संस्था के संरक्षक शाहनवाज़ खां ने थाना सदर बाजार जाकर सभी प्रभुजनों का वैरिफिकेशन करवाया। संरक्षक अनिल गुप्ता प्रधान, संस्था की अध्यक्षा नेहा यादव, सह-कोषाध्यक्ष शालू यादव, उपाध्यक्ष सरदार हरजीत सिंह ने व अन्य सदस्यों के साथ जिला अस्पताल पहुंचकर सभी प्रभूजनों को भरतपुर रवाना किया। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार, सीएमएस डॉ. नेपाल सिंह, रईस, महासचिव अनूप कुमार, निखिल महेंद्र, शिवम वर्मा, विक्रांत सक्सेना, नुजहत अंजुम, महेंद्र दुबे, सोमेश यादव, जितेंद्र सिंह, शफीकुद्दीन अंसारी, डॉ. योगेंद्र सक्सेना आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# उद्यान मंत्री ने बैठक कर अधिकारियों को दिए निर्देश

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार और कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने गुरुवार को मंडी परिषद और उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए किसानों के हित में बेहतर कार्य करें। बैठक में उपस्थित मंडी सचिवों को निर्देश दिया गया कि वह अपने क्षेत्र के निर्वाचित विधायकों से नियमित संवाद बनाए रखें। मंडी परिषद की ओर से किए गए कार्यों में विधायकों की सहमति सुनिश्चित हो और उनके निर्देशन में ही कार्यों को अंजाम दिया जाए। मंडी परिषद व उद्यान विभाग के अधिकारियों को जनहित में अपनी सेवाओं, परिश्रम आचरण व व्यवहार के प्रति विधायकों के संतोष का प्रमाण हर हालात में सुनिश्चित किया जाए। बैठक में विधायक ददरौल अरविंद सिंह, ब्लॉक प्रमुख भावलखेड़ा आदि रहे।

### काकोरी एक्शन पर गोष्ठी आज

**शाहजहांपुर ।** भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) के बैनर तले काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी वर्ष के आरंभ पर नौ अगस्त को विचार गोष्ठी की जाएगी। आलोक सक्सेना ने बताया कि लोक निर्माण विभाग सभागार में गोष्ठी का आयोजन पूर्वांह 11 बजे किया जाएगा। गोष्ठी के मुख्य वक्ता क्रांतिकारी लेखक साहित्यकार सुधीर विद्यार्थी और अध्यक्षता जेल अधीक्षक मिजाजी लाल करेंगे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा करे सरकार



तहसीलदार पैगाम हैदर को ज्ञापन सौंपते बजरंग दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल परशुरामपुर कार्यकारिणी ने गुरुवार को तहसील परिसर में बांग्लादेश के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार पैगाम हैदर को सौंपा।

राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं की ओर से दिए ज्ञापन में कहा गया है कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। हिंदू मठ-मंदिरों पर हमले और चुन-चुन कर उनकी हत्याएं हो रही हैं। बांग्लादेश में हिंसक और उग्र आंदोलन के कारण संपूर्ण कानून व्यवस्था और सरकार ध्वस्त हो गई है। ज्ञापन में सरकार से हिंदुओं की रक्षा किए जाने की मांग की गई। इस दौरान प्रांत मंत्री अर्पित गुप्ता, जिला अध्यक्ष अहिप हरिओम कौशल, जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल सुमित गुप्ता, तहसील महामंत्री भूपेंद्र सिंह परमार, कमलेश यादव, अनमोल गुप्ता, धर्मेंद्र यादव, प्रताप पाल, आकाश यादव, कृष्णा नारायण गुप्ता, प्रशांत राजपूत, प्रखर अग्निहोत्री, देवेंद्र सिंह, रविंद्र पाल सागर सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

- बजरंग दल परशुरामपुर ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

### विश्व समुदाय जिम्मेदारी निभाएं

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद के ब्रज प्रांत मंत्री अनुज कुमार सिंह ने बांग्लादेश में हिंसा और अराजकता पर चिंता जताते हुए वहां के अल्पसंख्यक हिंदुओं, उनके घरों और मंदिरों को बचाने का आग्रह सरकार से किया है। उन्होंने कहा कि निर्वाचित प्रधानमंत्री के त्यागपत्र देने और देश छोड़ने के बाद बांग्लादेश में अराजक तत्व हावी हो गए हैं। कानून व्यवस्था पूरी तरह छिन्न-भिन्न हो चुकी है। जिहादी तत्वों ने हिंदू समाज का बड़े पैमाने पर उत्पीड़न शुरू कर दिया है। कई दिनों से हिंदू अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और घरों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। कट्टरपंथियों के निशाने से श्मशान तक नहीं बचे हैं। विहिप प्रांत मंत्री ने कहा कि विश्व समुदाय की यह जिम्मेदारी है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा व उनके मानवाधिकारों की रक्षा के लिए प्रभावी कार्रवाई करें, ताकि भारत और बांग्लादेश भविष्य में एक-दूसरे के सहयोगी बने रहें।

### जबरन निकास बंद करने का आरोप

**शाहजहांपुर ।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला दिलाजाक निवासी अरविंद कुमार ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उनका एक मकान मोहल्ले में बैंक आफ बड़ौदा रामनगर शाखा के सामने है। निकास को लेकर विपक्षी बबलू राठौर से कोर्ट में मुकदमा विचाराधीन है लेकिन आरोपी उसके मकान के निकास को बंद करने के लिए निर्माण सामग्री डालकर निर्माण कार्य करने पर अमादा है। आरोपी ने सोमवार की रात आठ बजे उसके मकान के सामने कचरा फेंक दिया। विरोध करने रॉड से गेट तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने धमकी दी कि मकान छोड़कर चले जाओ। एसपी ने सदर बाजार निरीक्षक को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।






शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई
गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# इतना था गुस्सा...आधा घंटे तक पति के सीने पर बैठकर मांस नोचती रही गायत्री

## पीटते हुए घर से बाहर लाई और पति के सिर पर ईंट से प्रहार कर निकाल दिया था भेजा

संवाददाता, रोजा/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** हथौड़ा गांव में घर के दरवाजे पर सरेआम पति की ईंट मार कर हत्या करने वाली गायत्री के सिर पर मानो खून सवार था। ऐसा लग रहा था जैसे रोजाना की प्रताड़ना से वह आजिज आ गई थी। उस पर तीन दिन से हो रहे झगड़े के बाद उसका गुस्सा इस कदर भड़का कि वह पति को पीटते हुए घर से बाहर लाई और दरवाजे पर जमीन पर गिराकर पति के सिर पर ईंट से प्रहार कर उसका भेजा ही बाहर निकाल दिया। वह पति के सीने पर पुलिस के सामने भी बैठी रही और सिर से भेजा निकाल-निकाल कर फेंकती रही। उसकी इस हरकत पर लोगों की रूह कांप रही थी। थाने से पुलिस फोर्स पहुंचा, तब उसे हिरासत में लिया गया।

हथौड़ा गांव निवासी सत्यपाल का घर सुभाष चौराहा (हथौड़ा चौराहा) से अटसलिया की ओर जाने वाले रोड के किनारे हैं। सत्यपाल गांव में बने परमवीर चक्र विजेता नायक जदुनाथ सिंह स्टेडियम में चौकीदारी करता था। उसके दो बच्चे हैं, जिनमें बेटी डॉली (22) और बेटा ज्ञानुष (18) है। दोनों बच्चे गांव में ही पांच सौ मीटर की दूरी पर बने दूसरे मकान में दादी शकुंतला के साथ रहते हैं। पति-पत्नी दोनों अलग मकान में रहते थे। आसपास के लोगों ने बताया कि सत्यपाल और गायत्री का तीन दिन से झगड़ा हो रहा था। गुरुवार दोपहर करीब दो बजे सत्यपाल ने गायत्री से खाना मांगा, जिस पर उसने कह दिया कि जब घर में कुछ नहीं है, तब फिर क्या बनाया जाए, इस पर दोनों के बीच विवाद और गहरा गया।

बताते हैं कि सत्यपाल नशे में था, इसलिए गायत्री का गुस्सा और बढ़ गया। वह पति पर हमलावर हो गई। उसे पीटते हुए घर से बाहर दरवाजे पर लाई और जमीन पर पटक दिया। वह संभल पाता, तब तक वह उसके सीने पर बैठ गई और पास में पड़ी ईंट उठाकर पति के सिर पर इतनी तेज प्रहार किया कि एक बार में ही सिर का भेजा बाहर आ गया।

इतना ही नहीं वह उसके सीने पर बैठी और उसके सिर से मांस के लोथड़े निकाल कर बाहर फेंकने लगी। सूचना पर सुभाष चौराहा चौकी प्रभारी चौकी प्रभारी चमन सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए।

गायत्री चौकी इंचार्ज के सामने भी पति के सिर से मांस के लोथड़े निकाल-निकालकर बाहर फेंकती रही। जब थाना प्रभारी राजीव तोमर पुलिस टीम के साथ पहुंचे तब उसे हिरासत में लिया गया और सत्यपाल के शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया।


घटनास्थल पर एकत्र बड़ी संख्या में लोग। ● अमृत विचार

### पेंशन से गुजारा कर रही सत्यपाल की मां

मृतक सत्यपाल के पिता हरिराम ओसीएफ में सर्विस करते थे। उनकी पांच वर्ष पहले बीमारी के चलते मृत्यु हो गई। जिसके बाद पेंशन मां शकुंतला को मिलने लगी। उसी से वह अपना गुजारा कर रही है और अपने पास सत्यपाल के दोनों बच्चों को रख रही है। मृतक सत्यपाल तीन भाइयों में सबसे बड़ा था, सबसे छोटे भाई नितीश की मृत्यु हो चुकी है। दूसरे नंबर का भाई अभिनाश है।

### डरा सहमा खड़ा रहा बेटा

घटनास्थल से बमुश्किल पांच सौ मीटर दूर बेटा ज्ञानुष दादी शकुंतला के घर पर रहता है। उसे करीब 25 मिनट बाद घटना के बारे में पता चला तो वह दौड़कर पहुंचा, लेकिन मां का रूप देखकर वह डरा सहमा खड़ा रहा। पुलिस के आने के बाद वह सामने आया।

### खड़े हो रहे थे सभी के रोंगटे, किसी की नहीं पड़ी हिम्मत

पति के सीने पर सवार गायत्री आधा घंटे तक तांडव मचाती रही। सड़क पर दूर तमाशबीन की तरह खड़ी भीड़ के यह सब देखकर रोंगटे खड़े हो रहे थे। किसी की हिम्मत नहीं पड़ रही थी कि वह उसे रोके। वह पति के सिर से मांस के लोथड़े ऐसे निकालकर फेंक रही थी, मानो नारियल से गूदा निकालकर फेंका जा रहा हो। तमाशबीन बनी खड़ी भीड़ में कुछ ऐसे लोग भी थे जो उसकी इस हरकत पर उसे मानसिक मंदित बता रहे थे।


खून से लथपथ पति के सीने पर बैठी गायत्री। ● अमृत विचार


पुलिस से जानकारी लेते एएसपी सिटी संजय कुमार। पास में बिलख रही मृतक के परिवार की महिला। ● अमृत विचार

### मां ने बहू के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

मृतक सत्यपाल की मां शकुंतला देवी ने पुलिस को तहरीर देकर पुत्रवधू गायत्री देवी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें कहा गया है कि मेरा पुत्र सत्यपाल दोपहर अपने घर पहुंचा और जैसे ही गेट खुलवाया। गायत्री ने गेट खोलते ही उस पर ईंट से हमला कर दिया। वह उसके सीने पर बैठकर सिर पर तब तक मारती रही जब तक वह मर नहीं गया। मारने के बाद भी उसका गुस्सा शांत नहीं हुआ और उसने सिर का भेजा निकाल दिया।

यह साइकोसिस बीमारी की वजह से हो सकता है क्योंकि इस तरह की बीमारी से ग्रसित व्यक्ति का वास्तविकता से संपर्क टूट जाता है। वह शक करने लग जाता है कि अमुक इंसान मेरा दुश्मन है। उसके कानों में तरह-तरह की आवाजें आने लगती हैं। अकेले में बड़बड़ाने लगता है, यदि कोई नार्मल रूप से परेशान है तो इस तरह की घटना नहीं करेगा।
**-डॉ. अभिनव रस्तोगी,** मनोचिकित्सक


मौके पर साक्ष्य इकट्ठा करने पहुंची फॉरेंसिक टीम।

## पुलिस को पूछताछ में पत्नी ने बताया प्रताड़ित करता था पति

**रोजा/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** थानाध्यक्ष रोजा राजीव तोमर ने बताया कि पूछताछ में महिला ने बताया कि उसका पति आए दिन उसे प्रताड़ित करता था।

घर में खाने के लिए राशन नहीं लाता था, उसे कमरे में बंद कर चला जाता था। मारपीट करता था। गुरुवार को पति आया और खाना मांगा। उस समय खाना तैयार नहीं था, इसी को लेकर विवाद हो गया। सत्यपाल शराब के नशे में था। मारपीट के दौरान वह गिर गया। इसके बाद महिला ने ईंट से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी।

हो सकता है पति के आए दिन शराब पीकर प्रताड़ित करने से महिला डिप्रेशन में हो जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। मां ने तहरीर दी है कि उसका बेटा गुरुवार को घर पहुंचा तो उसकी पत्नी ने अचानक हमला कर हत्या कर दी। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## सार-संक्षेप

### करंट से युवक की मौत

**शाहजहांपुर।** लोहे की चारपाई बिजली के तार में छू जाने से एक ग्रामीण को करंट लग गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। बदायूं जिले के हजरतपुर थाना के गांव सिमरिया निवासी प्रमोद कुमार (32) बुधवार की शाम छह बजे शाहजहांपुर के गढ़िया रंगीन थाना के गांव शिवराजपुर में लोहे की चारपाई ठीक कराने आया था। साथ में उसका भाई ब्रजेश भी था। चारपाई निकालते समय लोहे का पाइप बिजली के तार में छू गया। प्रमोद करंट लगने से झुलस गया। परिवार वाले उसे बदायूं के एक अस्पताल ले गए। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। गुरुवार की सुबह दस बजे उसका शव लेकर परिवार वाले गढ़िया रंगीन थाने पर आए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** चौक कोतवाली के मोहल्ला कांशीराम कॉलोनी निवासी सुमित कश्यप ने बताया कि शाम साढ़े सात बजे उसकी मां गीता साउथ सिटी से काम करके घर लौट रही थी। बरेली मोड़ पर पुल के नीचे रोडवेज की बस ने उसकी मां को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मां घायल हो गई। वह अपनी मां को लेकर मेडिकल कॉलेज गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### शादी में आया युवक लापता, तहरीर दी

**शाहजहांपुर।** बरेली के थाना बारादरी के मोहल्ला पशुपति बिहार निवासी तौफीक प्रधान ने मदनापुर पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसका 16 वर्षीया पुत्र आफताब अंसारी सात अगस्त को थाना मदनापुर के गांव इस्लामनगर शादी में शामिल होने आया था। शाम करीब 5:30 बजे कार से दो लोगों के साथ बरेली के लिए चला था। शाम छह बजे आफताब का मोबाइल बंद हो गया। तब से बेटे के बारे में कुछ पता नहीं चल रहा है। तौफीक ने बताया कि वह राजनीतिक व्यक्ति है और इसी वजह से कई लोग उससे व परिवार से रंजिश मानते हैं। उसे कई बार जान से मारने की धमकी भी मिल चुकी है।

### वारंटी गिरफ्तार, चालान किया

**कांट।** प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार ने बताया कि राम बहोरे निवासी जमुनिया दौलतपुर थाना कांट के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी था। गुरुवार को पुलिस ने उसे गांव से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसका चालान कर दिया।

## लघुशंका करने गए चौकीदार की तालाब में डूबकर मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- गढ़िया रंगीन में चौकीदारी करता था नन्हे लाल
- घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने की तलाश तो उतराता मिला शव

**अमृत विचार :** तालाब पर लघुशंका करने गए थाने के चौकीदार की डूबकर मौत हो गई। उसका शव दूसरे दिन तालाब में उतराता मिला। पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकलवाया।

गढ़िया रंगीन थाना क्षेत्र के गांव खमरिया निवासी नन्हे लाल (60) थाने का चौकीदार था। बुधवार की रात आठ बजे चौकीदार खाना खाकर सो गया। उसके घर से कुछ दूरी पर तालाब है। बताते है कि रात में वह लघुशंका करने के लिए उठा और तालाब के किनारे गया। आशंका व्यक्त की जा रही है कि चौकीदार पैर फिसल जाने से तालाब में डूब गया।

परिवार वालों ने सुबह सात बजे देखा कि वह घर नहीं पहुंचा है तो उसकी तलाश की गई। सुबह दस बजे उसका शव तालाब में उतराता हुआ मिला। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### शौकत अली के रूप में हुई वृद्ध की शिनाख्त

**रौसर कोठी।** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मिश्रीपुर पर बुधवार को मिले वृद्ध के शव की शिनाख्त शौकत अली निवासी मोहल्ला रामनगर थाना सदर बाजार के रूप में हो गई है। उनकी मौत हार्ट अटैक से होने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिवार वालों की सुपुर्दगी में दे दिया। थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर निवासी शौकत अली करीब एक सप्ताह पूर्व थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला रामबाग में बेटी शबाना के घर आए थे। बुधवार को दवा लेने के लिए हरदोई बाईपास चौराहे पर जा रहे थे। तभी रास्ते में अचानक मिश्रीपुर चौराहे पर गिर पड़े। सूचना पर पहुंची पीआरवी ने उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। एसआई विमल कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार को मृतक के पुत्र नसीम ने उनकी शिनाख्त की।

## पुलिस की मौजूदगी में किया गया अंतिम संस्कार


रोते बिलखते परिजनों को ढांढस बंधाती महिलाएं। ● अमृत विचार


मृतक के परिजनों को सांत्वना देते विधायक चेतराम। ● अमृत विचार

संवाददाता, खुटार

- बुधवार को बस की टक्कर से हो गई थी कांवड़िया की मौत
- विधायक ने परिजनों को हर संभव मदद करने का दिया आश्वासन

**अमृत विचार :** पोस्टमार्टम के बाद देर रात कांवड़िया सर्वेश कुमार का शव गांव चमराबोझी स्थित घर पहुंचा, तो परिवार में कोहराम मच गया। उधर, शव सड़क पर रखकर जाम लगाने की आशंका के चलते तड़के चार बजे गांव में पुलिस फोर्स पहुंच गया। विधायक ने गांव पहुंचकर परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। बाद में पुलिस की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार किया गया।

परिजन शव को गांव लेकर देर रात पहुंचे थे। गुरुवार सुबह परिजनों व ग्रामीणों ने सरकारी सहायता राशि प्राप्त करने के लिए शव को रोड पर रखकर प्रदर्शन करने के लिए रणनीति बनाई थी। जिसकी भनक पुलिस को लग गई। पुलिस ने सुबह करीब चार बजे से ही गांव और खुटार-पुवायां रोड पर डेरा जमा दिया। जिस कारण रोड जाम नहीं कर सके। उसके बाद उन्होंने सहायता राशि की मांग को लेकर विधायक चेतराम से फोन पर वार्ता की। जिस पर विधायक ने गांव पहुंचकर मृतक के परिजनों को सांत्वना दी। साथ ही शासन स्तर से हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिया। उन्होंने एसडीएम पुवायां को फोन पर ही कृषक दुर्घटना बीमा में मिलने वाले पांच लाख रुपये की राशि बहुत जल्द देने को कहा और नायब तहसीलदार अमित कुमार को मौके पर भेजा। उधर, थानाध्यक्ष संजय कुमार ने पुलिस फोर्स गांव की गलियों पर चप्पे-चप्पे पर तैनात कर दी। इधर, विधायक चेतराम, नायब तहसीलदार की मौजूदगी में परिजनों ने सर्वेश का शव श्मशान घाट ले जाकर अंत्येष्टि कर दी। मृतक की पत्नी अनीता, मां विद्यावती, पिता बालक राम, पुत्री अंजली, काव्या, नंदनी कई बार रोते-रोते बेहोश होकर गिरते रहे। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि मृतक सर्वेश वर्मा की पत्नी अनीता वर्मा की तहरीर के आधार पर रोडवेज बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

बुधवार सुबह खुटार गोला रोड पर कठिना नदी के टेढ़वा पुल के पास रोडवेज बस से कुचलकर एक कांवड़िया की मौत हो गई थी। गुस्साए साथी कांवड़ियों और गांव चमराबोझी के लोगों ने गोला रोड स्टेट हाईवे पर जाम लगाकर धरना प्रदर्शन किया था।

**मुलाकात** | सांसद अरुण सागर ने जनता की मांग पर रेल मंत्री को सौंपा पत्र

## शाहजहांपुर से इंटर सिटी, आला हजरत की जगी उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** काफी समय से बरेली इंटर सिटी और आला हजरत ट्रेन को शाहजहांपुर तक चलाने की मांग उठ रही है। बीते दिनों सांसद अरुण सागर से क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोगों ने ट्रेनों को शाहजहांपुर से संचालित किए जाने की मांग की थी। तर्क दिया था कि इससे जिले के लोगों को आवागमन में आसानी होगी और रेलवे की भी आय बढ़ेगी। अब सांसद ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मिलकर दोनों ट्रेनें शाहजहांपुर तक चलाने की मांग की। इससे ट्रेनों का संचालन यहां से होने की उम्मीद बढ़ी है।

भाजपा सांसद अरुण सागर ने पत्र के माध्यम से रेल मंत्री को बताया कि क्षेत्र में भ्रमण के दौरान जनता ने समस्याओं को बताया। जनता चाहती है कि बरेली इंटर सिटी और एक्सप्रेस जो बरेली से नई दिल्ली और आला हजरत एक्सप्रेस जो बरेली से भुज के बीच चलती है। इन दोनों गाड़ियों को बरेली से शाहजहांपुर तक बढ़ाया जाए। सांसद ने कहा कि दोनों गाड़ियों को शाहजहांपुर तक बढ़ाए जाने से रेलवे को कोई कठिनाई भी नहीं होगी। क्योंकि शाहजहांपुर से कुछ ही दूरी पर रोजा लोको शेड में रेलगाड़ियों के साफ-सफाई रखरखाव की पूरी सुविधा उपलब्ध है। दोनों रेलगाड़ियों को शाहजहांपुर तक बढ़ाए जाने से रेलवे को आर्थिक लाभ होगा और क्षेत्रीय जनता को सुविधा भी होगी। सांसद ने रेल मंत्री से अनुरोध किया कि बरेली इंटर सिटी और आला हजरत एक्सप्रेस ट्रेनों को बरेली से शाहजहांपुर तक बढ़ाए जाने के निर्देश दें। इस कार्रवाई से उन्हें भी अवगत कराया जाए।


रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को पत्र देते सांसद अरुण सागर।

- मंजूरी मिली तो जिले के लाखों लोगों को आवागमन में होगी सहूलियत

### व्यापारियों ने की दिल्ली पैसेंजर चलाने की मांग



**शाहजहांपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने रेल मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन गुरुवार को एसएस को सौंपा। उन्होंने बताया कि एक जुलाई से लागू की गई व्यवस्था के तहत स्टेशन पर वेटिंग टिकट की बुकिंग हो रही है। वेटिंग टिकट वालों को टीटीई स्लीपर कोच में चढ़ने नहीं देते है और जुर्माना वसूलते है। इस व्यवस्था को बंद किया जाए। ज्ञापन में आगे कहा गया है कि पूर्व टिकट निरस्तीकरण का शुल्क 60 रुपये थे और 120 रुपये कर दिया गया है। जनता व व्यापारियों पर इसका भार पड़ रहा है इसलिए वापसी टिकट का शुल्क 60 रुपये किया जाए। सभी ट्रेनों में जनरल कोच की संख्या बढ़ाई जाए। तीन कोच आगे और तीन कोच पीछे लगाए जाए। जनरल कोच कम कर देने से यात्रियों को दिक्कत हो रही है। शाहजहांपुर से दिल्ली पैसेंजर कई साल पहले चलती थी। यह ट्रेन दिल्ली से बरेली तक आ रही है। इस ट्रेन का संचालन शाहजहांपुर से किया जाए, जिससे यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। बरेली से मुंबई के लिए चलने वाली ट्रेन का संचालन शाहजहांपुर से किया जाए। प्लेटफार्म पर कोच की पोजीशन के लिए डिस्प्ले लगाए जाए। रन थ्रू ट्रेनों का स्टॉपेज किया जाए, प्लेटफार्म चार व पांच पर टीन शेड डाला जाए। ज्ञापन देने वालों में मोहम्मद सलाउद्दीन, प्रदीप गुप्ता, अनूप गुप्ता, सुमित पूरी, श्याम मोहन, मोइनीस खां, नरेंद्र शुक्ला, तारिक, राशिद आदि मौजूद थे।

## मारपीट में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बंडा, अमृत विचार :** घर में घुसकर युवती के साथ मारपीट करने के मामले में पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

क्षेत्र के गांव शिवपुरी खंजी निवासी नंदकिशोर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पांच अगस्त को शाम करीब साढ़े सात बजे उसके मोहल्ले के रामचंद्र, रामगोपाल, धर्मेंद्र और अंगूर देवी गांव के ही श्रीपाल को पीट रहे थे तभी श्रीपाल भागकर उसके घर में छिप गया, जहां उसकी पत्नी और बच्चे मौजूद थे। आरोपी अपने हाथ में लाठी, डंडा और बांका लेकर उसके घर में घुस आए और श्रीपाल को मारने लगे। जब उसकी बेटी नेहा देवी ने उसे बचाना चाहा तो हमलावरों ने उसकी बेटी को भी मारा और कांते से उसकी पुत्री के सिर पर वार कर दिया जिससे उसकी बेटी की हालत गंभीर हो गई। इस दौरान उक्त आरोपियों ने उसके घर में घुसकर तोड़फोड़ भी की। उसने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## हादसे में युवक की मौत बहन और साथी घायल

संवाददाता, मिर्जापुर

- अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बोर्ड से टकराई बाइक

**अमृत विचार:** तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बोर्ड से टकरा गई। हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी और फुफेरी बहन घायल हो गई। दोनों को गंभीर हालत में जरियनपुर सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।


मृतक भूरे कुशवाहा।

क्षेत्र के गांव पृथ्वीपुर निवासी पातीराम का बेटा भूरे सिंह कुशवाहा गुरुवार को अपनी फुफेरी बहन कुमकुम (14) को उसके गांव थाना अमृतपुर के परमापुर से लेने गया था। दोपहर वह बहन और साथी अर्जुन के साथ बाइक से घर वापस लौट रहा था। रास्ते में सरैया मोड़ के पास उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे बोर्ड में जाकर टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि भूरे की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कुमकुम व अर्जुन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी जरियनपुर में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। भूरे सिंह अपने माता पिता की इकलौती संतान था। पिता पातीराम का रो-रोकर बुरा हाल है। मां मुन्नी देवी पहले से ही मानसिक तौर पर अस्वस्थ है। बेटे की मौत ने पूरे परिवार को हिलाकर रख दिया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### बाइक से टकराकर कांवड़िया घायल

**शाहजहांपुर।** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी गाड़ीपुरा निवासी ब्रजेश वर्मा ने बताया कि बुधवार को दिन में एक बजे उसका छोटा भाई रिषभ फर्रुखाबाद से गंगाजल लेकर गोला पैदल जा रहा था। कांट रोड पर जमुनिया गांव के सामने बाइक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। उसके भाई का इलाज अस्पताल में चल रहा है। कांट पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## पत्नी को जहर का इंजेक्शन देकर मरवाने की धमकी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला बिजलीपुरा निवासी वसीमा बेगम ने बताया कि उसने पुत्री शाहिबा अख्तर का निकाह सात साल पूर्व लईक अहमद निवासी सरैया थाना मोहम्मदी जिला खीरी के साथ किया था। दामाद कोई काम नहीं करता और उनके दो बच्चे है। पुत्री मोहम्मदी में प्राइवेट अस्पताल में स्टाफ नर्स है। उसे मिलने वाला वेतन उसका पति लेकर खर्च कर देता है और उसे आए दिन मारता पीटता है। ससुराल वालों ने उसकी पुत्री को घर से निकाल दिया था। वह मायके में रह रही है। 18 जुलाई की शाम साढ़े पर पांच बजे वसीमा बेगम घर पर नहीं थी। लईक उसके घर पर आया। उसे मारा पीटा उसका गला दबा दिया। शोर शराबा होने पर आरोपी भाग गया। शाहिबा बरेली के एक अस्पताल में भर्ती है। इलाज में पांच लाख रुपये खर्च हो चुके है। लईक अहमद धमकी देता है कि अस्पताल के स्टाफ से मिलकर उसे जहर का इंजेक्शन लगवा कर मरवा देंगे। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि लईक अहमद समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
• सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
• दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
• सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
• दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
• गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
• बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
• अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
GNM में एडमिशन पिछले सालों की तरह बिना प्रवेश परीक्षा के होंगे।
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859491000

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT,VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।
BRACHYTHERAPY
24 Channel
PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन
FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# प्रधान पद पर नेत्रपाल, धनवती रेशमा और मुनेंद्र ने दर्ज की जीत

## बीडीसी पद पर प्यारेलाल ने प्रतिद्वंदी दीपक को 90 वोटों से हराया

पंचायत उपचुनाव

• तालिबनगर, अल्लीपुर चाचीपुर, रिजोली व भिंदुलिया प्लासी को मिले नए प्रधान

• भिंदुलिया प्लासी की रेशमा ने सबसे अधिक 836 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव में प्रधान पद के चारों परिणाम दोपहर दो बजे तक घोषित हो गए। जिसमें रिजोली से नेत्रपाल, तालिबनगर से धनवती. अल्लीपुर चाचीपुर से मुनेंद्र कुमार सिंह और भिंदुलिया प्लासी से रेशमा की जीत हुई। क्षेत्र पंचायत समिति (बीडीसी) सदस्य पद के लिए बैरमई बुजुर्ग से प्यारे लाल की जीत हुई।

अंबियापुर के ब्लॉक क्षेत्र में बीडीसी के वार्ड 22 बैरमई बुजुर्ग पद के लिए दीपक और प्यारेलाल के बीच मुकाबला था। मंगलवार को वोटिंग के बाद गुरुवार को मतगणना हुई, जिसमें प्यारे लाल को 404 और दीपक को 314 वोट मिले। प्यारेलाल ने 90 वोट अधिक प्राप्त कर जीत दर्ज की। इधर, ब्लॉक जगत की ग्राम पंचायत रिजोली में प्रधान पद के चुनाव में नेत्रपाल ने जीत दर्ज की। उन्हें 310 वोट मिले। वजीरगंज की ग्राम पंचायत तालिब नगर में प्रधान पद पर धनवती ने जीत दर्ज की। धनवती ने 231 वोट प्राप्त कर जीत दर्ज की। इधर, सालारपुर की ग्राम पंचायत भिंदुलिया प्लासी में रेशमा ने सबसे अधिक 836 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की।



प्रधान पद पर विजयी मुनेंद्र प्रताप को प्रमाण पत्र देते निर्वाचन अधिकारी।

### 43 वोटों से जीते मुनेंद्र सिंह

इस्लामनगर : इस्लामनगर ब्लॉक की ग्राम पंचायत अल्लीपुर चाचीपुर में प्रधान की मृत्यु के बाद उपचुनाव हुआ था। मंगलवार को वोटिंग हुई थी। ग्राम पंचायत में 1151 वोटों में से 632 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। गुरुवार को ब्लॉक मुख्यालय पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना हुई। साढ़े 11 बजे मतगणना का काम पूरा हो गया। प्रधान के चुनाव में ठाकुर मुनेंद्र पाल सिंह ने 43 वोटों से जीत दर्ज की। उन्हें 287 मत मिले। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी प्रत्याशी कमलेश को हराकर चुनाव में जीत दर्ज की। जीत दर्ज करने के बाद आरओ व एआरओ ने विजयी प्रत्याशी को जीत का प्रमाण पत्र सौंपा।

### निर्विरोध चुने गए प्रत्याशियों को मिला जीत का प्रमाण पत्र

चार प्रधान, छह क्षेत्र पंचायत के साथ 74 ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए उप चुनाव होने की अधिसूचना जारी हुई थी। नामांकन प्रक्रिया के दौरान 74 ग्राम पंचायत सदस्य और पांच क्षेत्र पंचायत सदस्य निर्विरोध चुने गए। निर्विरोध चुने गए सभी प्रत्याशियों को आरओ एआरओ ने बुलाकर जीत का प्रमाण पत्र सौंपा।

# गंगा अब खतरे के निशान से नीचे, रामगंगा भी शांत

• नरौरा से छोड़ा गया 57 हजार क्यूसेक पानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गुरुवार को नरौरा बैराज से 57 हजार 541 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। लगातार चौथे दिन पानी कम आने से गंगा का जलस्तर कम हो रहा है। कछला में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 9 सेंमी कम हो गया है। रामगंगा में भी पानी लगातार कम हो रहा है, जिससे अब स्थिति सामान्य है।

बाढ़ का खतरा टलने से तटवर्ती इलाकों में ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। गुरुवार को कछला में गंगा के जलस्तर का बहाव धीमा पड़ गया। उसहैत इलाके में गंगा अपने स्थान पर बह रही असमिया रफतपुर के पास बह रही गंगा की धार पतली होने से बाढ़ का खतरा टल गया है। हजरतपुर और दातागंज इलाके में पानी तेजी से कम हो रहा है।

# मंदिर और जामा मस्जिद मामले में सुनवाई 13 को

**बदायूं, अमृत विचार :** नीलकंठ महादेव-जामा मस्जिद मामले में अगली सुनवाई 13 अगस्त को होगी। मस्जिद पक्ष की इंतजामिया कमेटी की गुरुवार को कुछ बिंदुओं पर बहस बाकी रह गई थी। जिसको अधिवक्ता अनवर आलम ने पूरा किया। अब प्रतिवादी संख्या दो वक्फ बोर्ड के अधिवक्ता अपनी बहस शुरू करेंगे। साथ ही न्यायालय ने अगली तिथि तय कर दी।

अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश पटेल की ओर से सिविल जज सीनियर डिविजन की अदालत में याचिका दायर की गई थी। इसमें जामा मस्जिद शम्सी की जगह नीलकंठ महादेव मंदिर होने का दावा किया है। सिविल जज सीनियर डिविजन एफटीसी न्यायालय के न्यायाधीश मनीष कुमार की अदालत में मुकदमा चल रहा है। सरकार की तरफ से पैरवी कर रहे अधिवक्ता संजीव वैश्य ने अपनी बहस पूरी कर दी थी। मस्जिद पक्ष की तरफ से एक पक्ष इंतजामिया कमेटी ने बहस शुरू की थी जो अब समाप्त हो गयी है। वक्फ बोर्ड के अधिवक्ता अब अपनी बहस शुरू करेंगे। पिछली तिथि पर भी इंतजामिया कमेटी मस्जिद पक्ष के अधिवक्ता ने बहस की थी। मस्जिद पक्ष की बहस के बाद वादी पक्ष फिर बहस करेगा। सरकार के अधिवक्ता ने न्यायालय में इसके प्राचीन स्मारक होने के बिंदु पर बहस की थी, जो पूरी हो चुकी है। अब इस बात पर सुनवाई होनी है कि वाद चले या नहीं। इसी मामले में 13 अगस्त अगली तिथि है।

# नवागत सीओ संजीव कुमार ने संभाला चार्ज

बिल्सी, अमृत विचार : शामली जिला से स्थानांतरण होकर आए पुलिस क्षेत्राधिकारी संजीव कुमार ने बृहस्पतिवार को यहां कार्यालय पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वह मूलत: दिल्ली के रहने वाले हैं। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का समय पर निराकरण करना ही उनकी प्राथमिकता है। क्षेत्र में अपराधों को कंट्रोल करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अभियान चलाकर अपराधियों को पकड़कर शीघ्र जेल भेजा जाएगा। ताकि क्षेत्र में कोई भी आपराधिक घटनाएं न होने पाएं।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
• प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

# खेड़ा जलालपुर में बच्ची की मौत, परिजनों ने बताया डेंगू

## सीएमओ ने जानकारी से किया इनकार, मलेरिया विभाग को दिए गांव में फॉगिंग कराने के निर्देश, आज शिविर भी लगेगा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते मलेरिया के बाद अब डेंगू ने पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। उसहैत क्षेत्र के खेड़ा जलालपुर में डेंगू आशंकित एक तेरह वर्षीय बच्ची की गुरुवार को मौत हो गयी। गांव में भीषण गंदगी है। जिससे मच्छर फैल चुके हैं जो अब जानलेवा साबित हो रहे हैं। इस गांव में न तो सफाई अभियान चलाया गया और न ही मच्छर नाशक दवा का छिड़काव किया गया।

ब्लॉक उसावां के ग्राम खेड़ा जलालपुर में रामसेवक की 13 साल की बच्ची लक्ष्मी को कई दिन से बुखार आ रहा था। रामसेवक ने कस्बे के स्वास्थ्य केंद्र पर उसे बुखार की दवा दिलाई। दवा ने असर नहीं किया तो लक्ष्मी को एक प्राइवेट चिकित्सक को दिखाया। वहां पर भी लक्ष्मी को कोई लाभ नहीं मिला। तो शहर में एक दूसरे चिकित्सक से लक्ष्मी का इलाज कराया, फिर भी बच्ची को कोई लाभ नहीं हुआ। परिजनों ने कस्बे में ही एक पैथोलॉजी लैब पर उसका ब्लड टेस्ट कराया जिसमें डेंगू होने की पुष्टि हुइ। लक्ष्मी के डेंगू आशंकित होने की जानकारी परिजनों को हुई तो और बदायूं शहर के निजी डॉक्टर को दिखाया। गुरुवार को लक्ष्मी की मौत हो गयी। ग्रामीणों ने बताया कि खेड़ा जलालपुर में भारी गंदगी है। यहां पर कोई सफाई कर्मचारी भी नहीं है। कई महीने से सफाई नहीं की गयी है। गांव की नालियां गंदगी से भरी पड़ी हैं जिससे मच्छर पैदा हो रहे हैं। अभी तक गांव में मच्छर नाशक दवा का छिड़काव भी नहीं किया गया है। गांव में तमाम छोटे बच्चों को बुखार आ रहा है। दो लोगों को मलेरिया भी हो चुका है। अभी तक स्वास्थ्य शिविर नहीं लगाया गया है। दर्जनों लोग बुखार की चपेट में हैं। जोकि झोलाछापों से इलाज कराने पर मजबूर हैं।

> खेड़ा जलालपुर में मच्छर नाशक दवा का छिड़काव कराने को जिला मलेरिया अधिकारी को निर्देशित किया है। शुक्रवार को गांव में दवा का छिड़काव कराया जाएगा। बुखार पीड़ितों को दवा दी जाएगी। साथ ही ग्रामीणों का ब्लड सैंपल लेकर टेस्ट कराएंगे। डेंगू से बच्ची की मौत की जानकारी नहीं है। इस मामले में बात करेंगे और उस गांव में स्वास्थ्य कैम्प लगाया जाएगा।
> **-डॉ. रामेश्वर मिश्रा**, सीएमओ

# अंधरऊ गांव में सीएमओ ने किया निरीक्षण, सफाई कराने के निर्देश

**बदायूं, अमृत विचार :** गुरुवार को जिला मलेरिया अधिकारी एवं मलेरिया निरीक्षक ने ब्लॉक दातागंज पर डेंगू एवं मलेरिया वार्ड, प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। साथ ही ग्राम अंधराऊ में भ्रमण कर लार्वा सोर्स रिडक्शन किया गया। खंड विकास कार्यालय पर सहायक खंड विकास अधिकारी की उपस्थिति में समस्त सफाई कर्मियों का मच्छर जनित रोगों से बचने की जानकारी दी गई। सभी सफाई कर्मियों को एंटी लार्वा दवा एवं बीटीआई का वितरण किया गया। साप्ताहिक अंतराल पर छिड़काव करने को कहा गया। ग्राम अंधरऊ में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामेश्वर मिश्रा, जिला मलेरिया अधिकारी डा. योगेश सारस्वत ने कहा कि गांव में गंदगी नहीं होनी चाहिए। यदि गांव में सफाई कर्मचारी है तो उससे सफाई कराएं यदि नहीं है तो गांव के लोग खुद सफाई करें जिससे गंदगी न रहे। गंदगी से ही मच्छर फैलते हैं। मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारी फैलती हैं। इसलिए सफाई कराएं। गांव में मच्छर नाशक दवा का छिड़काव किया गया। बुखार पीड़ितों को दवा दी गयी।


अंधरऊ में ग्रामीणों को सफाई के लिए प्रेरित करते सीएमओ डा. रामेश्वर मिश्र।

## एक नजर

### दिव्यांगजन पेंशन धारकों को राशन कार्ड फैमिली आईडी अनिवार्य

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया कि पेंशन पाने वाले दिव्यांगजनों को फैमिली आईडी, राशन कार्ड आदि अनिवार्य कर दिया है। जिसका ब्यौरा पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा। उन्होंने दिव्यांग पेंशनर्स से राशन कार्ड और आईडी विभाग में जमा करने को कहा है। बताया कि जिन दिव्यांगजन पेंशन धारकों को राशन कार्ड अथवा फैमिली आईडी नहीं बना है, भविष्य में उनकी पेंशन रोकी भी जा सकती है। इसके अलावा दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया कि दिव्यांग पेंशनर्स को पेंशन का लाभ अकाउंट बेस्ट पेमेंट प्रणाली से किया जाएगा। माह अप्रैल, मई एवं जून की पेंशन इनके खातों में अकाउंट-बेस्ड पेमेंट प्रणाली के माध्यम से प्रेषित की गयी हैं।

### स्टेडियम में कबड्डी प्रतियोगिता आज

**बदायूं, अमृत विचार :** क्रीड़ाधिकारी अमित रिछारिया ने बताया कि खेल निदेशालय के निर्देशों के अनुपालन में जिला खेल कार्यालय द्वारा 9 अगस्त को काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी के उपलक्ष्य में ओपन पुरुष कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन प्रात: 8 बजे से स्टेडियम परिसर में आयोजित किया जायेगा। विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे। खेल निदेशालय के निर्देशों के अनुपालन में जिला खेल कार्यालय द्वारा 15 अगस्त को स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य में दो वर्ग-ओपन पुरुष महिला 5 व 3 किमी क्रास कन्ट्री दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### दो कर्मचारियों के सहारे बैंक शाखा, लोग परेशान

**मुजरिया, अमृत विचार :** बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक का एक माह पूर्व रायबरेली तबादला हो गया। तब से किसी नए प्रबंधक की तैनाती नहीं हो सकी है, जिसके चलते कामकाज प्रभावित हो रहा है। वहीं बैंक का एटीएम भी बंद पड़ा है। वर्तमान में शाखा में मात्र दो कर्मी कार्यरत हैं जिसमें एक फील्ड ऑफिसर और एक कैशियर है। इन दो कर्मचारियों के जिम्मे बैंक के सभी काम हैं। खाताधारकों को परेशानी हो रही है। केसीसी सम्बंधी कार्य नहीं हो पा रहे हैं। खाताधारकों ने शाखा प्रबंधक की नियुक्ति की मांग की।

# पेड़ से टकराई कार, मां-बेटा व गर्भवती बहू की मौत, दो घायल

संवाददाता, उघैती

**अमृत विचार :** प्रसव पीड़ा होने पर गर्भवती महिला को अलीगढ़ ले जा रहे परिवार की कार जिला संभल में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। मां, बेटा और गर्भवती बहू की मौत हो गई।

थाना उघैती क्षेत्र के गांव छिबऊ कला निवासी डॉ. एहसान की पत्नी जोली को गुरुवार को प्रसव पीड़ा हुई थी। डॉ. एहसान ने अपने छोटे भाई जीशान से कहा कि पत्नी को अलीगढ़ के अस्पताल ले जाना पड़ेगा जहां उसका ऑपरेशन होगा। डॉ. एहसान, पत्नी जोली, मां मुख्तरी, बेटी मायरा गुरुवार सुबह अलीगढ़ के लिए कार से निकले। जीशान कार चला रहा था। संभल के थाना धनारी क्षेत्र के गांव पाठकपुर क्षेत्र में उनकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर दो पेड़ों के बीच में फंस गई। आसपास लोग मौके पर पहुंचे और कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। जीशान की मौके पर ही मौत गई। घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां जोली ने भी दम तोड़ दिया। कुछ समय बाद मां मुख्तरी की भी मौत हो गई। संभल पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।


जिला संभल में पेड़ से टकराई कार।

# स्कूल को निकले भाई-बहन लापता

संवाददाता, इस्लामनगर

- **कई माह से बच्चे के पिता को फोन पर अनजान नंबर से मिल रही थी धमकी**
- **पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी फुटेज, परिजनों के नंबर सर्विलांस पर लगाए**

**अमृत विचार :** कस्बा में गुरुवार की सुबह दो सगे बहन-भाई स्कूल गए थे, लेकिन दोपहर में छुट्टी होने के बाद घर नहीं लौटे। जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो वह सकते में आ गए। परिजनों ने कई जगह बच्चों की तलाश की लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों ने पुलिस को सूचित किया है। कहा है कि कुछ दिनों से उनके पास अनजान कॉल आ रही थी। जो धमका रहा था। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

कस्बा के मछली बाजार के रहने वाले दिलशाद की 13 वर्षीय बेटी इरम आर्य कन्या इंटर कॉलेज में कक्षा 9 में पढ़ती है और 10 वर्षीय बेटा अनस जामिया पब्लिक स्कूल में कक्षा एक में पढ़ता है। गुरुवार सुबह स्कूल जाने के बाद दोपहर को छुट्टी के बाद बच्चे घर नहीं पहुंचे तो परिजन सकते में आ गए। परिजनों ने दोनों भाई-बहन को काफी तलाश किया लेकिन दोनों का कहीं कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद बच्चों के पिता ने थाने पहुंचकर पुलिस को घटना के संबंध में तहरीर दी है। परिजनों ने बताया कि भाई-बहन गुरुवार को साथ में स्कूलों में जा रहे थे। रास्ते में अनस ने बहन से कहा कि घर से बाक्स ले आऊं और वह वापस लौट गया। जिसके बाद न तो अनस घर और न ही स्कूल पहुंचा। इरम स्कूल के लिए गई थी लेकिन वह भी स्कूल नहीं पहुंची। बच्चों के पिता दिलशाद ने बताया कि तीन महीनों से उनके पास अनजान कॉल आ रही थी। कॉलर उन्हें गाली और धमकी देता था। फोन करने के अंत में बोलता था कि दिलशाद बोल रहा है न एक-दो दिन में पता चल जाएगा। लगातार फोन आने की वजह से उन्होंने नंबर ब्लैक लिस्ट में डाल दिया था। तहरीर के बाद पुलिस बच्चों के स्कूल जाने के रास्ते पर गई और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की।


लापता इरम।


लापता अनस।

> लापता बच्चों के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट लिखी गई है। जांच की जा रही है। परिजनों के मोबाइल नंबरों को सर्विलांस पर लगाया गया है। जल्द ही बच्चों को बरामद किया जाएगा।
> **- हरेंद्र सिंह**, प्रभारी निरीक्षक

## सार-संक्षेप

### स्पेलेथन प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**बदायूं, अमृत विचार :** शहर के मदर एथीना स्कूल में स्पेलेथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता में बच्चों ने निर्धारित समय में बोले गए अंग्रेजी शब्दों के वर्णों को सही किया। साथ ही शब्दों की वर्तनी ठीक की। प्रतियोगिता में विराट पाठक, अशाया, गीत तोमर, पुनीत कौशल, अराध्या शर्मा, आदित्य कुमार सिंह, योग्य राठौर, अभिनव यादव, लक्ष्य बघेल अपनी अपनी कक्षा में प्रथम रहे।

### डीएम से ऑडिटोरियम आवंटित करने की मांग




**बदायूं, अमृत विचार :** सांस्कृतिक, साहित्यिक और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए बने ऑडिटोरियम को आम जनमानस के लिए नहीं खोला गया है। जिसकी मांग शहर के लोगों ने की है। गुरुवार को समाजसेवियों ने डीएम को शिकायती पत्र सौंपकर सामाजिक संस्थाओं के कार्यक्रम को अनुमति दिए जाने की मांग की। इस मौके पर नितिन गुप्ता, दानिश बदायूंनी, शाहनवाज हुसैन, नदीम चौधरी, सुहैल सैफी, फ़ज़ल खां एडवोकेट मौजूद रहे।

### चोरी की बाइकों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली दातागंज पुलिस ने चोरी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की दो बाइकें बरामद हुईं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेज दिया। दातागंज पुलिस गुरुवार को क्षेत्र में गश्त कर रही थी। दुधारी मोड़ पर संदिग्ध दो युवकों को पकड़ा। उनसे बाइकों के पेपर मांगे लेकर वह नहीं दिखा सके। एक ने अपना नाम दातागंज क्षेत्र के गांव पुरैनी निवासी आलम उर्फ आलिम पुत्र दन्ने और दूसरे ने बरेली के थाना सुभाषनगर क्षेत्र के गांव करेली निवासी गुलफाम पुत्र नत्थू बताया। यह बाइकें उन्होंने कस्बा दातागंज से चोरी की थीं। दोनों के खिलाफ चोरी के आरोपी में रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने जेल भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रणव कुमार, हेड कांस्टेबिल हरीश कुमार, महेंद्र भार्गव, रोहित पोसवाल रहे।

### बरातेगदार में किसानों के नलकूपों में चोरी

**कुंवर गांव, अमृत विचार :** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के गांव बरातेगदार में किसान अभिषेक पटेल, अशोक कुमार, नीरज पटेल, प्रमोद कुमार, प्रेमपाल, रिंकू, सुधीर, अंबा सहाय, सोमेंद्र, पोशाकी लाल, छोटे लाल, रूम सिंह, गोकल ,अंगन आदि दर्जन भर से अधिक किसानों ने थाना वजीरगंज पुलिस को तहरीर देकर अपने नलकूपों पर चोरी की सूचना दी है। कहा है कि जहां एक ही रात में चोरों ने नलकूपों में नकब लगाकर और दरवाजे के ताले तोड़कर स्टार्टर हेल्पर, इलेक्ट्रिक का कीमती सामान निकाल लिया। दो महीने में तीसरी बार चोरी हुई है। बार-बार चोरियों से किसान परेशान हैं। वजीरगंज प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया घटना की सूचना मिली है, रात की गश्त बढ़ाई गई है।

### आधार कार्ड संशोधन के नाम पर वसूली का वीडियो वायरल

**म्याऊं, अमृत विचार :** बृहस्पतिवार दोपहर 2 बजे ब्लॉक क्षेत्र के गांव गढ़िया शाहपुर का एक व्यक्ति आधार संशोधन कराने को बीआरसी केंद्र पर आया था।आधार संशोधन कर रहे कर्मचारियों ने 250 रुपये ग्रामीण से मांगे, जिसकी किसी ने वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। वीडियो क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी है। कुछ दिन पूर्व जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा के केशव सिंह चौहान ने भी अवैध वसूली की शिकायत एसडीएम से की थी। जिसके बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि आधार कार्ड संशोधन कराने के नाम पर सौ से ढाई सौ तक की वसूली की जा रही है।

### मारपीट कर लूटपाट का आरोप, शिकायत

**बिसौली,अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव परसेरा निवासी सतीश ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करते हुआ आरोप लगाया है कि गांव निवासी सतीश गांव के ही मनोज की पत्नी की किस रूआ थाना मूसाझाग से विदाई कराकर लाया था। आरोप है जिसकी रंजिश मानते हुए गांव के ही लखपत, कप्तान, गुड्डू, सोमवीर ने उसके साथ मारपीट की। साथ ही उससे स्प्लेंडर बाइक, फोन व सोने की चेन और पांच हजार रुपए लूट कर ले गये। जिसकी थाना पुलिस में सुनवाई न होने पर पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है ।

### विधिक सचिव ने वन स्टाप सेंटर का किया निरीक्षण



**बदायूं, अमृत विचार :** विधिक सचिव शिव कुमारी ने महिला अस्पताल में संचालित वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया। विधिक सचिव को निरीक्षण के दौरान वन स्टाप सेंटर पर तीन पीड़िताएं मिलीं। उनसे वार्ता की। साथ ही उन्हें मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। वन स्टाप के कर्मचारीगण एवं महिला सुरक्षा कर्मी उपस्थित पाये गये। इसके बाद उनके द्वारा प्रसूति कक्ष में पहुंचकर नवजात बालिका शिशुओं को जन्म देने वाली 18 प्रसूताओं को हिमालय बेबी किट का वितरण किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला चिकित्सालय इंदुकान्त वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### छात्राओं को पढ़ाया अनुशासन का पाठ



**बदायूं, अमृत विचार :** आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के द्वारा बीएससी बायो एवं मैथ तथा बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं के लिए विद्यारंभ ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. राजधन एवं प्राचार्य डॉ. नरेन्द्र कुमार बत्रा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान छात्राओं को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। डॉ. अनिल कुमार, डॉ. सतीश सिंह यादव डॉ रविन्द्र सिंह यादव, डॉ. हुकुम सिंह, डॉ. राकेश कुमार जायसवाल, डॉ बबीता यादव, डॉ संजीव राठौर, डॉ सचिन कुमार कुमार ने शैक्षिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. दिलीप कुमार वर्मा, डॉ. सरिता, डॉ. गौरव कुमार सिंह, डॉ राशेदा खातून, डॉ. जुनेद आलम आदि ने छात्र -छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया।

# आत्महत्या को उकसाने पर पति को 8 साल की सजा, जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **पति के अलावा सास-ससुर के खिलाफ दर्ज हुई थी रिपोर्ट**
- **पुलिस ने पति के खिलाफ लगाई थी चार्जशीट**

**अमृत विचार :** आत्महत्या के लिए उकसाने के 13 साल पुराने मामले में त्वरित न्यायालय की अपर सत्र न्यायाधीश मिर्जा जीनत ने आरोपी पति को दोषी माना है। दोषी पति को आठ साल की सजा और 27 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

गांव रोशन नगर निवासी त्रिभान सिंह ने 30 अप्रैल 2011 को थाना इस्लामनगर पुलिस को तहरीर दी थी। उन्होंने बताया कि अपनी बेटी छोटी उर्फ कमलेश की शादी जून 2004 में गांव सिठोली निवासी राजेश पुत्र ऐदल सिंह के साथ की थी। शादी में हैसियत से ज्यादा खर्च किया था। फिर भी बेटी का पति राजेश, सास शकुंतला देवी, ससुर ऐदल सिंह दान दहेज से संतुष्ट नहीं थे। अतिरिक्त दहेज में कार की मांग कर रहे थे। 30 अप्रैल को दामाद, उसकी मां व पिता ने दवाई के नाम पर छोटी उर्फ कमलेश को जहर खिला दिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। महिला को अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई थी। पुलिस ने राजेश, शकुंतला और ऐदल सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलित करके राजेश के खिलाफ पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में चार्जशीट दाखिल की। गुरुवार को न्यायाधीश ने पत्रावली का अवलोकन किया। एडीजीसी ओमपाल कश्यप व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलें सुनने के बाद दोषी पति को सजा सुनाई।

# भाजपा ने तय की कार्यक्रम की रूपरेखा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भाजपा कार्यालय पर आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर जिला बैठक हुई। जिसमें विधायक, ब्लॉक प्रमुख, चेयरमैन, सदस्य जिला पंचायत, जिला पदाधिकारी और मण्डल अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा, क्षेत्रीय महामंत्री नागेंद्र सिकरवार व अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने की।

प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा ने कहा 14 अगस्त भारत विभाजन विभीषिका का दर्द कभी भुलाया नहीं जा सकता। तत्कालीन नीति निर्धारकों के अदूरदर्शी निर्णय का खामियाजा 10 लाख से अधिक भारतवंशी परिवारों को उठाना पड़ा। यह उसे सदी का सबसे भीषणतम नरसंहारों में से एक रहा। क्षेत्रीय महामंत्री नागेंद्र सिकरवार ने कहा भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा 11 अगस्त को बिसौली सहसवान, 12 अगस्त को बिल्सी, 12 अगस्त को दातागंज, 13 को शहर में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा 12, 13, 14 अगस्त को महापुरुषों की प्रतिमा एवं शहीदों के स्मारकों पर स्वच्छता का कार्यक्रम आयोजित होगा। भाजपा किसान मोर्चा द्वारा 13, 14, 15 अगस्त को महापुरुषों एवं भारत माता के वीर सपूतों की प्रतिमाओं एवं स्मारकों पर माल्यार्पण करेंगे। भाजपा द्वारा 14 अगस्त को भारत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जायेगा। इस अवसर पर जिला मुख्यालय पर एक संगोष्ठी व मौन जुलूस निकाला जाएगा। 15 अगस्त को भाजपा कार्यालय एवं शैक्षणिक संस्थानों पर स्वतंत्रता दिवस समारोह में कार्यकर्ता बढ़ चढ़कर भाग लेंगे।

बैठक में जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, प्रदेश मंत्री डीपी भारती, सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आरएस पाल, मनोज मसीह, शारदाकान्त शर्मा, अरुण प्रकाश, शैलेंद्र मोहन शर्मा उपस्थित रहे।



बैठक में मौजूद प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा व अन्य भाजपा नेता।

# बाइक सवार ने लिफ्ट देकर महिला से नगदी और जेवर लूटे

**वजीरगंज, अमृत विचार :** गुरुवार को गांव सरौरी निवासी लक्ष्मी नारायण की पत्नी खुशबूंदी बदायूं में अपनी रिश्तेदारी से घर जा रही थी। रोडवेज बस से सैदपुर बस स्टैंड पर उतरकर सवारी के इंतजार में खड़ी हो गयी। काले रंग की पल्सर बाइक से युवक आया और गांव तक छोड़ने की बात कही। वह उसकी बाइक पर बैठ गई। युवक ने सैदपुर चेयरमैन इशरत खां के ईंट भट्ठे के पास बाइक रोक ली और महिला का बैग छीन लिया। फिर तमंचा दिखाकर सोने की चेन, कुंडल और पाजेब लूटकर फरार हो गया। बैग में 4500 रुपये थे। महिला ने शोर मचाने पर भीड़ लग गई। महिला ने अपने परिजनों को फोन करके सूचना दी तो परिजन पहुंच गए। पुलिस भी आ गई। लूटरे की तलाश की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला।

# खेत पर सांड़ के हमले में घायल किसान की मौत

संवाददाता, इस्लामनगर

**अमृत विचार :** खेत पर काम कर रहे किसान को सांड़ ने पटककर गंभीर घायल कर दिया। ग्रामीणों ने सांड़ को भगाकर किसान को बचाया। परिजन उन्हें घर ले आए। बुधवार को हालत बिगड़ी तो अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में किसान ने दम तोड़ दिया।

थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव ब्यौर कासिमाबाद निवासी किसान चंद्रपाल (59) पुत्र पीतांबर ने गांव निवासी एक लाला का खेत बटाई पर लिया था जिसमें बाजरा की फसल उगाई थी। मंगलवार सुबह खेत पर काम कर रहे थे। इसी दौरान एक सांड़ खेत में घुस आया। अचानक सांड़ ने चंद्रपाल पर हमला कर दिया और उठाकर खेत में पटक दिया। चंद्रपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। वह चिल्लाए तो आसपास खेतों पर काम कर रहे किसानों ने लाठी-डंडे से सांड़ को भगाया। परिजन घायल किसान को घर ले गए घरेलू उपचार दिया। बुधवार को हालत बिगड़ गई तो परिजन अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही चंद्रपाल की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। परिजन और ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन ने शोकाकुल परिवार को आर्थिक मदद की मांग की है।


इसी सांड़ ने किया था हमला। ● अमृत विचार


मृतक चंद्रपाल।

- **मंगलवार सुबह खेत पर काम करते समय सांड़ ने उठाकर पटक दिया था**

**सर्पदंश से बालक की मौत:**
**बदायूं :** थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव सराय पिपरिया निवासी पप्पू बुधवार को अपने 11 साल के बेटे गोपी के साथ घास काटने के लिए खेत पर गए थे। इसी दौरान गोपी को सांप ने डंस लिया। गुस्से में पप्पू ने सांप को मार दिया। गोपी को जिला अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां गुरुवार सुबह लगभग चार बजे गोपी की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

### भूसा में दबकर दम घुटने से किसान की जान गई

**ओरछी, अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव खेड़ादास निवासी पप्पू उर्फ मदनलाल (44) पुत्र जीवन लाल गुरुवार तड़के अपने पशुओं के लिए घर के बराबर घेर पर प्लास्टिक के बड़े बैग में भरा भूसा निकालने गए थे। बारिश की वजह से भूसे का ढेर गीला हो गया था। भूसा निकालने के दौरान प्लास्टिक का ढेर अचानक गिर गया। पप्पू भूसे में दब गए। करीब एक घंटे तक वह भूसे में दबे रहे। परिजनों ने सोचा कि वह पशुओं के लिए भूसा लेकर वापस क्यों नहीं आए तो उन्हें देखने के लिए घेर पर गए। आवाज लगाई लेकिन भीतर से कोई जवाबा नहीं आया। भीतर जाकर देखा तो पप्पू भूसे के नीचे दबे थे। परिजनों ने पप्पू को भूसे से बाहर निकाला। उन्हें चंदौसी के अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।



# पुलिस में भर्ती के नाम पर 6.50 लाख ठगे, युवक ने दे दी जान

संवाददाता, उघैती

- **साल 2019 में युवक ने गांव सिद्धपुर कैथोली निवासी युवक को दिए थे रुपये**

**अमृत विचार :** पुलिस में भर्ती कराने के नाम पर एक युवक से 6.50 लाख रुपये ले लिए। भर्ती न होने पर रुपये देने से मना कर दिया। परेशान युवक ने जहर खाकर जान दे दी।

गांव महानगर निवासी संजीव पुत्र इंदल सिंह पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहा था। परिजनों के अनुसार 2019 में गांव सिद्धपुर कैथोली निवासी एक युवक संजीव के पास आया। कहा कि वह उसे पुलिस में भर्ती करा देगा। इसके लिए रुपयों का इंतजाम करना होगा। संजीव ने ब्याज पर और इधर-उधर से लेकर उसे 6 लाख 50 हजार रुपये दे दिए। भर्ती निकलने पर संजीव ने दलाल से कहा तो वह टालमटोल करने लगा। भर्ती न होने पर संजीव ने उससे रुपये वापस मांगना शुरू कर दिए, लेकिन वह बहाने बनाता रहा। संजीव उधार लिए रुपयों का ब्याज बढ़ने और तकादों से परेशान रहने लगा। तीन महीने पहले उसकी शादी हो गई।

गुरुवार सुबह संजीव ने आरोपी से फिर रुपये वापस मांगे तो उसने साफ मना कर दिया। इससे संजीव बहुत हताश हो गया और विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत खराब होने पर परिजन चंदौसी ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि संजीव की दलाल से फोन पर बातचीत की रिकार्डिंग उनके पास है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को दे दिया। थानाध्यक्ष राजेश कौशिक ने बताया कि तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


मृतक संजीव।

AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ , PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
BEST PRICE & BEST SERVICE

| | | |
|---|---|---|
| | NEW FIRM OFFER | |
| 1- | PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 2- | (ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 3- | GST RETURN MONTHLY FEES. | 499/- |
| | OLD FIRM OFFER | |
| 4- | OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY. | 1499/- |
| 5- | ITR FILE ONLY. | 499/- |

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली

मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याद्दाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)

Dr.M. Nadeem ®
(BUMS)
यूनानी चिकित्सक
Reg. No. 19709

पुरुषों एवं महिलाओं के समस्त गुप्त रोग

जो व्यक्ति बचपन की नादानी के कारण जिनको धातु स्वप्नदोष, नामर्दी का होना, जोश, शीघ्रपतन, गलत विचारों से वीर्य का निकलना, शुक्राणु का कम होना, पेशाब में जलन होना, ज्यादा आयु वाले मर्दों का सैक्स पॉवर खत्म होना, व बहने सफेदी का आना (ल्यूकोरिया) नलों पर सूजन होना, माहवारी का होना निसंतान दम्पत्ति मिलें।

बवासीर, खूनी व बादी भगन्दर, गठिया, जोड़ों का दर्द, पेट की समस्या रोगों का इलाज

Sugar (मधुमेह) जैसे जानलेवा बीमारी का आयुर्वेदिक और यूनानी दवाइयों द्वारा इलाज, जोड़ों में दर्द रहना। कोलेस्टॉल का खराब होना, लीवर का बार-बार खराब हो जाना, ऐसे जटिल से जटिल समस्याओं का इलाज बिना किसी साइड इफेक्ट्स के यूनानी और आयुर्वेदिक उपचार...

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
9634499693
9837338306


# झमाझम बारिश से शहर में पानी ही पानी

## मूसलाधार बारिश से सड़कों पर जलभराव में परेशान हुए लोग, देर शाम तक होती रही बूंदा-बांदी

- प्रमुख मार्ग सहित बाजार और मोहल्ले में पानी भरने से आवागमन प्रभावित
- तीन दिन बारिश होने के अनुमान से किसानों को फिर सताने लगी चिंता

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** शहर व देहात क्षेत्र में गुरुवार को दोपहर में झमाझम बारिश हुई। बारिश और बूंदाबांदी का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। बारिश की वजह से शहर से लेकर देहात तक जलभराव रहा। इससे जहां लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, दूसरी ओर नगर पालिका के पानी निकासी के दावों की भी पोल खुलकर सामने आ गई। कृषि अधिकारी अब लगातार बारिश की संभावना जता रहे हैं।

गुरुवार को दोपहर के समय बारिश शुरू हो गई, जोकि देर शाम तक हल्की बूंदाबांदी का सिलसिला जारी रहा। दोपहर के समय करीब डेढ़ घंटे तक हुई बारिश की वजह से बाजार और मोहल्लों की गलियां पानी से लबालब हो गईं। जलभराव से लोगों के साथ दुकानदारों को भी परेशानी हुई। बाजार में ग्राहक नहीं पहुंच सके। इसके अलावा दातागंज, बिसौली, इस्लामनगर सहसवान आदि नगरों में भी अच्छी बारिश हुई। इस बारिश से जहां कई जगह जलभराव का लोगों को सामना करना पड़ा। वहीं, दूसरी ओर किसानों के चेहरे खिल गए। किसान सेवाराम और महिपाल का कहना है कि बारिश धान, ज्वार और गन्ने की फसल के लिए वरदान साबित होगी। किसानों को यह भी चिंता है कि तीन दिन तक बारिश का अनुमान है तो कहीं जरूरत से अधिक बारिश न हो जाए जिससे फसलों को दिक्वत हो। शहर में आर्य समाज, पटियाली सराय, कबूलपुरा, पनबडिया, नई सराय, शहबाजपुर, लोची नगला और आवास विकास कालोनी की सड़कों में बने गड्ढों में पानी भर गया।



शहर की मधुबन कॉलोनी में बारिश के बाद जलभराव। ● अमृत विचार



शहर के नवादा से पथिक चौक जाने वाले रोड पर जलभराव।

### चार डिग्री कम हुआ तापमान

जिले में हुई बारिश के बाद लोगों को उमस से कुछ राहत मिली। इसके साथ ही तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की कमी आ गई। बुधवार को जहां अधिकतम तापमान 28 और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, गुरुवार को झमाझम बारिश होने पर अधिकतम तापमान कम होकर 27 और न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। आर्द्रता 89 फीसदी और हवा की गति 10 किलोमीटर प्रति घंटे के आसपास रही। कृषि अधिकारी डीके सिंह ने बताया कि अभी और बारिश होने की संभावना है। यह बारिश फसलों के लिए अच्छी है तो इससे उमस से भी राहत मिलेगी।

### गंदे पानी से होकर गुजरे कांवड़िया

करीब दो घंटे तक हुई मूसलाधार बारिश की वजह से नगर पालिका द्वारा नाला सफाई को किए गए दावे की पोल खुल गई। बरेली रोड, मुरादाबाद रोड पर भी जलभराव हो गया। नालों से निकली गंदगी शहर के प्रमुख मार्गों पर बह कर आ गई। इस गंदे पानी से होकर कांवड़ियों को गुजरना पड़ा। इस दौरान शिव भक्त कांवड़ियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



ब्लूमिंग स्कूल रोड पर जलभराव से गुजरते कांवड़िया।

## डीएम ने की अभियोजन कार्यों की समीक्षा

**बदायूं, अमृत विचार :** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में अभियोजन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अभियोजन अधिकारी पूरी तैयारी व गंभीरता से अपने वादों का निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि वादों से संबंधित गवाहों के लगातार संपर्क में रहे। उन्होंने कहा कि दुर्दांत अपराधियों की सही जगह जेल है। इस प्रकार के वादों में और अधिक सजग होकर कार्य करें। जिलाधिकारी ने ई प्रॉसीक्यूशन पोर्टल पर अभियोजकवार डाटा फीडिंग के विवरण पत्र के संबंध में भी समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। कहा कि महिलाओं के विरुद्ध घटित होने वाले लैंगिक अपराधों को गंभीरतापूर्वक लेते हुए कार्य किया जाए। उन्होंने पोक्सो अधिनियम में अभियोजित वादों की भी समीक्षा की। खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन से संबंधित वादों के बारे में जानकारी ली।

# ओरछी पर बनने लगा नाला, जेसीबी ने शुरू की खोदाई

- प्रशासन की टूटी नींद, रोड किनारे दो सौ मीटर बनेगा नाला, जलभराव से मिलेगी निजात

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** नाला न होने की वजह से मुरादाबाद -फर्रुखाबाद हाईवे बारिश में तालाब बन जाता है, जिससे वाहनों का गुजरना बेहद मुश्किल होता है। जलभराव के कारण आसपास के दुकानदार परेशान होते हैं। इस समस्या को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। जिसके बाद जिम्मेदारों की नींद टूटी और आनन फानन में नाला निर्माण शुरू करा दिया गया।

ओरछी चौराहे स्थित मुरादाबाद फर्रुखाबाद मार्ग पर बारिश के दौरान जलभराव से स्थानीय दुकानदार और वाहन चालकों को भारी परेशानी होती है। इस्लामनगर रोड पर भी जलभराव के कारण यातायात बाधित रहता है। जलभराव के कारण छात्र छात्राओं को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। गत दिनों बारिश के पानी में कांवड़िये निकले तो आस पास के लोगों ने जिला प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। जलभराव से गुजर रहे कांवड़ियों ने कहा कि यह जिला प्रशासन की सबसे बड़ी लापरवाही है। जलभराव से गुजर रहे कांवड़ियों की खबर अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित की।

खबर छपने के बाद जिला प्रशासन की नींद टूटी और गुरुवार से नाला निर्माण का कार्य शुरू करा दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि इस्लामनगर रोड पर बारिश के समय दो फिट पानी भर जाता है उसके बाद आवागमन बंद हो जाता है। इस रोड पर सैकड़ों वाहन हर घंटे गुजरते हैं। स्थानीय लोगों ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से भी इस समस्या को हल कराने की गुहार की मगर किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। रोड किनारे करीब दौ सौ मीटर नाला बनाया जाएगा, इससे जलभराव से मुक्ति मिलेगी। जाएगी। नाला निर्माण का कार्य शुरू होने पर स्थानीय दुकानदारों ने अमृत विचार की सराहना की है।



नाले की खोदाई कर रही जेसीबी। ● अमृत विचार



बारिश से मुरादाबाद-फर्रुखाबाद हाईवे पर ओरछी चौराहा बना तालाब

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

# वेतन नहीं मिलने से परेशान जिला पंचायत कर्मचारी

- अपर मुख्य अधिकारी के न होने से ठप हैं विकास कार्य
- शासन से होनी है नियुक्ति, ठेकेदारों को भुगतान अटका

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सुरेन्द्र कुमार दुबे के सेवानिवृत्त होने के बाद अपर मुख्य अधिकारी की कुर्सी खाली है। शासन से अभी कोई अधिकारी नहीं भेजा गया है, जिससे जिला पंचायत में विकास कार्य ठप पड़े हैं। कर्मचारियों को वेतन से लेकर ठेकेदारों का भुगतान भी ठप है। डीएम ने शासन को पत्र लिखा है।

जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी सुरेन्द्र कुमार दुबे सेवानिवृत्त हो गए थे। उनके स्थान पर शासन से कोई दूसरा एएमओ अभी तक नहीं भेजा गया है जिससे जिला पंचायत के विकास संबंधी कार्य ठप पड़े हैं। जिला पंचायत का कार्यभार मुख्य अभियंता मासूम रजा पर है। लेकिन मासूम रजा को वित्तीय पावर नहीं है। केवल डाक से आने वाले पत्रों का जवाब देने का अधिकार है। ऐसे में ठेकेदारों का भुगतान नहीं हो रहा है। ठेकेदारों ने काम बंद कर दिया है। सड़क पुलिया या खड़ंजा निर्माण नहीं हो पा रहा है। जिला पंचायत कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार विभाग के नोडल हैं। यदि किसी फाइल पर दस्तखत कराने होते हैं तो कर्मचारी विकास भवन सीडीओ कार्यालय पहुंचते हैं।

> प्रदेश में कई जिलों में अपर मुख्य अधिकारी नहीं हैं। यहां कौन आएगा कुछ कहा नहीं जा सकता। जब तक कोई अधिकारी नहीं आएगा तब तक भुगतान संबंधी कोई कार्य नहीं होगा। कर्मचारियों का वेतन भी नहीं निकल पाएगा। -**मासूम रजा**, मुख्य अभियंता जिला पंचायत



नदायल मार्ग पर किनारे से कटी सड़क।

## भवानीपुर-नदायल मार्ग कटा, हादसे होने का खतरा

**सहसवान, अमृत विचार :** सहसवान से भवानीपुर - नदायल जाने वाला मार्ग महावा नदी के टेढ़ा घाट पुल के पास किनारे से कट गया। सड़क कट जाने से हादसे का भय बना हुआ है।

नदायल मार्ग पर 24 घंटे दो पहिया एवं चौपाहियावाहनों का आवागमन रहता है। गड्ढे और कटी सड़क पर हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती हैं। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से शिकायत भी की लेकिन सड़क की मरम्मत कराना उचित नहीं समझा।

# झोलाछापों को नोटिस देने के बाद कार्रवाई करना भूला स्वास्थ्य विभाग

- बिसौली और वजीरगंज में झोलाछापों की भरमार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते झोलाछापों की दुकानें धड़ल्ले से खुल रही हैं। कुछ दिन पूर्व जिन झोलाछापों को नोटिस दिए गए उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जिससे झोलाछापों के हौसले बुलंद हो गए हैं।

जुलाई महीने के अंतिम सप्ताह में बिसौली में अवैध रूप से चल रहे एक प्राइवेट अस्पताल में प्रसव के बाद जच्चा बच्चा की मौत के बाद हंगामा हुआ था। अवैध अस्पताल पर कार्रवाई न होने पर स्वास्थ्य विभाग को लोगों की गुस्सा का शिकार होना पड़ा था। मामला जिला अधिकारी के संज्ञान में आया तो नायब तहसीलदार के साथ मौके पर पहुंच कर अस्पताल को सील किया गया। दूसरे दिन एसीएमओ ने करीब डेढ़ दर्जन झोलाछापों को नोटिस दिए। एक सप्ताह में जवाब मांगा, लेकिन किसी झोलाछाप ने नोटिस का जवाब नहीं दिया।

बिसौली व वजीरगंज में झोलाछापों के हौसले बुलंद हो गए हैं। लेकिन विभागीय अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। आसफपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव दूंदपुर में दो महीने पहले एक नवजात की मौत होने के बाद भी नोटिस के व सीलिंग के अलावा कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

> बिसौली और वजीरगंज में झोलाछापों को नोटिस दिए गए थे। एक सप्ताह में जवाब मांगा था। अभी झोलाछापों के खिलाफ अभियान चल रहा है। कुछ झोलाछापों को और नोटिस दिए गए हैं। नोटिस का जवाब नहीं मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। -**डा. मोहन झा**, एसीएमओ

## सार-संक्षेप

### महिलाओं ने मनाया तीज महोत्सव, प्रतियोगिताएं हुईं



**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर की टीचर्स कॉलोनी स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केंद्र पर बीती बुधवार की शाम यहां महिलाओं ने हरियाली तीज का पर्व हर्षोल्लास से मनाया। महिलाओं की कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने काफी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नीबू दौड़ प्रतियोगिता में राजेश कुमारी ने पहला, प्रीति माहेश्वरी ने दूसरा स्थान पाया। वहीं फैशन शो में पूजा वार्ष्णेय ने पहला और संगीता यादव ने दूसरा स्थान पाया। खो-खो में नीलम माहेश्वरी अव्वल रहीं। केंद्र की प्रभारी बीके ऊषा ने यहां आई सभी बहनों को तीज पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर बीके कुसुम, नीलम, अखिलेश, खुशबू, शिवांगी आदि मौजूद रही।

### गुधनी आर्य समाज मंदिर पर शुरू हुई वेदकथा



**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव गुधनी स्थित आर्य समाज मंदिर पर सात दिवसीय वेद कथा शुरू हुई। जिसके पहले दिन अंतर्राष्ट्रीय वैदिक विद्वान आचार्य संजीव रूप ने वेद मंत्रों की लोगों को विस्तार से जानकारी की। आचार्य ने कहा कि यह ब्रह्मांड कैसे बना? उन्होंने बताया कि जब परमेश्वर ने सृष्टि की रचना कर दी तब जीव-जंतुओं और मनुष्यों को संकल्प सृष्टि से उत्पन्न किया तथा पांच वर्ष बाद चार ऋषियों अग्नि, वायु, आदित्य और अंगिरा के हृदय में वेद का ज्ञान दिया क्योंकि बिना ज्ञान के मनुष्य पशु समान ही थे। चार ऋषियों के मुख से वेद का ज्ञान जब निकला तो ब्रह्मा नामक ऋषि ने उन्हें अपने मस्तिष्क में धर लिया और सबको सुनाने लगे तब मनु भगवान ने मनुष्यों के लिए वेद के अनुसार रहना सिखाया और संविधान बनाया। ईशा आर्य ने सुंदर भजन सुनाए। कथा का शुभारंभ मास्टर साहब सिंह, राकेश आर्य ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस मौके पर मुन्नी देवी, कमलेश, संतोष कुमारी, दुर्वेश कुमार सिंह, जयप्रकाश, विश्वजीत पाल, कृष्णपाल आर्य आदि मौजूद रहे।

### एसडीएम ने नगर में कराई सफाई



**दातागंज, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारियों के साथ एसडीएम धर्मेन्द्र कुमार सिंह व सीओ केके तिवारी, चेयरमैन नैना गुप्ता के पति अनूप गुप्ता एवं ईओ हरि लाल पटेल के साथ मोहल्ला अरेला में दुर्गा देवी मंदिर से शाहजहांपुर जाने वाले मार्ग पर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। एसडीएम धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने सफाई कर्मचारियों से गंदगी एवं कूड़े ढेर व नाले को साफ कराया।

खबरें पेज 9 पर भी

## आज का मौसम

आसमान में बादल छाए रह सकते हैं।

29° अधिकतम तापमान | 26° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.43 | सूर्यास्त 06.59

## शहर में आज

- जिला स्तरीय सबजूनियर बालक कुश्ती प्रतियोगिता सोरों के फरीदनगर स्थित खेल स्टेडियम में सुबह 10 बजे से।
- जिला सेवायोजन एवं विजन इंडिया के तत्वावधान में ब्लॉक कासगंज की ग्राम पंचायत सचिवालय में रोजगार मेला सुबह 10 बजे से।
- भारतीय किसान यूनियन स्वराज के कार्यकर्ताओं द्वारा कैंप कार्यालय गढ़ी हरना ठेर पर प्रदर्शन सुबह 10 बजे से।
- शहर के मोहल्ला जय-जयराम स्थित महादेव मंदिर में शिव-विवाह कार्यक्रम शाम चार बजे से।

# जहां बनाए जाने थे महिलाओं के सेनेटरी पैड वहां डीपीआरओ ने बना लिया आवास

## बंद कमरे में धूल फांक रहीं लाखों की मशीनें, महिलाएं खरीद रहीं महंगे नैपकिन

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** सपा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत जिले के बारह पत्थर मैदान स्थित पंचायत उद्योग कार्यालय में सेनेटरी नैपकिन उद्योग संचालित था। डीपीआरओ ने उद्योग बंद कराने के बाद अवैध तरीके से अपना आवास बना लिया है। आवास बनाने के लिए किसी भी उच्चाधिकारी से स्वीकृति भी नहीं ली गई। इसके चलते लाखों रुपये से खरीदी गई मशीनें बंद कमरे में धूल फांक रही हैं। जबकि आम जनता को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस योजना के तहत गरीब महिलाओं, किशोरियों, छात्राओं व महिला बंदियों को सस्ती दरों पर सुरक्षा के लिए सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराया जाना था, जो कुछ दिन चलने के बाद ही बंद कर दिया गया। जबकि इसे संचालित करने के लिए शासन ने 12 लाख की सहायता राशि पंचायत उद्योग को भेजी है। यह धनराशि खाते में पड़ी है, जिसका कोई उपयोग अभी तक नहीं किया गया है, और न ही शासन को वापस की गई है।



कासगंज का पंचायत उद्योग कार्यालय।

- **योजना संचालित रखने के लिए शासन ने भेजी 12 लाख की धनराशि, अभी तक कार्यालय के खाते में पड़ी**

जिला पंचायत राज अधिकारी को एक और कारनामा सामने आया है। बारह पत्थर के निकट संचालित पंचायत उद्योग कार्यालय को बंद कर दिया गया है। सरकार द्वारा स्वप्नदर्शी योजना के तहत 30 लाख रुपये की कीमत की मशीनें खरीदी गईं थी। दो साल तक मशीनों से सेनेटरी नैपकिन का उत्पादन किया गया। जिससे महिलाओं को रोजगार मिला था। स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, जिला कारागार में महिलाओं के लिए नैपकिन की सप्लाई की जाती थी। मगर डीपीआरओ देवेंद्र सिंह के आने के बाद से यह योजना पूरी तरह बंद है। मशीनों को एक कमरे में बंद कर दिया गया। डीपीआरओ ने अपना आवास बना लिया है। जबकि अन्य जनपदों में स्वप्नदर्शी योजना संचालित है। वहां की महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन सस्ती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही है। डीपीआरओ की लापरवाही की भेंट चढ़ी योजना से महिलाएं महंगी सेनेटरी नेपकिन खरीदने को मजबूर हैं।

### डीपीआरओ कटिया डालकर जला रहे बिजली

पंचायत उद्योग कार्यालय के बिजली का बिल लाखों में पहुंच गया था। बिल जामा न होने के कारण उद्योग कार्यालय का कनेक्शन काट दिया। कनेक्शन न होने की वजह से डीपीआरओ कटिया डालकर चोरी की बिजली जला रहे है।

### सेनेटरी नैपकिन बनाने को ये मशीनें खरीदी गईं

जिन मशीनों को खरीदा गया था उनमें सेनेटरी नैपकिन बनाने की हाइड्रोलिक प्रेस मशीन, रुई धुनने की मशीन, वजन मशीन, पैड भरने की मशीन, बैड सीलिंग मशीन, अल्ट्रा वायलेट केबिनेट मशीन शामिल है। सभी मशीनें कमरे बंद होने से धूल फांक रही है।

> पंचायत उद्योग कार्यालय में सैनेटरी नैपकिन का उत्पादन बंद हो गया है। उसमें पांच कमरे थे, जिसमें आवास बना लिया है।
> –देवेन्द्र सिंह, डीपीआरओ

> मामला संज्ञान में आया है कि पंचायत उद्योग कार्यालय में डीपीआरओ ने आवास बना लिया है। सैनेटरी नैपकिन उत्पादन बंद है। इस मामले में सीडीओ से जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।
> –राकेश पटेल, एडीएम, कासगंज

## संगठन की मजबूती को चलाया गया सदस्यता अभियान

**कासगंज, अमृत विचार :** भारत की जनवादी नौजवान सभा ने विकास खंड कासगंज के गांव मुबारिकपुर माफी में सदस्यता अभियान चलाया। इस दौरान 50 युवाओं को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान बिलराम की कार्यकारिणी का गठन कर सर्वसम्मति से रामकिशोर को अध्यक्ष बनाया गया।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष विकास ने कहा कि कोई भी संगठन तब तक अपनी ताकत नहीं बढ़ा सकता जब तक उसके पास सक्रिय कार्यकर्ता नहीं हैं। युवाओं के बिना संगठन को सक्रिय और मजबूत नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन की मजबूती के लिए सदस्यता अभियान चलाए जाने पर बल दिया। बैठक के बाद गांव मुबारिकपुर माफी में सदस्यता अभियान चलाया गया। सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें रामकिशोर को अध्यक्ष, रवेंद्र को सचिव और जोगेंद्र सिंह को कोषाध्यक्ष, रामेश्वर को उपाध्यक्ष, अर्जुन सिंह को सह सचिव की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों के अलावा जिला स्तीरय पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सात माह में चालू नहीं हो सके नए लगे ट्रांसफार्मर



बीनपुर विद्युत फीडर पर प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **बीनपुर फीडर से किसानों को नहीं मिल पा रही बिजली**
- **भाकियू भारत ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया**

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भारत ने गुरुवार को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित 10 सूत्रीय मांग पत्र पटियाली एसडीएम को सौंपा है। इसमें मुख्यमंत्री से समस्याओं के निराकरण कराए जाने की मांग की है।

भारतीय किसान यूनियन भारत के कार्यकर्ताओं एवं किसानों ने बीनपुर विद्युत फीडर पर अव्यवस्थाओं को लेकर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिमल सिंह ने कहा कि बीनपुर फीडर से किसानों को 24 घंटे में मात्र चार घंटे बिजली दी जा रही है। सात माह पूर्व लगाए गए दो नए ट्रांसफार्मर चालू नहीं कराए गए हैं। विद्युत व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नए कनेक्शन देने में तमाम बाधाएं उत्पन्न की जाती हैं। कर्मचारी किसानों के साथ अभद्रता करते। पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। मांगों से संबंधित ज्ञापन पटियाली के एसडीएम कुलदीप सिंह को दिया। इस दौरान अनुज यादव, सलमान, बृजपाल, विजय यादव, रमाकांत, सत्यवीर सिंह, टीनू, रानू मौजूद रहे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहा अत्याचार अति निंदनीय

संवाददाता, (सोरोंजी) कासगंज

- **तीर्थ नगरी सोरों के साधु-संतों ने केंद्र सरकार से सख्त कदम उठाने की रखी मांग**

**अमृत विचार:** बांग्लादेश में तख्ता पलट के बाद हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर साधु-संतों और हिंदू संगठनों के नेताओं में खासा आक्रोश है। तीर्थ नगरी सोरोंजी के अलावा काशी विश्वनाथ, मथुरा व अन्य क्षेत्रों के साधु-संत व हिंदू नेताओं ने हिंदुओं की सुरक्षा की मांग उठाई है। साथ ही केंद्र सरकार से वहां के हिंदुओं की पूर्ण सुरक्षा की गारंटी लेने की मांग की है। इससे बांग्लादेश में फंसे हिंदुओं को कुछ उम्मीद का सहारा मिल सकता है।



इससे बड़े शर्म की बात और क्या होगी जब बांग्लादेश में हिंदुओं पर खुलेआम अत्याचार किया जा रहा है। भारत को हिंदुओं की रक्षा की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। हमारी मांग है कि भारत सरकार को ऐसे ठोस कदम उठाए कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को रोका जा सके। हिंदुओं की रक्षा प्राथमिकता के साथ होनी चाहिए। – भूपेश शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखंड आर्यावर्त संघ



जिस तरह बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमला हो रहा है वह निंदनीय है और अतिनिंदनीय है। जिस तरह अन्य देशों में लोकतंत्र प्रभावी है। वहां भी लोकतांत्रिक व्यवस्था है। वहां के लोगों को शांति व्यवस्था का विशेष ध्यान रखना चाहिए और हिंदुओं पर अत्याचार करने से बचना चाहिए। – डॉ. एनपी सिंह हल्दिया, नगर संघ चालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सोरोंजी



बांग्लादेश में कोई सरकार अभी नहीं है, जिससे कि वहां भारत सरकार वैश्विक दबाव बना सके। ईश्वर पर ही सब कुछ निर्भर है। हमारी ईश्वर से प्रार्थना है कि बांग्लादेश में फंसे हिंदुओं की रक्षा की जाए और वहां शांति बनी रहे। हिंदुओं पर जो अत्याचार हो रहा है वो निंदनीय है। सरकार कोई न कोई ठोस कदम उठाए, जिससे वहां के हिंदुओं की रक्षा हो सके। –आशुतोष आनंद महाराज, महामंडलेश्वर वराह पीठ सोरोंजी



सरकार से हमारी मांग है कि बांग्लादेश में फंसे हिंदू परिवारों को सुरक्षा की गारंटी दिलाई जाए। हर हाल में प्रत्येक हिंदू की सुरक्षा होनी चाहिए। यदि बांग्लादेश में प्रदर्शनकारी उग्र हो गए हैं और हिंदुओं पर हमले करते रहें रहेंगे तो हालात बिगड़ते जाएंगे। इसलिए सरकार सख्त से सख्त कदम उठाए। –अमित अग्रवाल, नगर सह संघ चालक आरएसएस सोरों



बांग्लादेश में पहले तख्ता पलट किया गया और अब वहां हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। प्रदर्शनकारी उग्र हैं। भारत सरकार दावे कर रही है कि हिंदुओं की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने के दावे भी कर रही है। मगर दावा हवाई न हो, हर हाल में बांग्लादेश में हिंदुओं की रखा को ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। –जेसी चतुर्वेदी प्रांतीय पदाधिकारी पतंजलि योग समिति



सनातन धर्म में कभी भी क्रूरता नहीं बताई गई है और सनातन धर्म प्रेमी कभी क्रूर नहीं होते, जबकि बांग्लादेश में सनातन धर्म प्रेमी हिंदुओं पर क्रूरता हो रही है। वहां दूसरे समुदाय के लोग चुन चुन कर हमले कर रहे हैं। इस पर सरकार को सख्त से सख्त कदम उठाना चाहिए। संतों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए हमलावरों पर कार्रवाई के लिए वैश्विक दबाव बनाया जाना चाहिए।

–स्वामी विदेहानंद महाराज, महंत भगवान वराह मंदिर सोरों

# विनेश फोगाट के साथ साजिश का आरोप, जांच की मांग



एसडीएम संजीव कुमार को ज्ञापन देते कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर में किया प्रदर्शन**

**अमृत विचार :** पेरिस ओलंपिक में महिला कुश्ती खिलाड़ी विनेश फोगाट को फाइनल से बाहर किए जाने पर कांग्रेसियों ने आक्रोश जताया है। उन्होंने इसे साजिश बताते हुए जांच कराए जाने की मांग की है। गुरुवार को यहां कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम संजीव कुमार को दिया है। कांग्रेस शहर अध्यक्ष राजेंद्र कश्यप के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को तहसील पहुंचकर महिला खिलाड़ी विनेश फोगाट को पेरिस ओलंपिक से बाहर किए जाने को साजिश बताते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में राजकपूर बाल्मीकि, झम्मन सिंह, लोधी, राजेंद्र सिंह, सत्यप्रकाश गुप्ता, अमित पाठक, एडवोकेट मुनेंद्र पाल, सुशील चंद्र शर्मा, धर्मेश उपाध्याय रहे।

# छात्र हित की बात करता है एनएसयूआई

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला खेडिया में एनएसयूआई की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में तीन छात्रों को पदभार नियुक्त किए गए। नए पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि एनएसयूआई ही एक ऐसा संगठन है जो छात्र-छात्राओं के हितों की बात करता है

बैठक में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष दीपक धनगर ने कहा कि छात्र-छात्राओं का भविष्य एनएसयूआई में सुरक्षित है। यह देश का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जो छात्र हित की बात करता है। एनएसयूआई के कार्यकर्ता देश भर में छात्रों के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

बैठक में सुमंत कुमार माहेश्वरी इंटर कॉलेज के छात्र गोविंद पचौरी को नगर अध्यक्ष और अभय श्रीवास्तव को नगर महासचिव, निहाल बाल्मीकि को कॉलेज महासचिव पद पर नियुक्त किया गया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष जतिन पाल ने कहा कि हम छात्र हित में कार्य कर रहे है। इससे प्रभावित होकर जिले के हजारों की संख्या में छात्र एनएसयूआई से जुड़ रहे है।

बैठक में अनिकेत बाल्मीकि, सनी जाटव, कुणाल बाल्मीकि, अनमोल, गौतम, नितिन कश्यप, शिवम गडरिया, अर्जुन, अनिकेत ठाकुर, अर्पण गौतम, सोनू ठाकुर, हर्ष शर्मा, सनी कश्यप, भारत धनगर, जय राजपूत, जितेंद्र लोधी, विकास कुमार, बीपी यादव, रवि गडरिया, प्रियांशु गुप्ता, दिनेश राजपूत, तुलसी राजपूत, आकाश कुमार, राजीव कुमार, बॉबी कश्यप, आकाश ठाकुर के अलावा आदि मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद एनएसयूआई के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## घर से लापता युवती का नहीं लगा सुराग

**कासगंज, अमृत विचार :** दो दिन पूर्व लापता हुई युवती का अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका। शहर में रहने वाली 19 वर्षीय युवती सात अगस्त की सुबह लगभग तीन बजे घर से चली गई थी। परिजनों के तलाशने पर पता चला कि किशोरी को नगला अस्तल निवासी अभिनव के साथ देखा गया था। इस मामले में अनुभव के परिवार वालों से पूछताछ की, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। पिता ने आरोपी अनुभव पर अपने चाचा नेत्रपाल और प्रदीप लोधी के सहयोग से किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने की आशंका जताई है। इस मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है। कोतवाली प्रभारी लोकेश भाटी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस युवती और आरोपी की तलाश कर रही है।

# शिक्षकों की समस्याओं का नहीं हुआ समाधान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने गुरुवारको 25 सूत्रीय मांग पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा। इसमें मुख्यमंत्री से शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण की मांग की गई है। उनका कहना है कि बार-बार ज्ञापन देने दिए जाने के बावजूद शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है।

ज्ञापन में कहा है कि संघ द्वारा शिक्षकों की समस्याओं को लेकर कई बार ज्ञापन दिए जा चुके हैं, लेकिन शिक्षकों की समस्याएं जस की तस हैं। यदि शिक्षकों की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो शिक्षक संघ लखनऊ में विधानसभा का घेराव करेगा। जिलाध्यक्ष कृष्णदत्त त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा विभाग में एक वर्ष से पदोन्नति बंद है। सेवा सुरक्षा बहाल नहीं की जा रही है। जिसके कारण शिक्षकों का शोषण बढ़ता जा रहा है। मनोज यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री को शिक्षकों की समस्याएं गंभीरता से लेना चाहिए और उनका समाधान करना चाहिए।

ज्ञापन देने वालों में डा. रामवरन सिंह, देवकरन मौर्य, अमर सिंह, मनोज कुमार शर्मा, मिथलेश कुमार, मनमोहन सिंह, भगवती प्रसाद, बसंत कुमार, अभिषेक, योगेंद्र आदि रहे।



डीआअईओएस को ज्ञापन देते माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी व शिक्षक।

- **माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने डीआईओएस को सौंपा ज्ञापन**

## गंजडुंडवारा से लापता दो बालक दिल्ली में मिले

**कासगंज, अमृत विचार :** कस्बा गंजडुंडवारा के मोहल्ला बरी थोक निवासी शमी आलम का 13 वर्षीय पुत्र और वहीं का रहने वाला उसका हम उम्र साथी लापता हो गए थे। दोनों बच्चे बाजार जाने की कहकर घर से निकले थे। परिजनों के काफी तलाश करने के बावजूद बच्चों का कुछ पता नहीं चला। इसके बाद थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने बालकों की तलाश की के लिए पुलिस टीम गठित की। सुरागरसी के दौरान पुलिस को लापता दोनों बालकों के दिल्ली में कश्मीरी गेट पर होने की जानकारी मिली। पुलिस ने जाकर दोनों बच्चों को तलाश लिया। गंजडुंडवारा थाने लाकर उन्हें परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# धूमधाम से मनेगी गोस्वामी तुलसीदास की जयंती

कार्यालय संवाददाता, सोरों जी

**अमृत विचार:** गोस्वामी तुलसीदास की जयंती को लेकर तुलसी मेला समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में तुलसीदास की जयंती धूमधाम से मनाए जाने की रणनीति तैयार की गई। जयंती पर विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा।

श्रावण शुक्ल सप्तमी को शूकर क्षेत्र सोरों में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। तुलसी मेला समिति के अध्यक्ष हेमेंद्र शास्त्री एवं विश्व हिंदू परिषद के नेता गोविंद महेरे ने बताया तुलसी जयंती के उपलक्ष्य में मेले का आयोजन किया जाएगा। जयंती कार्यक्रम में नागरिकों के साथ स्कूली बच्चे भी भाग लेंगे। उन्होंने बताया तुलसी मेला गोस्वामी तुलसीदास जी को समर्पित आयाम है, जो वर्षो से इस आयाम को तुलसी मेला समिति संपन्न कराती चली आ रही है। समाज की कई पीढ़ियां गोस्वामी तुलसीदास का संस्मरण कर उनकी जन्मभूमि को नमन करती आई हैं। बैठक में रविंद्र ब्रह्मचारी, सुनील तिवारी, अनिल तिवारी, अरविंद तिवारी, मानवेंद्र महाराज, मोनू दुबे , शिवजी वैदेल, राजेंद्र मौर्य, मनोज चौहान, विनय तिवारी, आकाश उपाध्याय, पंकज वशिष्ट, कुलदीप माहेश्वरी, राजू माहेश्वरी, राजीव गुप्ता, शुभांशु भारद्वाज, आकाश गोस्वामी, दीपक, भोले पाठक, निक्की निर्भय, सोनू मौर्य, भोला जोगी, आदर्श नगार, देव गोलू रावत आदि उपस्थित रहे।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार

साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड
बरेली 243006

खेती-किसानी | जिले में 17 हजार हेक्टेयर में खड़ी है फसल, उत्पादन पर पड़ सकता है दुष्प्रभाव

# बकानी रोग से बासमती धान की फसल हो रही बर्बाद

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** बारिश कम होने से बासमती धान की फसल को बकानी रोग जकड़ने लगा है। कृषि विभाग के अधिकारियों की मानें तो पहली बार इस रोग का प्रकोप सबसे ज्यादा देखा गया है। इससे सर्वाधिक बासमती उत्पादन करने वाले किसान खासे परेशान है। वहीं, कृषि विभाग के अधिकारी क्षेत्रों में दौरा कर किसानों को बकानी रोग से बचाव के उपाय बता रहे हैं।

कासगंज में बासमती धान की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है। इस वर्ष 17 हजार हेक्टेयर में बासमती धान की फसल खड़ी है। इनमें पूसा बासमती 1692, पूसा बासमती 1509, पूसा बासमती 1847 एवं पूसा बासमती 1718 प्रजाति शामिल हैं। जिला कृषि अधिकारी डॉ. अवधेश मिश्र ने पटियाली, सहावर, सिढ़पुरा क्षेत्र के कई गांव का दौरा कर फसल का निरीक्षण किया। बताया कि अभी से बासमती धान में फफूंद जनित बकानी रोग का प्रकोप फैल रहा है। इस रोग से बासमती धान की प्रजाति मुख्य रूप से प्रभावित होती है। किसानों को बताया गया था कि नर्सरी की पौध सूखे खेत से ना उखाड़ें। खेत में छिछला पानी भरने के बाद ही पौध को उखाड़ें। उखाड़ी गई पौध को किसी गड्ढे अथवा खेत के कोने में पानी भरकर इसमें ट्राइकोडर्मा मिलाकर पौध को आधे घंटे के लिए रख दें। जिससे पौध की जड़ उपचारित हो जाए। परन्तु सूखे खेत से पौध उखाड़ने तथा बिना उपचारित किए पौध लगाने से बकानी रोग का फैलाव शुरू हो गया है।



बासमती धान की फसल का निरीक्षण करते जिला कृषि अधिकारी अवधेश मिश्र।

### रोग की शुरुआत में पौधे उखाड़ दें

बकानी रोग से फसल में 5 से 10 प्रतिशत तक नुकसान होता है। धान की पीबी वन1509, बासमती 1121 पूसा 1401 आदि प्रजातियों में इस रोग का असर ज्यादा है। वैज्ञानिकों के अनुसार बकानी से बचने के लिए ट्राकोडर्मा अथवा कार्बेडाजिम के घोल में पौध को कम से कम एक घंटे डुबाकर रखें। अभी जिन खेतों में इस बीमारी की शुरुआत है, तो पौधे को तुरंत उखाड़ दें। साथ ही दो किलो ट्राइकोडर्मा प्रति एकड़ गोबर की खाद में मिलाकर डालें। आवश्यकतानुसार सुडमोमोनास का स्प्रे करें। ज्यादा तापमान में फंगस ज्यादा बढ़ता है, जिससे बीमारी अधिक फैलती है।

> इस बार बासमती की फसल में बकानी रोग का असर ज्यादा है। प्री मानसून बारिश न होने से कारण यह बीमारी फैली है। किसानों को इस बीमारी के प्रति जागरूक किया जा रहा है।
> –डा. अवधेश मिश्र, जिला कृषि अधिकारी

### फसल बचाने को दवा का छिड़काव करें

बकानी रोग को फैलने से रोकने के लिए एक एकड़ में तीन किलो ट्राइकोडर्मा, 500 ग्राम थायोफिनेट मिथाइल और 20 ग्राम स्ट्रेप्टोसाइक्लिन को 150 से 200 लीटर पानी में घोलकर धान की जड़ों मे छिड़काव करें। इस रोग से प्रभावित खेत में यूरिया का प्रयोग कम से कम करें अथवा ना करें। धान के खेत की सतत निगरानी करते रहें।

## एक आरोपी किया गिरफ्तार

**कासगंज।** सदर कोतवाली पुलिस ने दहेज एक्ट के मामले में नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा जाने वाला मेघ सिंह निवासी नगला समस है। पूछताद के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र पंकज कश्यप व पुत्रवधु कमलेश को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई सरोकार व वास्ता नहीं होगा। **चमेली देवी पत्नी स्व. श्याम लाल निवासी रिठौरा बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## सार-संक्षेप

### छात्राओं ने मेहंदी व रंगोली सजाकर दिखाई प्रतिभा



**कासगंज।** कस्बा पटियाली के सेंटकेएम इंटर कॉलेज में छात्राओं के लिए मेहंदी रचाओ और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। दो दिवसीय प्रतियोगिता में 150 छात्राओं ने भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सबसे पहले प्रभारी दुष्यंत सिंह चौहान ने प्रतियोगिता संबंधी नियम बताए। प्रतियोगिता में कक्षा तीन से 12 तक की 150 छात्राओं ने भाग लिया। बेटी बचाओ, लिंग भेद, पर्यावरण सरंक्षण का संदेश देते हुए छात्राओं द्वारा रंगोली सजाई गई। निर्णायक मंडल में शामिल आशा गुप्ता, अंजू देवी, कविता और सीमा ने प्रतिभागियों के कला कौशल की प्रशंसा की। विद्यालय के प्रबंधक श्याम किशोर गौर और प्रधानाचार्य शोभित सिंह चौहान ने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानि किया गया। इस मौके पर भीकम सिंह, आलोक कुमार, रोहित पुंढीर, आलोक गौर, वीरेंद्र गौर, सुखराम सिंह, प्रवण, अनुज, दीपिका मौजूद रहीं।

### शिक्षा की अलख जगा रहे सपा नेता अब्दुल हफीज




**पटियाली।** सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी ने लोगों में शिक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करने का अनोखा तरीका इजाद किया है। पटियाली तहसील क्षेत्र के गांवों में जाकर वह शिक्षा के प्रति जागरुक कर रहे हैं। वह स्लोगन लिखी तख्ती लेकर ग्रामीणों को जागरूक कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी कभी टूटी सड़कों को ठीक कराने के लिए जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराते हैं, तो कभी जनता की मूल भूत सुविधाओं को लेकर आगे आते हैं। इस बार वह साइकिल से गांव-गांव भ्रमण कर रहे हैं। जगह-जगह रुककर ग्रामीणों को तख्ती के माध्यम से जागरूक कर रहे हैं। वह कहते हैं- आधी रोटी खाओ बच्चों को जरूर पढ़ाओ। वह हर दिन सात से आठ गांवों का भ्रमण करते हैं। उनका कहना है कि पढ़ाई सबका अधिकार है। शिक्षा से बच्चे का भविष्य सुधरता है। सभी अभिभावक अपने बच्चों को जरू स्कूल भेजें।

### दिनभर आते-जाते रहे बादल, मौसम हुआ सुहाना



**कासगंज।** बुधवार रात भर फुहार गिरती रही। गुरुवार को दिन भर बादल छाने के साथ रुक-रुककर बूंदबांदी हुई। इससे मौसम सुहाना बना रहा। गुरुवार सुबह को लोग जागे तो आसमान पर काले बादल छाए थे। सुबह लगभग 10 बजे सूरज चमके, लेकिन कुछ बाद ही बादलों में जा छिपे। इसके बाद सूरज की लुकाछिपी दिन भर चलती रही। शहर में दिन में कई बार बूंदाबांदी हुई, ठंडी हवाएं चलीं। इससे मौसम सुहाना बना रहा। शाम लगभग पांच बजे फिर से आसमान पर बादल छा गए। काली घटाएं घिर आईं और ठंडी हवा चली। हालांकि बूंदाबांदी के बाद आसमान साफ हो गया। वहीं, तीर्थ नगरी सोरों में दोपहर को बूंदाबांदी के बाद लगभग एक घंटे तक झमाझम बारिश हुई। बारिश का प्रभाव बाजारों पर देखने को मिला।

### कासगंज में पिकअप की टक्कर से युवक घायल

**कासगंज, अमृत विचार।** सोरों-कासगंज मार्ग पर नोवा फैक्ट्री के निकट पिकअप वाहन ने सड़क पार कर रहे 32 वर्षीय वीरेश पुत्र पोषकी लाल निवासी किलौनी रफातपुर को टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया और सूचना परिजनों को दी। परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए थे। मामले में कोई पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है।

### जेई और लाइनमैन पर अभद्रता करने का आरोप

**कासगंज।** शहर के लवकुश नगर निवासी कामिनी ने विद्युत विभाग के लाइनमैन वीरेंद्र एवं जेई व दो अज्ञात व्यक्तियों पर घर में घुसकर जबरन चेकिंग करने और विरोध करने पर मारपीट करने, गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने विद्युत कर्मियों पर अभद्रता करने का भी आरोप लगाया है। उनके खिलाफ सदर कोतवाली में तहरीर दी गई है। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी का कहना है कि मामला संज्ञान में नहीं है। तहरीर मिलेगी तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### मनमस्त आश्रम पर मनाई गई हरियाली तीज

**कासगंज।** शहर के आवास विकास कॉलोनी स्थित मनमस्त आश्रम पर बुधवार को हरियाली तीज पर्व मनाया गया। महिलाओं ने सावन के गीत और धार्मिक भजन गाए। मनमस्त महाराज के अनुयाइयों द्वारा सरस्वती पूजन किया गया। गुरु योगेश कुमार योग ने विश्व कल्याण के लिए प्रवचन दिए। कार्यक्रम के समापन पर महिलाओं को श्रंगार सामग्री वितरित की गई। कृष्णा, वंदना, रचना, हेमलता, ज्योति, सुमन, लक्ष्मी, राधिक, कमला, प्रतिज्ञा, नितिज्ञा मौजूद रहीं।

### पुलिस ने दो वारंटी किए गिरफ्तार

**कासगंज, अमृत विचार।** सदर कोतवाली पुलिस ने सूचना के आधार पर दो वारंटी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया कि वारंटी आमिर निवासी आवासीय कालोनी ततारपुर एवं राजेन्द्र उर्फ बबलू निवासी ग्राम नदरई को गिरफ्तार किया है। यह वारंटी न्यायालय उपस्थित नहीं हो रहा थे। इनके विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

### कच्ची शराब समेत एक आरोपी गिरफ्तार

**कासगंज, अमृत विचार।** थाना ढोलना पुलिस ने सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह ने बताया कि आरोपी अजय निवासी ग्राम ढोलना को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी के कब्जे से 26 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद हुई है। आबकारी अधिनियम के तहत नियमानुसार आवश्यक कार्रवाइ्र की गई है।

### एटा में वाहन की टक्कर से बजुर्ग की मौत

**एटा, अमृत विचार।** थाना मलावन क्षेत्र के गांव हरचंद्रपुर निवासी कप्तान सिंह (60) गुरुवार दोपहर खेत की ओर जाने के लिए हाईवे पार कर रहे थे। इसी समय तेज रफ्तार से आ रहे किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल होने के बाद मौके पर गिर गए। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। कप्तान को फौरन अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# गृहक्लेश में तीन ने मौत को गले लगाया

## अलग-अलग स्थानों पर दो युवकों ने जहर खाया, तीसरे ने नहर में छलांग लगाई

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** घरों में छोटी-छोटी सी बातों को लेकर विवाद के चलते युवा अपनी जान गवां दे रहे हैं। एटा जिले में 12 घंटे के अंदर तीन युवाओं ने गृहक्लेश के चलते अपनी जान गवां दी। इनमें दो युवकों ने जहर खाया, जबकि एक ने नहर में छलांग लगा दी। चौथे युवक ने घरेलू विवाद में तेजाब पी लिया, जिसकी जान खतरे में है।

शहर के मोहल्ला शांतीनगर निवासी बलराम सिंह (35) पुत्र विजेन्द्र चौहान ने गृहक्लेश के चलते बुधवार देर रात घर में जहर खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने फौरन उसे मेडिकल कॉलेज ले जाकर भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने बलराम को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।



युवक के नहर में कूदने का पता लगने के बाद शारदा नहर किनारे एकत्र ग्रामीण।

### तेजाब पीकर आत्महत्या की कोशिश

एटा। कोतवाली नगर के मोहल्ला श्यामनगर निवासी कुलदीप ने गृहक्लेश के चलते बुधवार रात तेजाब पी लिया। इसके बाद उसके पेट में पीड़ा हुई तो बुरी तरह चीखने लगा। इसकी जानकारी मिलने पर परिवार वाले घबरा गए और फौरन उसे मेडिकल कॉलेज के जाकर भर्ती करा दिया। जहां युवक की हालत गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया गया। वहां उसकी हालात गंभीर बताई जा रहा है।

### नहीं लगा सुराग

मिरहची थाना क्षेत्र के गांव समोखर निवासी कमलेश (45) नेम सिंह ने गृहक्लेश से परेशान होकर गुरुवार दोपहर गांव रतनपुर के पास जाकर हजारा नहर में छलांग लगा दी। इससे वह पानी के तेज बहाव के कारण नहर में डूब गया। इस की सूचना मिलने के बाद परिवार वाले मौके पर जा पहुंचे। उनकी सूचना पर पुलिस ने गोताखोरों की मदद से कमलेश की तलाश शुरू कराई, लेकिन देर शाम तक उसका पता नहीं चला। परिजनों का कहना है कि घर में कहासुनी होने पर कमलेश को डांट दिया था। इसी से क्षुब्ध होकर वह गुरुवार सुबह चुपचाप घर से निकल गया। लोगों ने उसे गांव रतनपुर हजारा नहर की तरफ जाते देखा। वहां उसे नहर में कूदते हुए आसपास मौजूद लोगों ने देख लिया।

### एमआर का शव कमरे में मिला आत्महत्या की आशंका

जनपद फिरोजाबाद के पचैखरा थानान्तर्गत ग्राम बाजीगढ़ी निवासी उदय सिंह (30) पुत्र तोप सिंह मेडिकल कंपनी में एमआर का काम करते थे। वह कोतवाली नगर एटा के मोहल्ला शांति नगर निवासी श्यामवीर सिंह के मकान में किराए पर रहते थे। गुरुवार सुबह मकान मालिक ने कमरे में देखा तो उदय सिंह मृत हालत में पड़ा था। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की छानबीन के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस का कहना है कि उदय सिंह ने जहर खाकर आत्महत्या की है। इसकी जानकारी मिलने पर परिवार वाले भी पहुंच गए।

# लापता किशोर के परिजनों से मांगी 20 लाख की रंगदारी

संवाददाता, एटा

- रकम न देने पर दी गई किशोर को जान से मारने की धमकी
- रंगदारी मांगने वाली लड़कियां हैं पुलिस छानबीन में जुटी

**अमृत विचार:** दो दिन पहले लापता हुए किशोर के परिजनों ने फोन पर दो लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई है। रकम न देने पर किशोर को जान से मारने की धमकी दी गई है। खास बात यह है रंगदारी मांगने वाली लड़कियां हैं, जिन्होंने फोन पर किशोर को अपने पास बताया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। किशोर की तलाश शुरू कर दी गई है।

जसरथपुर में शोएब हुसैन पुत्र अशफाक हुसैन निवासी नदराला ने अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। शोएब ने पुलिस को बताया कि दो दिन पहले छह अगस्त को उनका 16 वर्षीय भाई जोएब भनऊ पेट्रोल पंप पर बाइक में पेट्रोल डलवाने गया था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। इंतजार करने के बाद परिवार वालों ने उसे तलाशना शुरू किया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। शाम को उनके मोबाइल पर कॉल आई। फोन पर जोएब ने बताया कि भनऊ घाट से पहले दो लड़कियों ने उसे रोक लिया और तमंचा व छुरी से धमकाकर फर्दपुरा तक छोड़ने को कहा।

इसके बाद फोन पर लड़की की आवाज आने लगी। बोली- मैं अलीगढ़ से बोल रहीं हूं। अपने भाई को जिंदा देखना चाहते हो तो सुबह तक 20 लाख रुपये लेकर आ जाओ। थानाध्यक्ष का कहना है कि इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। कॉल डिटेल भी निकाली गई है। पुलिस का कहना है कि यह मामला अपहरण का नहीं लगता है। असलियत किशोर के पर पता चलेगी।

# ट्रक की टक्कर से पोल टूटा 17 घंटे गुल रही बिजली

संवाददाता, गंजडुंडवारा

**अमृत विचार:** कस्बे के कादरगंज रोड पर तेज रफ्तार ट्रक ने एक विद्युत पोल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार लगी कि पोल बीच से टूट गया। इससे आधे कस्बे की बिजली करीब 17 घंटे तक गुल रही। इस दौरान गर्मी से परेशान हो गए। इस दौरान पेयजल संकट भी गहरा गया।

बुधवार रात दस बजे कस्बे के कादरगंज रोड की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे लगे हाईटेंशन लाइन के पोल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बिजली पोल का ऊपरी हिस्सा टूटने के बाद लटक गया। पोल पर लगे बिजली के तार भी मार्ग पर लटक गए। जिसके चलते मार्ग भी बाधित हो गया। वहीं टक्कर मार कर चालक ट्रक मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना बिजली विभाग के अधिकारियों को दी गई ।जिसके बाद लाइन से जुड़े सम्बंधित क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को बंद कर दी गई। भीषण गर्मी में बिजली आपूर्ति बाधित होने के चलते मुहल्ला धनपाल, घांसी, नगला भीकन, एटा रोड, कादरगंज रोड समेत 10 से अधिक वार्डों में जनजीवन प्रभावित रहा। लोग परेशान नजर आए। पेयजल को भी तरस गए। नया पोल लगाने के बाद करीब 17 घंटे बाद गुरुवार को अपराह्न तीन बजे आपूर्ति सुचारु हो सकी। जिससे आपूर्ति प्रभावित क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली।



ट्रक की टक्कर से टूटा पोल।

> बीते रात ट्रक ने विद्युत पोल में टक्कर मार दी। जिससे विद्युत आपूर्ति ठप्प रही। पोल क्षतिग्रस्त की घटना को लेकर अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध कार्यवाही के लिए कोतवाली मे तहरीर दे दी गई है।
>
> – पवन कसोधन, विद्युत जेई

### काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ पर होंगे कार्यक्रम

**एटा, अमृत विचार:** डीएम प्रेम रंजन सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर शताब्दी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत शुक्रवार 8 अगस्त की शाम 5 बजे से शहर के जीटी रोड शहीद पार्क में राष्ट्र धुन एवं ब्रास बैंड का वादन कार्यक्रम होगा। इसके बाद कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। डीएम ने बताया नौ अगस्त को जनपद मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 10 बजे लाइव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसके उपरांत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा जनपद के सभी अमृत सरोवरों पर एक पेड़ मां के नाम थीम पर 100-100 पौधे लगाए जायेंगे। शहर के जीटी रोड सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में चित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

### निरंतर कम हो रहा गंगा का जलस्तर

**कासगंज।** पिछले कई दिनों से गंगा का जलस्तर कम हो रहा है। बीते छह दिनों में लगभग 60 से सेंटीमीटर तक जलस्तर में गिरावट आयी है। पहाड़ों हुई बारिश एवं बैराजों से छोड़े गए पानी ने कछला ब्रिज पर गंगा में पानी का दबाव बढ़ गया था। कछला ब्रिज पर पानी का जलस्तर 163 .65 सेंटमीटर तक पहुंच गया था। गांव बरौना पर हालात चिंताजनक हो गए थे। वहीं अन्य तटवर्ती ग्रामों की फसली भूमि भी गंगा के पानी से जलमग्न हो गई थी। मगर बीते छह दिनों से प्रतिदिन गंगा में पानी का दबाव कम हो रहा है। बुधवार को गंगा का जलस्तर लगभग 163 .00 मीटर दर्ज किया गया है। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता शमशेर सिंह ने बताया कि गंगा में जलस्तर निरंतर घट रहा है। फिलहाल बाढ़ की कोई संभावना नहीं है। फिर भी किसी भी परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार पूरी है।

# जलेसर के महानमई में मकान की छत गिरी, छह लोग घायल



मकान की छत गिरने के बाद मौके पर पड़ा मलबा। ● अमृत विचार

संवाददाता, जलेसर

**अमृत विचार :** जलेसर थाना क्षेत्र के महानमई गांव में गुरुवार सुबह अचानक एक मकान ढह गया। इससे एक बालक सहित छह लोग मलबे में दब गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने मलबा हटाकर घायलों को बाहर निकाला और मेडिकल कॉलेज ले जाकर भर्ती करा दिया।

थाना जलेसर क्षेत्र के गांव महानई निवासी रामजी लाल का मकान कई वर्ष पुराना था। गुरुवार सुबह उनके घर में मौजूद सभी लोग सो रहे थे। सुबह करीब साढ़े पांच बजे अचानक उनके घर की छत गिर गई, जिससे घर में मौजूद लोग मलबे में दब गए। छत गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर देखने पहुंचे। उन्होंने रामजी लाल की पत्नी राधा, नीरज पत्नी राकेश, सौम्या व कृष्णा पुत्री रामजीलाल और एक वर्षीय सौम्या पुत्री भूरी सिंह को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी शेरगढ़, बरेली

पत्रांक : 3862-सी/लेखा./2024-25/टेण्डर पत्रा. दिनांक : 08.08.2024

## निविदा सूचना

15वां वित्त टाईड/अनटाईड/पंचम राज्य वित्त योजना अन्तर्गत वित्तीय 2024-25 में स्वीकृत निम्नलिखित निर्माण कार्यो को सम्पादित कराये जाने हेतु शासकीय विभागों में पंजीकृत श्रेणी ए.बी. तथा डी. के ठेकेदारों से प्रतिशत मोहरबन्द निविदायें दिनांक 09.08.2024 से 23.08.2024 तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनुमानित लागत (बिना जी.एस.टी.) लाख रू. | 10% धरोहर राशि | कार्य की अवधि | टैण्डर का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विकास खण्ड परिसर में टाइप-2 आवास की मरम्मत एवं जीर्णाद्धार आदि कार्य। | 1 | 910000 | 91000 | 03 माह | 1100 |
| 2. | विकास खण्ड परिसर में टाइप-2 आवास की मरम्मत एवं जीर्णाद्धार आदि कार्य। | 1 | 615000 | 61500 | 03 माह | 700 |
| 3. | विकास परिसर में शौचालय में यूरिनल मरम्मत एवं जीर्णोधार (महिला/पुरुष) कार्य । | 1 | 680000 | 68000 | 03 माह | 700 |
| 4. | विकास खण्ड में गेट की तरफ चाहरदीवारी का मरम्मत कार्य । | 50 मीटर | 510000 | 51000 | 03 माह | 700 |
| 5. | मानपुर में बनईया चौराहे पर प्याऊ कार्य । | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 6. | मानपुर में मन्दिर पर प्याऊ कार्य । | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 7. | सिसौना में चौराहे पर प्याऊ कार्य । | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 8. | शाहपुर में पंचायत घर के पास प्याऊ कार्य । | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 9. | गहलुईया शिव मन्दिर में प्याऊ कार्य । | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 10. | दुनका में चौराहे पर प्याऊ कार्य । | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 11. | शेरगढ़ थाने पर प्याऊ कार्य । | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 12. | बसुधरन मन्दिर चौराहे पर प्याऊ कार्य । | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 13. | नगरिया बाजार पर प्याऊ कार्य । | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 14. | शरीफनगर में प्याऊ कार्य । | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 15. | चठिया मन्दिर पर प्याऊ कार्य। | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 16. | पहाड़पुर मन्दिर में प्याऊ कार्य। | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 17. | सिमरावा चौराहे पर प्याऊ कार्य। | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 18. | पखुर्नी मन्दिर में प्याऊ कार्य। | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 19. | कमालपुर शुमाली मन्दिर में प्याऊ कार्य। | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 20. | सहोड़ा मार्केट पर प्याऊ कार्य। | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 21. | बसई मन्दिर पर प्याऊ कार्य। | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 22. | इटौआ मन्दिर पर प्याऊ कार्य। | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 23. | रोहिली में ब्रहमदेव मन्दिर पर प्याऊ कार्य। | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 24. | डेलपुर मन्दिर पर प्याऊ कार्य। | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 25. | पिपरिया में संतोष के घर के पास प्याऊ कार्य। | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 26. | नगरिया कला शिव मन्दिर पर प्याऊ कार्य। | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 27. | लखा शिव मन्दिर पर प्याऊ कार्य। | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 28. | ग्राम पंचायतमदनापुर में प्याऊ कार्य। | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 29. | जाफरपुर में मदरसा पर प्याऊ कार्य। | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 30. | जाफरपुर मन्दिर पर प्याऊ कार्य। | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 31. | कुतकपुर चौराहे पर प्याऊ कार्य। | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 32. | ब्योंधा मन्दिर पर प्याऊ कार्य। | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 33. | बालपुर मन्दिर पर प्याऊ कार्य। | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 34. | प्रहलादपुर में बाबा के मन्दिर के पास प्याऊ कार्य। | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 35. | मानपुर में मबई चौराहे पर प्याऊ कार्य। | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 36. | बूंची में मेन रोड पर प्याऊ कार्य। | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 37. | कुंवरगढा में प्याऊ कार्य। | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 38. | मोहम्मदपुर में मन्दिर पर प्याऊ कार्य। | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 39. | ग्राम पंचायत अम्रता में प्याऊ कार्य। | 1 | 330000 | 33000 | 03 माह | 400 |
| 40. | ग्राम पंचायत मानपुर में छेदालाल के घर से धर्मेन्द्र के मकान से होते हुये शिव मन्दिर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य। | 220 मीटर | 999000 | 99900 | 03 माह | 1100 |
| 41. | ग्राम पंचायत भीकमपुर के मजरा बूचनपुर में प्राथमिक स्कूल से सोमपाल के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 170 मीटर | 980000 | 98000 | 03 माह | 1100 |
| 42. | ग्राम पंचायत गुलडिया में सतेन्द्र प्रधान जी की बैठक से केहरी के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 170 मीटर | 550000 | 55000 | 03 माह | 700 |
| 43. | ग्राम पंचायत गहलुईया में ओमप्रकाश के घर से छोटेलाल के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 170 मीटर | 950000 | 95000 | 03 माह | 1100 |
| 44. | ग्राम पिपरिया में धर्मपाल के खेत से शमशान भूमि तक खड़न्जा निर्माण व मिट्टी कार्य। | 350 मीटर | 999000 | 99900 | 03 माह | 1100 |
| 45. | ग्राम पंचायत सिमरावा में अंजीर महाराज से खड़न्जा तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 150 मीटर | 800000 | 80000 | 03 माह | 1000 |

**नियम व शर्तें-**

1. निविदा फार्म/अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय/खण्ड विकास अधिकारी शेरगढ़ कार्यालय से दिनांक 23-08-2024 तक क्रय किया जा सकता है।
2. निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ.डी.आर./एन.एस.सी./बैंक ड्राफ्ट जोकि बन्धक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय शेरगढ़ के पक्ष में मुहरबन्द लिफाफे में निविदा प्रपत्र के साथ संलग्नकर खण्ड विकास अधिकारी शेरगढ़ के कार्यालय में टेन्डर बाक्स में सीलबन्द निविदा/टेन्डर दिनांक 23-08-2024 दोपहर 12 बजे तक डाले जायेंगे तथा धरोहर राशि 10 प्रतिशत धनराशि अनुवन्ध के समयं अनिवार्य रूप में जमा करनी होगी ।
3. डाले गये निविदा/टेन्डर को कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, शेरगढ़ के समक्ष दिनांक 24-08-2024 को सांय 3:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोले जायेंगे।
4. निविदा को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी खण्ड विकास अधिकारी, शेरगढ़ बरेली में निहित होगा ।
5. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायालय बरेली में मान्य होगा।
6. निविदा भरते समय निविदा की प्रतिशत दरों को अंकों के साथ-साथ शब्दों में उल्लिखित किया जाये ।
7. निर्धारित तिथि उपरान्त प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।
8. निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण न होने की दशा में निविदा टेन्डर की जमानत राशि जब्त कर निविदा निरस्त कर दी जायेगी ।

खण्ड विकास अधिकारी
शेरगढ़, बरेली


# हर घर तिरंगा अभियान: तय तिथियों में होंगे कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- भाजपा जिला प्रभारी ने बैठक में कार्यकर्ताओं को दिए निर्देश



कासगंज में पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष दीप जलाते जिला प्रभारी पूनम बजाज व जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी।

**अमृत विचार :** हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी की जिला स्तरीय बैठक गुरुवार को जिला कार्यालय पर हुई। बैठक में प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी ने कार्यकर्ताओं को अभियान के तहत होने वाले कार्यक्रम तय तिथियों में करने के निर्देश दिए।साथ ही अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की।

बैठक के आरंभ में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। जिला प्रभारी प्रदेश मंत्री पूनम बजाज ने कहा कि क्षेत्र की जनता के साथ-साथ पार्टी का हर कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर तिरंगा लहराकर राष्ट्र की एकता एवं अखंडता का संकल्प पूरा करें। बताया कि 15 पार्टी ने 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के दिन हर घर तिरंगा के संकल्प के साथ अभियान की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। इस अभियान सफल बनाने के लिए मंडल स्तर पर बैठकें की जाएंगी। 11, से 13 अगस्त को प्रत्येक विधानसभा में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता तिरंगा यात्रा निकालेंगे। 12 व 14 अगस्त को महापुरुषों की प्रतिमा एवं स्मारकों के आसपास स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जाएगा। 13, 14 और 15 अगस्त को प्रत्येक कार्यकर्ता जन-जन से संपर्क कर प्रत्येक घर एवं व्यवसायिक केन्द्रों पर हर घर तिरंगा फहराने के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी ने कहा कि सभी मण्डल अध्यक्ष अपने-अपने मण्डल में बैठक करके बूथ स्तर पर घर-घर तिरंगा बांटेंगे।बैठक में अनिल कुमार सिंह पुंढीर, रमेश साहू, राजवीर सिंह भल्ला, कौशल साहू ने भी बैठक को संबोधित किया। इस दौरान संचालक संजय सोलंकी, रूप किशोर कुशवाहा, रामनिवास राजपूत, महेंद्र सिंह राणा, संजीव चौहान, अनुरोध प्रताप सिंह, योगेंद्र चौहान, संजय पुंढीर, केपी सिंह, योगेंद्र चौधरी, रविंद्र ब्रह्मचारी, मनोज शर्मा, कुलदीप प्रतिहार, अर्जुन वैश्य, अखंड प्रताप सिंह, लालता लोधी, हिमांशु उपाध्याय, जिला मीडिया प्रभारी केके सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# मां को कांवड़ में बैठा कराई चारधाम यात्रा, अब रामलला के दर्शन

## बदायूं के धीरज और तेजपाल 181 दिन में पूरी कर चुके हैं चारधाम यात्रा, मां की इच्छा अयोध्या जाने की

- पूरनपुर पहुंचने पर बोले- अब मां की इच्छा पर रामलला के दर्शन के बाद यात्रा का होगा समापन
- बदायूं के दोनों बेटों के इस साहसिक कार्य की लोगों ने की जमकर सराहना

संवाददाता, पूरनपुर



मां राजेश्वरी देवी को कांवड़ में बैठाकर अयोध्या ले जाते धीरज और तेजपाल।

**अमृत विचार:** त्रेता युग के श्रवण कुमार की कथा तो सब ने सुनी होगी। श्रवण कुमार ने अपने बूढ़े माता-पिता को कांवड़ में बैठाकर यात्रा कराई थी। इस कलयुग में श्रवण कुमार जैसे बेटे मुश्किल से मिलते हैं। तभी इस बात पर शायद ही कोई विश्वास करेगा कि कोई बेटा अपनी मां को कांवड़ में बैठाकर चार धाम की पैदल यात्रा पर निकला होगा।

मगर यह सच है, बदायूं के दो भाई अपनी मां को कांवड़ पर बैठाकर 181 दिन में चार धाम की यात्रा पूरी करा चुके हैं। अब मां की इच्छा पर दोनों भाई अब उन्हें अयोध्या में रामलला के दर्शन कराने के लिए ले जा रहे हैं। पूरनपुर पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान लोग उनकी सराहना किए बिना नहीं रह सके।

आज के दौर में लोग मां-बाप को वृद्धाश्रम छोड़ आते हैं और अपने साथ रखने में बोझ समझते हैं। बदायूं की तहसील बिसौली क्षेत्र के गांव नूरपुर निवासी धीरज और उनके छोटे भाई तेजपाल अपनी माता राजेश्वरी को चार धाम की यात्रा के लिए छह महीने घर से निकले थे।

कावंड में बैठाकर 181 दिन में दोनों भाईयों ने मां को चार धाम की यात्रा कराई। अब दोनों भाई मां को अयोध्या में भगवान श्री राम के दर्शन कराने के लिए ले जा रहे हैं। पूरनपुर पहुंचने पर उन्होंने अमृत विचार को यात्रा के बारे में बताया। धीरज और तेजपाल ने बताया कि हरिद्वार में लोगों को माता पिता को कांवड़ में यात्रा कराते हुए देखा तो उन्होंने भी अपनी मां को कांवड़ में बिठाकर धार्मिक यात्रा पर जाने का निर्णय लिया।

घर वापस आकर उन्होंने मां राजेश्वरी देवी से चार धाम की यात्रा कराने की इच्छा जाहिर की।

मां के हामी भरने पर उनके लिए कांवड़ तैयार की। मजबूत बांस में कुर्सी बांधकर उसमें मां को बिठाया और कंधे पर उठाकर चार धाम की यात्रा पर निकल पड़े।

### 18 फरवरी से शुरू की थी चार धाम यात्रा

धीरज और तेजपाल वैसे तो खेतीबाड़ी के अलावा फलों के जूस बिक्री का काम करते हैं। बीते 18 फरवरी को उन्होंने माता को चार धाम ले जाने की यात्रा शुरू की थी। पैदल चलकर उन्होंने उत्तरखंड के यमनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ की यात्रा पूरी की। अब वह मां को कांवड़ में बिठाकर अयोध्या में भगवान श्री राम के दर्शन कराने के लिए ले जा रहे हैं। छोटे भाई तेजपाल ने बताया कि चार धाम की यात्रा पूरी करने में उन्हें लगभग 181 दिन लगे। दोनों भाईयों ने बताया कि अयोध्या में दर्शन के बाद यात्रा का समापन करेंगे।

### माता-पिता को वृद्धाश्रम छोड़ने वालों को सीख

धीरज और उनके छोटे भाई तेजपाल का कहना है कि उनकी मां चलने में असमर्थ हैं। कहा कि इससे समाज के उस वर्ग को सीख देने का प्रयास है, जो अपने माता पिता को वृद्धा आश्रम में छोड़कर आते हैं। वहीं, मां राजेश्वरी का कहना है कि आजकल के बच्चों को सीख लेने की जरूरत है। वृद्धा आश्रम भेजने वालों को उनके बेटों ने एक सीख देने का प्रयास किया है। उनकी इस सेवा का हकदार सभी माताएं हैं, जरूरत अच्छे संस्कार देने की है।

## काकोरी महोत्सव पर आज होंगे कार्यक्रम

**बदायूं, अमृत विचार :** काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ पर महोत्सव का आयोजन शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में होगा। इस कार्यक्रम में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश कुमार सिंह मुख्य अतिथि रहेंगे। सीडीओ केशव कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठक ली। विकास भवन सभागार में हुई बैठक के दौरान सीडीओ ने सभी विभागों के अधिकारियों को उनके दायित्व सौंपे। कहा कि वह अपने कार्यों को सुचारू रूप से करें अधिकारियों को बताया कि कार्यक्रम में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार उद्यान, कृषि वितरण, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात दिनेश प्रताप सिंह मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## 31 को होगा रुहेलखंड विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह

**बरेली , अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय का 22वां दीक्षांत समारोह 31 अगस्त को मनाया जाएगा। राजभवन से तिथि निर्धारित होने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने गुरुवार को समिति कक्ष में बैठक कर तैयारियों के संबंध में जरूरी निर्देश दिए। अब विश्वविद्यालय जल्द से जल्द परिणाम जारी करेगा ताकि टॉपर्स की सूची तैयार की जा सके।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/III/मुरादाबाद द्वारा ई–टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | 110-DRM-MB-24-25 08.08.2024 |
| कार्य का नाम | TRR(P)=26.357 Tkm and Associated track works under Sr.DEN-III/MB. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 03.09.2024, 16:00 बजे |
| अनुमानित लागत (रु.) | 1,35,45,270.00 |
| धरोहर राशि (रु.) | 2,17,700 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 20.08.2024 |
| आफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 8 माह |

सं.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 08.08.2024 2461/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी की मै. एम.एस. फूड ग्लोबल इंडस्ट्रीज पता जहानाबाद रोड़, रिच्छा बरेली बरेली उत्तर प्रदेश 243201 जिसकी पंजीकरण सं.–BAR/0008046 है, यह उपरोक्त फर्म दिनांक 12.08.2023 से निरन्तर सुचारू रूप से कार्य कर रही है, उपरोक्त फर्म से एक साझेदार अब्दुल कासिम पुत्र श्री अब्दुल सलीम दिनांक 01.04.2024 को स्वेच्छा से रिटायर/सेवानिवृत्त हो रहे है, उक्त के स्थान पर एक नया साझेदार श्रीमती फरहत बी पत्नी श्री मो. अशरफ निवासिनी वार्ड नं. 14 मोहल्ला घेर, रिच्छा बहेडी बरेली उ.प्र. 243201 दिनांक 01.04.2024 को स्वेच्छा से सम्मिलित हो रही है। उपरोक्त फर्म में वर्तमान में कुल दो साझेदार है कमश: 1. मो. अशरफ 2. श्रीमती फरहत बी साझेदार हैं।

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त साझेदारी के संशोधन के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं मेरे द्वारा पूर्ण कर ली गई। **मो. अशरफ, साझेदार**



**श्रीमती शारदा जौहरी नगर पालिका कन्या महाविद्यालय**

कासगंज (उ.प्र.)

राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ से सम्बद्ध

पत्रांक: 2252/परा.स्ना./2024–25 दिनांक: 08.07.2024

**आवश्यकता है:-**

अ) शिक्षक कला वर्ग– (प्रवक्ता स्नाकोत्तर स्तर)
अंग्रेजी– 01, शिक्षाशास्त्र– 01, संगीत गायन– 01, संगीत वादन तबला– 01, समाजशास्त्र– 01, हिन्दी– 01, संस्कृत– 01, लिपिक– 01, एकाउण्टेन्ट (जो कम्प्यूटर का ज्ञान रखता हो)– 01

ब) शिक्षक कला वर्ग– (प्रवक्ता स्नातक स्तर)
गृहविज्ञान– 01

उपरोक्त सभी पदों हेतु रू. 100/– नगद भुगतान पर आवेदन पत्र महाविद्यालय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है आवेदन पत्र पंजीकृत डाक से विज्ञापन तिथि से 21 दिन से अन्दर महाविद्यालय में प्राप्त हो जाने चाहिए अहर्ता विश्वविद्यालय परिनियतावली के अनुसार होगी। अनुभवी अभ्यार्थियों को वरीयता दी जायेगी। **केवल महिला अभ्यार्थी ही आवेदन करें।**

**मीना (प्रबंधक)**
**श्रीमती शारदा जौहरी न.पा. कन्या महाविद्यालय, कासगंज**

**प्रो. डॉ. रानू शर्मा (प्राचार्या)**
**श्रीमती शारदा जौहरी न.पा. कन्या महाविद्यालय, कासगंज**



**कार्यालय अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली।**

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

निविदा संख्याः मा0शि0प0/स्टोर/18 दिनांक 06.08.2024

माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा संचालित होने वाली वर्ष 2025 की हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट की परीक्षाओं के दृष्टिगत क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली परिक्षेत्र के अन्तर्गत 09 जनपदों (मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर, रामपुर, सम्भल, बरेली, बदायूँ, शाहजहाँपुर एवं पीलीभीत) में महत्वपूर्ण प्रपत्र/अभिलेख लाने व पहुंचाने, राजकीय मुद्रणालय रामपुर लेखन सामग्री, मुख्य कार्यालय प्रयागराज एवं नई दिल्ली को आवश्यक पत्रजात लाने व पहुंचाने हेतु किराये की बड़ी ट्रक, मिनी ट्रक व बन्द वाहन (कार) की व्यवस्था हेतु रजिस्टर्ड ट्रान्सपोर्टरों से जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक फर्मे निविदा फार्म, नियम व शर्तो से सम्बन्धित विवरण भारत सरकार की वेवसाइट gem.gov.in से दिनांक 13.08.2024 से प्राप्त कर सकते है। आरनेंस्ट मनी (ई0एम0डी0) के रूप में रू0 15000/– (रूपये पन्द्रह हजार मात्र) एन0एस0ई0/एफ0डी0आर0 जो (अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली के पदनाम बन्धक होगी), निविदा फार्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। भारत सरकार की वेबसाइट gem.gov.in पर दिनांक 13.08.2024 से जेम पोर्टल पर पूर्णतः भरी हुई अल्पकालिक निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि 23.08.2024 को अपरान्ह 2.00 बजे तक होगी। वेबसाइट पर अपलोड निविदाओं को दिनांक 24.08.2024 अपरान्ह् 3.00 बजे समस्त उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली की अध्यक्षता में गठित निविदा समिति के समक्ष डाउनलोड कर खोला जायेगा।

किसी भी निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय बरेली का सुरक्षित होगा।

अनुमानित संख्याः
1– बड़ी ट्रक– 05 नग, 9 टन क्षमता।
2– मिनी ट्रक– 100 नग, 5 टन क्षमता।
3– मिनी ट्रक– 100 नग, 3 टन क्षमता।
4– छोटी कार – 20 नग, (5 सीट वाली चालक सहित)
5– बड़ी कार – 20 नग, (7 सीट वाली चालक सहित)

डॉ0 (नीरज कुमार पाण्डेय)
अपर सचिव,
माध्यमिक शिक्षा परिषद,
क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली

**UP-218210 दिनांक 07.08.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**


# छात्रों के लिए एप विकसित करेगा राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय

बरेली कार्यालय

- कुलपति ने अध्ययन केंद्रों के समन्वयकों को दिया एक लाख प्रवेश का लक्ष्य

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के डोहरा रोड स्थित क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र में गुरुवार को मेरठ और बरेली के क्षेत्रीय कार्यालयों के प्राचार्यों और समन्वयकों की नामांकन, संवाद, संपर्क और संप्रेषण विषय पर कार्यशाला हुई। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. सत्यकाम ने कार्यशाला में कहा कि इस बार का लक्ष्य एक लाख छात्रों का प्रवेश लेना है। इसके अलावा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का भी ध्यान रखना होगा। विश्वविद्यालय यूपीआरटीओ एप तैयार कर रहा है, जिससे एक क्लिक में नामांकित छात्र के प्रवेश से लेकर परीक्षा परिणाम तक सभी सूचनाएं आसानी से मिल सकेंगी।

उन्होंने कहा कि दूरस्थ शिक्षा के तहत नई शिक्षा नीति के अनुसार सेमेस्टर सिस्टम में छात्रों को असाइनमेंट, प्रोजेक्ट या प्रैक्टिकल ऑनलाइन या ऑफलाइन के माध्यम से दे सकेंगे। एमबीए और एमसीए के छात्रों को क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र उपलब्ध कराया जाएगा। छात्रों के परीक्षा केंद्र भी स्थानीय ही दिए जाएंगे। उन्होंने कहा अन्य कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के साथ संपर्क बढ़ाया जाएगा जिससे छात्रों को नई शिक्षा नीति के तहत एक डिग्री कोर्स के साथ अन्य डिप्लोमा और डिग्री की महत्ता का पता चल सके।प्रवेश प्रभारी प्रो. जयप्रकाश यादव ने बताया अब तक विश्वविद्यालय के 101 छात्रों का चयन मल्टीनेशनल कंपनियों में हो चुका है।

डॉ. जीके द्विवेदी ने बताया दूरस्थ शिक्षा से संबंधित समस्याओं के निवारण के लिए हर जिले में एक स्टडी सेंटर स्थापित किया जाएगा।

# कृमि नाशक दिवस आज से

संवाददाता, सहसवान

**अमृत विचार :** खंड विकास सभागार में बाल विकास परियोजना अधिकारी की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की बैठक में राष्ट्रीय कृमि नाशक दिवस एवं जेई वैक्सीनेशन के संबंध में जानकारी दी गई।

बैठक में बाल विकास परियोजना अधिकारी ओपी विमल और डब्लूएचओ के नितिन सक्सेना, यूनिसेफ के नवीन सक्सेना, एवं डॉक्टर हेमंत महेश्वरी व क्षेत्रीय मुख्य सेविका शीला सिंह ने 9 अगस्त से होने वाले कृमि नाशक दिवस एवं जे ई वैक्सीनेशन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर एक पांच वर्ष तक के बच्चों को एवं पांच से उन्नीस वर्ष की बालिकाओं को जो स्कूल नहीं जा रही हैं उन्हें एन्वेडाजॉल की टेबलेट खिलाई जाएगी। 14 अगस्त को छूटे हुए बच्चों को टेबलेट खिलाई जाएगी। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य संबंधी एवं बच्चों को कुपोषण की और प्रबंधन के विषय में जानकारी दी गई । अनुपस्थित आंगनबाड़ियों का मानदेय रोकने की करवाई की गई।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म्स मैसर्स राम वक्स गोमती फ्यूल प्वाइन्ट, पता निकसुआ, फरीदपुर, बरेली जिसकी पंजीकरण सं.–B-11787 में साझेदार श्री सिया राम सागर पुत्र श्री राम वक्श प्रसाद निवासी मोहल्ला म्रिधान, तहसील फरीदपुर जिला बरेली, उत्तर प्रदेश का दिनांक 15 जुलाई 2019 को आकस्मिक निधन हो गया है उनकी जगह उनकी बेटी श्रीमती मीरा देवी पुत्री स्व. श्री सिया राम सागर निवासी 19, बजरंग एन्क्लेव, बीसलपुर रोड बरेली उत्तर प्रदेश को उक्त फर्म में 16 जुलाई 2019 को नया साझेदार बनाया गया है, फर्म में कुल दो साझेदार 1. श्रीमति मीरा देवी पुत्री श्री सिया राम सागर व 2. मुरारी लाल पुत्र श्री मदन लाल है। एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में मेरे द्वारा समस्त विधिक औपचारितायें पूर्ण कर ली गयी है। **मुरारीलाल साझेदार मैसस राम वक्स, गोमती फ्यूल प्वाइन्ट, पता निकसुआ, फरीदपुर बरेली। पंजीकरण सं. B-11787**



**इश्तहार मुजरिया**
**न्यायालय श्रीमान जिला न्यायाधीश महोदय बरेली**
**प्रकीर्ण वाद सं0 09 सन् 2024**

श्रीमती रेखा पत्नी स्व0 श्री सुभाषचन्द्र निवासी ग्राम व पोस्ट वसुधरन जागीर थाना देवरनियां परगना रिछा तहसील बहेड़ी जिला बरेली वादिनी........... बनाम 1. श्री बाबूराम पुत्र स्व0 श्री भीमसेन निवासी ग्राम सुन्दर गौटियां पोस्ट वसुधरन जागीर परगना रिछा थाना शेरगढ़ तहसील बहेड़ी जिला बरेली 2. श्रीमती चन्द्रवती देवी पत्नी श्री बाबुराम निवासी ग्राम सुन्दर गौटियां पोस्ट वसुधरन जागीर परगना रिछा थाना शेरगढ़ तहसील बहेड़ी जिला बरेली 3. आम जनता विपक्षीगण ....... दरखास्त मुसम्मी श्रीमती रेखा पत्नी स्व0 श्री सुभाषचन्द्र ने वास्ते हुक्म सर्टिफिकेट वसूल कर्ज व किफायत जाये या फतावी मुसम्मी मृतक सुभाषचन्द्र पुत्र स्व0 सेवाराम, स्व0 श्रीमती सुमित्रादेवी पत्नी स्व0 श्री सुभाषचन्द्र निवासी ग्राम व पोस्ट वसुधरन जागीर थाना देवरनियां परगना रिछा तहसील बहेड़ी जिला बरेली के अल्पवय प्राप्त विक्की बाबू गंगवार, अनामिका, अंशिका गंगवार, सुमित गंगवार व भैरवी गंगवार अपने व मुजावि एक्ट 7 सन् 1889 ई0 व कैद श्रीमती रेखा पत्नी स्व0 श्री सुभाषचन्द्र निवासी ग्राम व पोस्ट वसुधरन जागीर जिला बरेली। हरगाह मुसम्मी श्रीमती रेखा पत्नी स्व0 श्री सुभाषचन्द्र ने दरखास्त हुक्म सर्टिफिकेट और तारीख 14–08–2024 वास्ते सयायत दरखास्त हाजा के मुकर्रर की है, लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी भी दरखास्त हाजा के निश्वत कोई उज्र हो अदालतन या वकीलतन व तारीख 14–08 2024 को पेश होकर दरखास्त हाजा की निश्वत उज्र पेश करें, दरसूरत इनकारे तारीख मुकर्रर कोई उज्र निश्वत दरखास्त सुना नहीं जायेगा और मुनासिब हुक्म निश्वत दरखास्त हाजा सादिर होगा । आज तारीख 05.08.2024 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।



**कार्यालय ग्राम पंचायत इटौआ, विकास खंड शेरगढ़ (बरेली)**

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./2024–25 दिनांक 08.08.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत इटौआ विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली) की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खड़ंजा नव निर्माण एवं खड़ंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिवोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनवाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण, खाद के गड्ढों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलाकिंग ईंट, ह्यूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफा कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफा किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 13.08.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक–13.08.2024 को 2.00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**प्रधान** **सचिव**



**कार्यालय ग्राम पंचायत गनूनगला, विकास खंड शेरगढ़ (बरेली)**

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./2024–25 दिनांक 08.08.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गनूनगला विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली) की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खड़ंजा नव निर्माण एवं खड़ंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिवोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनवाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण, खाद के गड्ढों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलाकिंग ईंट, ह्यूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफा कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफा किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 13.08.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक–13.08.2024 को 2.00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**प्रधान** **सचिव**



**कार्यालय नगर पंचायत खुदागंज, जनपद शाहजहांपुर**

पत्रांक: 3095(1)/न.पं.खु./प्रेस विज्ञप्ति/2024–25 **सूचना** दिनांक: 06.08.2024

नगर पंचायत खुदागंज के समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत खुदागंज में कम की गयी भूमि / प्लाट एवं पैतृक भूमि / प्लाट के नामांतरण हेतु सम्पत्ति को नगर पंचायत खुदागंज के अभिलेखों में दर्ज कराने हेतु निम्न लोगों ने प्रार्थनापत्र दिये है।

| क्र. सं. | क्रेता/भूस्वामी का नाम व पता | विक्रेता का नाम व पता | भूखण्ड का स्थान | भूखण्ड का क्षेत्रफल | भूखण्ड/दुकान की चौहदरी |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | रवि राठौर पुत्र मुरारी लाल नि. मो. राठान, खुदागंज, जनपद शाहजहांपुर | अजय प्रताप सिंह पुत्र राजवीर सिंह नि. ग्रा. चरखौला परगना जलालपुर शाहजहांपुर | प्लाट लक्ष्मीपुर बांगर | 35.61 वर्ग मी. | उत्तर में दुकान योगेन्द्र प्रताप सिंह<br>पूरब में खुत विक्रेता<br>पश्चिम में देवरास मार्ग<br>दक्षिण में प्लाट |
| 02. | सरोजनी देवी पत्नी लाल बहादुर नि. मो. सदर कस्बा खुदागंज, शाहजहांपुर | मुक्ता शर्मा पत्नी कुंवर दीपक शर्मा पुत्री सुभाष चन्द्र शर्मा नि. मो. आतिशवाजान, कटरा, शाहजहांपुर | सदर द्वितीय | 94.58 वर्ग मी. | उत्तर में आरजी विक्रेता<br>पूरब में आरजी विक्रेता<br>पश्चिम में रास्ता<br>दक्षिण में विक्रेता |
| 03. | वीरेन्द्र कुमार पुत्र राधेलाल नि. मो. हनुमानगली, खुदागंज | राधेलाल पुत्र मुन्ना लाल एवं जनदेई पत्नी राधेलाल मो. हनुमानगली, खुदागंज, शाहजहांपुर से विरास में | मो. सदर जैन रोड खुदागंज | 25 डिसमिल | उत्तर में समीर शर्मा<br>पूरब में मनोज अग्रवाल<br>पश्चिम में रोड<br>दक्षिण में हंसराज जैन |
| 04. | राजेश कुमार गुप्ता पुत्र राम भरोसे लाल मो. नयागंज, खुदागंज, शाहजहांपुर | मोहित गुप्ता पुत्र जयजयराम नि. ग्राम बाजपुर कुमरखा, तिलहर, शाहजहांपुर | हनुमानगली, खुदागंज | 20.93 वर्ग मी. | उत्तर में रास्ता<br>पूरब में प्लाट अर्जुन<br>पश्चिम में आरजी विक्रेता<br>दक्षिण में प्लाट क्रेता |
| 05. | रामरतन पुत्र ननकाई नि. मो. लक्ष्मीनगर, खुदागंज | कमल कुमार पुत्र श्रीकृष्ण नि. मो. खुदागंज, शाहजहांपुर | लक्ष्मीनगर, खुदागंज | 83.70 वर्ग मी. | उत्तर में आरजी विक्रेता<br>पूरब में रास्ता कच्चा<br>पश्चिम में आरजी विक्रेता<br>दक्षिण में आरजी विक्रेता |
| 06. | लालाराम पुत्र कन्हई लाल नि. मो. लक्ष्मीनगर, खुदागंज, शाहजहांपुर | मेवाराम पुत्र कंधई लाल मो. लक्ष्मीनगर, खुदागंज शाहजहांपुर | लक्ष्मीनगर, खुदागंज | 296.85 वर्ग मी. | उत्तर में मकान मुन्नू सिंह का<br>पूरब में खेत कमल कुमार सक्सेना<br>पश्चिम में रास्ता<br>दक्षिण में मकान जगदीश प्रसाद गंगवार |
| 07. | विनोद शर्मा पुत्र वीरपाल मो. साहूकारा, खुदागंज, शाहजहांपुर | विटोली देवी पत्नी जुगेन्द्र सिंह नि. ग्राम सुराही परगना जलालपुर | साहूकारा, खुदागंज | 14.23 वर्ग मी. | उत्तर में दुकान व मकान विक्रेता<br>पूरब में सड़क<br>पश्चिम में मकान विक्रेता<br>दक्षिण में मकान रामनिवास |
| 08. | स्व. खुशनुमार बेगम पत्नी स्व. जफर बेग पुत्रगण:– मुजफ्फर वेग, शहजाद बाबू, मुस्तकीम वेग, मोईन वेग, नि. मो. सदर, खुदागंज शाहजहांपुर | लियाकत वेग पुत्र नवाब वेग मो. सदर प्रथम, खुदागंज, शाहजहांपुर | सदर प्रथम, खुदागंज | 104.89 वर्ग मी. | उत्तर में निकास रहीस वेग आदि<br>पूरब में प्लाट रहीस वेग<br>पश्चिम में निकास व माकन आमिर वेग<br>दक्षिण में मकान क्रेता |

इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो एक माह के अन्दर किसी भी कार्यालय दिवस में नगर पंचायत खुदागंज कार्यालय में दर्ज करा सकता है, उक्त समय सीमा के बाद किसी भी आपत्ति पर नगर पंचायत खुदागंज द्वारा कोई विचार नहीं किया जायेगा और उपरोक्त सम्पत्ति नगर पंचायत खुदागंज अभिलेखों में दर्ज कर ली जायेगी। सूचित होवे।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत खुदागंज, शाहजहांपुर**


## आपस में लड़ते दो युवक नहर में गिरे, एक की मौत

**आगरा।** दो युवक झगड़ते हुए ताज माइनर नहर में गिर गए। एक युवक की मौत हो गई। दूसरा युवक निकलकर मौके से भाग गया। मृत युवक की पहचान शहीद नगर निवासी शाहरुख के रूप में हुई। एसीपी सदर सुकन्या शर्मा ने मौका मुआयना किया। ताज माइनर नहर जब बनी थी, तब यहां आबादी नहीं थी। अब यहां घनी आबादी है, जिसके चलते आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं।पार्षद धर्मवीर सिंह लोधी ने कहा कि कई लोगों की जान नहर में गिरने से जा चुकी है। बरसात के समय नहर और सड़क पर पानी लबालब भरा रहता है जिससे नहर का अंदाजा नहीं हो पाता। लोधी ने प्रशासन से नहर में पाइप डलवाकर बंद कराने या पूरी नहर को कवर कराने की मांग की।

## दोस्त की जमानत कराने को खुद बन गए चोर

**आगरा, अमृत विचार :** थाना ट्रांस यमुना में 19 जुलाई को एक घर का ताला तोड़कर चोरी की गई थी। पुलिस ने गुरुवार को रुनकता के रहने वाले जीशान और रवि को गिरफ्तार किया। तीसरा साथी नदीम फरार है। पुलिस को पूछताछ में बताया कि तीनों ने चोरी के सामान को बेचकर रवि के भाई की जमानत कराई। बचे पैसे मौज–मस्ती में खर्च किए। बाकी सामान कांशीराम आवास कॉलोनी के एक खंडहर में दबा दिया।


**किसान सहकारी चीनी मिल्स लि. सेमीखेड़ा (बरेली)**

**ई–निविदा सूचना**

इस मिल समिति में पेराई सत्र 2023–24 में उत्पादित 3165 कु. ब्राउन शुगर (50 किग्रा. पी.पी. बैग) की बिक्री जहाँ है जैसी है वजन के आधार पर औद्योगिक ईकाईयों/उपभोक्ताओं हेतु ई–निविदा प्रक्रिया की जाती है जो दि. 09.08.2024 को ई–निविदा वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगी। उक्त ई–निविदा प्रक्रिया की टेक्निकल बिड दिनांक 21.08.2024 प्रातः 11:00 बजे एवं कामर्शियल बिड ओपनिंग दिनांक 21.08.2024 सायं 03:00 बजे तक है, ई–निविदा के साथ रू. 25 प्रति. कु. की दर से धरोहर धनराशि रू. 79125.00 एवं निविदा फार्म का मूल्य रू. 590.00 देय होगा। अन्य विवरण उक्त ई–निविदा वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

**प्रधान प्रबन्धक**



**प्राथमिक विद्यालय मझौआ फर्रखपुर वि.क्षे. फरीदपुर, बरेली**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्रांक सं. एस.एस.ए/निर्माण/ 1634–46/2024–25 दिनांक 27.07.2024 के अनुपालन में प्रा. वि. मझौआ फर्रखपुर के प्रांगण में स्थित जर्जर भवन की नीलामी 12. 08.2024 दिन सोमवार को प्रातः 10:00 बजे विद्यालय प्रांगण में की जायेगी। आवश्यक प्रक्रिया पूरी न होने की स्थिति में नीलामी पुनः दिनांक 14.08.2024 तथा 17.08.2024 को प्रातः 10 बजे से की जायेगी । बोली से पूर्व बोलीकर्ता को अपना आधार कार्ड व रू. 6200/– जमानत राशि के रूप में जमा करने होंगे। बोलीकर्ता का रजिस्ट्रेशन नीलामी दिनांक को प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक होगी। नीलामी की शर्तें विद्यालय पहुंचकर प्राप्त की जा सकती है।

**बाबू खाँ**
**विद्यालय प्रबन्ध समिति प्रा.वि. मझौआ फर्रखपुर वि. क्षे. फरीदपुर, बरेली**

**नूतन जायसवाल (सचिव)**
**विद्यालय प्रबन्ध समिति प्रा. वि. मझौआ फर्रखपुर वि. क्षे. फरीदपुर, बरेली**



**कार्यालय ग्राम पंचायत लालपुर विकास खंड फतेहगंज पश्चिमी (बरेली)**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024– 25 में ग्राम पंचायत लालपुर में ग्राम निधि एवं मनरेगा कन्वर्जेंस योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है :– प्रथम श्रेणी ईंट, बजरी, बजर फुट, सरिया, सीमेंट, रेत, रोड़ी व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | योजना का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम लालपुर में समुदाय के लिए पशु शेड निर्माण कार्य | 17.18 लाख | ग्राम निधि एवं मनरेगा कन्वर्जेंस |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदाएं दिनांक 09.08.2024 से दिनांक 13.08.2024 दोपहर 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सांय 4:00 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है। किसी भी विवाद की स्थिति में ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**ग्राम प्रधान** **सचिव**



**कार्यालय ग्राम पंचायत अमृता, विकास खंड शेरगढ़ (बरेली)**

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./2024–25 दिनांक 08.08.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अमृता विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली) की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खड़ंजा नव निर्माण एवं खड़ंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिवोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनवाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण, खाद के गड्ढों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलाकिंग ईंट, ह्यूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफा कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफा किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 13.08.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक–13.08.2024 को 2.00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**प्रधान** **सचिव**

उपदेशो हि मूर्खाणां प्रकोपाय न शान्तये।
पय:पानं भुजंगानां केवलं विषवर्द्धनम्॥

मूर्खों को दिया हुआ उपदेश उनके क्रोध को बढ़ाता ही है शांत नहीं करता, जिस प्रकार सांपों को पिलाया हुआ दुध हमेशा उनका विष ही बढ़ाता है।

## संपादकीय

# सरकार की तैयारी

इन दिनों विवादों में चल रहे वक्फ कानून, 1995 में सुधार के दावों के साथ लाया गया संशोधन विधेयक सरकार ने गुरुवार को लोकसभा में पेश किया। सरकार का दावा है कि वक्फ बोर्डों के कामकाज में जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाने और इन निकायों में महिलाओं की अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विधेयक लाया गया है। विपक्षी दलों की आपत्ति के बाद इसे संयुक्त संसदीय दल (जेपीसी) को भेजे जाने का प्रस्ताव रखा गया। वक्फ बोर्ड को भारत में रेलवे और रक्षा विभाग के बाद तीसरा सबसे बड़ा भूमिधारक कहा जाता है। वर्तमान में 8 लाख एकड़ में फैली 8,72,292 पंजीकृत वक्फ संपत्तियां हैं। इन संपत्तियों से 200 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त होता है। एक बार जब किसी संपत्ति को वक्फ घोषित कर दिया जाता है तो वह अहस्तांतरणीय हो जाती है। गौरतलब है कि 1995 का वक्फ अधिनियम एक वक्फ द्वारा 'औकाफ' (वक्फ के रूप में समर्पित और अधिसूचित संपत्ति) को नियंत्रित करता है। यूपीए सरकार के तहत 2013 में संशोधन ने वक्फ बोर्डों को व्यापक शक्तियां प्रदान कीं, जो तब से विवादास्पद हैं। विधेयक में संशोधन की तैयारी 2024 के लोकसभा चुनाव से काफी पहले शुरू हो गई थी। हाल ही में विधेयक की कैबिनेट द्वारा समीक्षा की गई थी। ओमान और सऊदी अरब जैसे इस्लामी देशों में कानूनों की प्रारंभिक समीक्षा से पता चला है कि ये देश किसी एक इकाई को इतनी व्यापक शक्तियां नहीं देते हैं। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में वक्फ कानून में संशोधन का बचाव किया। कहा कि विपक्ष राजनीति के लिए विरोध कर रहा है। अब यह विधेयक जेपीसी को भेजा जाएगा। पिछले दस वर्ष में यह पहली बार है कि सरकार का कोई बिल लोकसभा में अटका हो।

गौरतलब है कि जेपीसी गठित हो गई तो उसे मामले की गहनता से जांच के लिए विशेषाधिकार मिल जाते हैं। वहीं बिल से जुड़े मसलों पर ये समिति विशेषज्ञों से सुझाव लेती है। जेपीसी में सदस्यों की संख्या तय नहीं होती है। सदस्यों की संख्या दल की ताकत के हिसाब से देखी जाती है। यानी आज सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते भाजपा के सबसे ज्यादा सदस्य होंगे। चूंकि समितियों में ज्यादातर सांसद और अध्यक्ष सत्ताधारी पार्टी के होते हैं, इसलिए सरकार यहां मुस्लिम समुदाय के भीतर से उठी मांग को पूरा करने की मंशा पर अमल कर सकती है। सरकार ने विधेयक जेपीसी को भेजने का प्रस्ताव करके बता दिया कि वह इस मुद्दे पर विपक्ष के हर हमले का जवाब देने को तैयार है।

# अधर में लटका जेनेटिक सरसों का मसला



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

ऐसा दावा किया गया कि यदि सरसों उत्पादन में जीएम बीज का इस्तेमाल करेंगे तो फसल 27 प्रतिशत अधिक होगी, जिससे तेल की आयात का खर्च काम होगा। यद्यपि यह तो सोचना होगा कि 1995 तक हमारे देश में खाद्य तेल की कोई कमी नहीं थी।

भारत में धारा सरसों हाइब्रिड-11 (डीएमएच-11) को देशी सरसों की किस्म 'वरुणा' और 'अर्ली हीरा-2' (पूर्वी यूरोपीय किस्म) के संकरण से विकसित किया गया है। इसमें दो विदेशी जीन ('बार्नेज' और 'बार्स्टार') शामिल हैं, जिन्हें बैसिलस एमाइलोलिके फैसिएंस नामक मृदा जीवाणु से पृथक किया गया है। दावा है कि इस बीज से उपज को 3-3 .5 टन प्रति हेक्टेयर तक बढ़ाया जा सकता है। साथ ही कीटनाशक का खर्च कम होगा। हमारे देश में अभी तक कानूनी रूप से केवल बीटी कपास एकमात्र जीएम स्वीकृत फसल है। बीते 17 सालों में कपास की बीज दावों पर खरे उतरे नहीं। बीटी बीज देशी बीज की तुलना में बहुत महंगा है और दावे के विपरीत इसमें कीटनाशक का इस्तेमाल करना ही पड़ा। फसल तो ज्याद हुई नहीं, लेकिन अब हर साल बीज बाजार से खरीदने की मजबूरी हो गई।

पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच ने जेनेटेकली मॉडिफाइड अर्थात जीएम सरसों की भारत में व्यावसायिक खेती करने की सरकारी मंजूरी के खिलाफ याचिका पर खंडित फैसला दिया। जहां न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना का आकलन था कि जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (जीईएसी) की 18 और 25 अक्टूबर, 2022 को संपन्न जिस बैठक में इसकी मंजूरी दी गई, वह दोषपूर्ण थी। क्योंकि उस बैठक में स्वास्थ्य विभाग का कोई सदस्य नहीं था और कुल आठ सदस्य अनुपस्थित थे। दूसरी ओर, न्यायमूर्ति संजय करोल का मानना था कि जीईएसी के फैसले में कुछ गलत नहीं हैं। उन्होंने जीएम सरसों फसल को सख्त सुरक्षा उपायों का पालन करते हुए पर्यावरण में छोड़ने की बात जरूर की।

हालांकि दोनों न्यायाधीश इस बात पर एकमत थे कि केंद्र सरकार को आनुवंशिक रूप से संवर्धित (जीएम) फसलों पर एक राष्ट्रीय नीति तैयार चाहिए। अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के सामने जाएगा। वैसे जीईएसी आनुवंशिक रूप से संवर्धित (जीएम) फसलों के लिए देश की नियामक संस्था है, लेकिन दो जजों की पीठ ने सुझाव दिया है कि चार महीने के भीतर केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय जीएम फसल के सभी पक्षों, जिनमें कृषि विशेषज्ञों, जैव प्रौद्योगिकीविदों, राज्य सरकारों और किसान प्रतिनिधियों सहित हितधारक शामिल हों, के परामर्श से जीएम फसलों पर राष्ट्रीय नीति तैयार करे। यह किसी से छुपा नहीं है कि भारत में खाद्य तेल की जबरदस्त मांग है, लेकिन 2021-22 में 116.5 लाख टन खाद्य तेलों का उत्पादन करने के बावजूद, भारत को 141.93 लाख टन का आयात करना पड़ा। अनुमान है कि अगले साल 2025 -26 में यह मांग 34 मिलियन टन तक पहुंच जाएगी। हमारे खाद्य तेल के बाजार में सरसों के तेल की भागीदारी कोई 40 फीसदी है।

ऐसा दावा किया गया कि यदि सरसों उत्पादन में जीएम बीज का इस्तेमाल करेंगे तो फसल 27 प्रतिशत अधिक होगी, जिससे तेल की आयात का खर्च काम होगा। यद्यपि यह तो सोचना होगा कि 1995 तक हमारे देश में खाद्य तेल की कोई कमी नहीं थी। फिर बड़ी कंपनियां इस बाजार में आईं। उधर आयात कर काम किया गया और तेल का स्थानीय बाजार बिल्कुल बैठ गया। दावा यह भी है कि इस तरह के बीज से पारंपरिक किस्मों की तुलना में कम पानी, उर्वरक और कीटनाशकों की आवश्यकता होती है और मुनाफा अधिक, लेकिन जीएम फसलों, खासकर कपास को लेकर हमारे पिछले अनुभव बताते हैं कि ऐसे बीजों की दूरगामी परिणाम खेती और पर्यावरण दोनों के लिए भयावह हैं। समझना होगा कि जीएम फसलों को उत्पाद के मूल जीन को कृत्रिम रूप से संशोधित किया जाता है। इसके लिए आमतौर पर किसी अन्य जीव से आनुवंशिक सामग्री डाली जाती है, जिससे उन्हें नए गुण दिए जा सकें। ये गुण अधिक उपज, खरपतवार कम करने, किसी कीट से लगने वाली बीमारी और कम पानी या फिर बेहतर पोषक तत्व आदि हो सकते हैं।

भारत में धारा सरसों हाइब्रिड-11 (डीएमएच-11) को देशी सरसों की किस्म 'वरुणा' और 'अर्ली हीरा-2' (पूर्वी यूरोपीय किस्म) के संकरण से विकसित किया गया है। इसमें दो विदेशी जीन ('बार्नेज' और 'बार्स्टार') शामिल हैं, जिन्हें बैसिलस एमाइलोलिके फैसिएंस नामक मृदा जीवाणु से पृथक किया गया है। दावा है कि इस बीज से उपज को 3-3.5 टन प्रति हेक्टेयर तक बढ़ाया जा सकता है। साथ ही कीटनाशक का खर्च कम होगा। हमारे देश में अभी तक कानूनी रूप से केवल बीटी कपास एकमात्र जीएम स्वीकृत फसल है। बीते 17 सालों में कपास की बीज दावों पर खरे उतरे नहीं। बीटी बीज देशी बीज की तुलना में बहुत महंगा है और दावे के विपरीत इसमें कीटनाशक का इस्तेमाल करना ही पड़ा। फसल तो ज्याद हुई नहीं, लेकिन अब हर साल बीज बाजार से खरीदने की मजबूरी हो गई। दुनियाभर के विकसित देश बानगी हैं कि इस तरह के बीजों से खेतों की उर्वर क्षमता काम हुई है, साथ ही पौष्टिक तत्व कम हुए हैं।

बीटी कॉटन बीज बनाने वाली कंपनी मोनसेंटो ने सन 1996 में अपने देश अमेरिका में बोलगार्ड बीजों का इस्तेमाल शुरू करवाया था। पहले साल से ही इसके नतीजे निराशाजनक रहे। दक्षिण-पूर्व राज्य अरकांसस में हाल के वर्षों तक कीटनाशक का इस्तेमाल करने के बावजूद बोलगार्ड बीज की 7.5 फीसदी फसल बोलवर्म की चपेट में आकर नष्ट हो गई। 1.4 प्रतिशत फसल को इल्ली व अन्य कीट चट कर गए। मिसीसिपी में बोलगार्ड पर बोलवर्म का असर तो कम हुआ, लेकिन बदबूदार कीटों से कई तरह की दिक्कतें बढ़ीं। दुनियाभर में कहीं भी बीटी फसल को खाद्य पदार्थ के रूप में मंजूरी नहीं मिली है। अमेरिका में मक्का और सोयाबीन के बीटी बीज कुछ खेतों में बोए जाते हैं, लेकिन इस उत्पाद को इंसान के खाने के रूप में इस्तेमाल पर पाबंदी है। पूरे यूरोप में भी इस पर सख्त पाबंदी है। ऐसे में भारत में लोकप्रिय व आम आदमी के इस्तेमाल वाले सरसों के तेल के लिए बीटी पर मंजूरी संदेह पैदा करती है। समझना होगा कि इस तरह के बीजों से उत्पन्न सरसों के फूल मधुमक्खियों के लिए बड़ा खतरा बन सकते हैं। मधुमक्खियां शहद के लिए ज्यादातर रस सरसों के फूलों से ही प्राप्त करती हैं। सरसों की खेती में इस तरह के बीजों से उत्पन्न फूलों में मधुमक्खियों को परागण तो मिलेगा नहीं, उलटे कुछ जानलेवा कीट की वे शिकार हो जाएंगी। इससे उनके खत्म होने की आशंका बहुत अधिक है। इसके और भी नुकसान हैं। अमेरिका में खरपतवारनाशी (ग्लाइफोसेट) की वजह से 80 हजार लोगों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी होने की खबर है।

समझ लें कि जीएम बीज हमारे पारंपरिक बीजों के अस्तित्व के लिए खतरा हैं और अब बदले हुए नाम से जीएम फसलों के लिए बैंगन-टमाटर आदि के लिए पिछले रास्ते से घुसाया जा रहा है। केंद्र सरकार कोई दो साल पहले जीनोम एडिटेड टेक्नोलॉजी का उपयोग कर नई फसल प्रजातियां विकसित करने के शोध को मंजूरी दे चुकी है। जीनोम एडिटेड प्लांट्स की एसडीएन-1 और एसडीएन-2 श्रेणियों के नियमन की समीक्षा (रेगुलेटरी रिव्यू) के लिए स्टेंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर्स (एसओपी) को 4 अक्तूबर, 2022 को अधिसूचित किया जा चुका है। इसमें बेहद चालाकी के साथ जीएम यानि जेनेटिकली मॉडिफाइड के नाम पर जीन एडिटिंग तकनीक शब्द का इस्तेमाल किया गया है। वैसे यूरोपीय यूनियन में अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि जीन एडिटिंग तकनीकी और जीएम फसल अलग नहीं हैं। जाहिर है कि अदालतें जब जीएम बीजों पर कोई फैसला देंगी तो उसी समय जीनोम एडिटेड प्लांट्स के नाम से ये बीज बाजार में घूम रहे होंगे। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार गठित होने वाली कमेटी में इस नई तकनीक को युरोपियन यूनियन की तरह जीएम ही मानना होगा।

## प्रसंगवश

# कम खाने पर भी वजन का बढ़ना



विजय राज शर्मा
विज्ञान लेखक

बहुत से लोगों को यह आश्चर्य हो रहा है कि ओलंपिक की शुरुआत में तो विनेश का वजन तय मानक अनुसार था, तो न्यूनतम खुराक लेने के बावजूद इतनी जल्दी दो ढाई सौ ग्राम कैसे बढ़ गया? मैं बताता हूं कि कम खाने पर भी अक्सर वजन कैसे बढ़ता है।

एक समय था, जब मनुष्य पेड़ों पर कुलाचें मारता फिरता था, गुफाओं में रहता था। आज भोजन मिला, अगली बार कब मिलेगा इसकी गारंटी नहीं। इसलिए सर्वाइवल की दृष्टि से मनुष्य की फैट स्टोरेज जींस ने हमें जरूरत से ज्यादा, जितना हो सके, फैट स्टोर करने के लिए डिजाइन किया। ताकि भोजन न भी मिले, तो इस स्टोर्ड फैट के इस्तेमाल से व्यक्ति कुछ समय तक तो जीवित रहे।

आज भोजन के लिए आपको शिकार की जरूरत ही नहीं। फोन करो और पिज्जा, छोले भटूरे हाजिर। पर यह बात हमारी जींस को नहीं पता और कुछ सौ वर्षों के अंतराल पर हमारी जींस अपनी लाखों साल पुरानी आदत नहीं त्याग देंगी। इसलिए जींस आज भी ज्यादा से ज्यादा फैट स्टोर करने के सिद्धांत पर ही काम करती हैं। बहरहाल तो वजन कम करने में क्या दिक्कत है? कम खाओ, ज्यादा कैलोरी बर्न करो। दिक्कत सॉल्व? जी नहीं। इतना आसान नहीं है।

सामान्य तौर पर आप कुछ खाते हैं तो शरीर 'स्टोर्ड फैट के ऑप्टिमम लेवल' को बनाए रखने के लिए उस खाने की कुछ ही कैलोरी इस्तेमाल करता है, बाकी अपशिष्ट में उत्सर्जित कर देता है, लेकिन डाइटिंग की स्थिति में शरीर स्टोर फैट को सुरक्षित रखते हुए खाने की ही मैक्सिमम कैलोरी खींचने का प्रयास करता है। अर्थात विपरीत परिस्थिति में कम खाने पर भी शरीर में लग ज्यादा जाता है।

ये प्रक्रियाएं इतनी डायनामिक और जटिल हैं कि एक-दो दिन में आपके वजन में ठीक-ठाक अंतर आ सकता है। विनेश के मामले में भी यही हुआ। विनेश लंबे समय से जैसे-तैसे उपवास कर के अंडर 50 बनी हुई थी, लेकिन ओलंपिक के दौरान थोड़ी सी डाइट भी उन्हें एक्सट्रा फैट दे गई, जिसे भरकस प्रयास करके भी वे समय से कम नहीं कर पाईं।

# सुननी होगी ग्रामीण महिलाओं की आवाज



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

जलवायु परिवर्तन के अनुकूलन के लिए ग्रामीण महिलाओं को नेतृत्वकर्ता बनाया जा सकता है। इसके लिए उन्हें कौशल, क्षमताएं, संपत्तियां और संसाधन दिए जा सकते हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य सर्वेक्षण के विश्लेषण से पता चलता है कि भारत की आबादी का लगभग आधा हिस्सा (करीब 48 प्रतिशत) होने के बावजूद महिलाएं सकल घरेलू उत्पाद में केवल 18 प्रतिशत का ही योगदान देती हैं। इस अंतर को ग्रामीण महिलाओं के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है, जिसमें सांस्कृतिक बाधाएं, सीमित अवसर, शिक्षा की कमी और ऋण तक सीमित पहुंच शामिल है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक इस लैंगिक अंतर को पाटने से साल 2025 तक भारत की जीडीपी में 18 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। यह एक सक्षम वातावरण बनाने के महत्व को रेखांकित करता है, जो महिलाओं को उनकी पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिए सशक्त बनाता है। उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जैसी कई पहलों को इस अंतर को पाटने और ग्रामीण महिलाओं के लिए आजीविका के अवसरों का विस्तार करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

हमें इस बात को समझने की जरूरत है कि जलवायु परिवर्तन भी ग्रामीण महिलाओं को प्रभावित कर रहा है। असल में ग्रामीण महिलाएं अक्सर दुनिया के गरीब तबकों में से होती हैं और अपनी रोजी-रोटी के लिए स्थानीय प्राकृतिक संसाधनों पर ज्यादा निर्भर रहती हैं। इस प्रकार के परिवर्तन से घरेलू जल, भोजन और ईंधन की सुरक्षा पर असर पड़ता है, जिनके लिए महिलाएं भी जिम्मेदार होती हैं। सूखे और बारिश में अनियमितता की वजह से महिलाओं को पानी और ईंधन इकट्ठा करने में अधिक समय बिताना पड़ता है। इससे फसलों और पशुओं की सेहत पर भी असर पड़ता है, जिससे महिलाओं को कम भोजन के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। सामाजिक संरचनाओं, भेदभावपूर्ण मानदंडों और संस्थाओं की वजह से महिलाओं को पुरुषों की तुलना में अधिक घरेलू काम और बच्चों की देखभाल का बोझ उठाना पड़ता है। इससे उनकी पढ़ाई और नौकरी पाने के अवसर सीमित हो जाते हैं।

जलवायु परिवर्तन के अनुकूलन के लिए ग्रामीण महिलाओं को नेतृत्वकर्ता बनाया जा सकता है। इसके लिए उन्हें कौशल, क्षमताएं, संपत्तियां और संसाधन दिए जा सकते हैं। इसके साथ ही लिंग-केंद्रित सार्वजनिक नीतियां भी बनाई जा सकती हैं। इन नीतियों से ग्रामीण महिलाओं की क्षमताओं को कम करने वाले अंतर को घटाने में मदद मिल सकती है। पिछले एक दशक से भी अधिक समय से ग्रामीण महिलाओं के लिए आजीविका कार्यक्रमों ने उनके समुदायों में असाधारण योगदान दिया है। ग्रामीण महिलाओं के अथक प्रयासों को मान्यता देना दूसरों को प्रेरित करता है। यह एक लहर जैसा प्रभाव पैदा करता है, जिससे अधिक टिकाऊ आजीविका वाले भविष्य की दिशा में बहुत जरूरी बदलाव होता है। हालांकि सरकार अपने स्तर पर प्रयास कर रही हैं, लेकिन आम आदमी के सामाजिक सरोकारों के बिना लक्ष्यों को हासिल कर पाना आसान नहीं है। महिलाओं को अधिक समतापूर्ण समाज के लिए सशक्त बनाने के अलावा हमें उनकी आजीविका पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पर भी विचार करना चाहिए। अप्रत्याशित मौसम की घटनाएं, बढ़ता तापमान और बारिश के बदलते पैटर्न तेजी से परिदृश्य को बदल रहे हैं, जो एक बड़े खतरे की ओर संकेत कर रहे हैं। हाल ही में कॉप 28 सम्मेलन में भी जलवायु परिवर्तन के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई है। इसमें कहा गया है कि जलवायु परिवर्तन लिंग तटस्थ नहीं है। असल में आजीविका पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को देखने के लिए हमें ग्रामीण भारत की ओर रुख करना होगा। महाराष्ट्र जैसे राज्यों में आजीविका कार्यक्रमों पर चर्चा हो रही है और वहां बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। इसी तरह अन्य राज्यों में भी आजीविका कार्यक्रमों के अप्रत्याशित परिणाम देखने को मिल रहे हैं। हालांकि अभी भी प्रयासों में और तेजी लाए जाने की दरकार है, जिसके लिए हमें कदम उठाने होंगे।

असल में ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब परिवारों की संसाधनों, सेवाओं और नौकरियों तक पहुंच सीमित है, जिससे उनके लिए जलवायु परिवर्तन का सामना करना कठिन हो सकता है। औसतन गर्मी के कारण वे धनी परिवारों की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक आय खो देते हैं तथा बाढ़ के कारण चार प्रतिशत से अधिक आय खो देते हैं। महिलाओं द्वारा संचालित घरों पर तो और भी अधिक बुरा असर पड़ता है। पुरुषों द्वारा संचालित परिवारों की तुलना में अत्यधिक गर्मी के कारण उनकी आय में लगभग आठ प्रतिशत अधिक की हानि होती है तथा बाढ़ के कारण तीन प्रतिशत अधिक हानि होती है। महिलाओं को राष्ट्रीय और ग्रामीण स्तर पर भी नेतृत्व करने में सक्षम होना चाहिए। ग्रामीण महिलाओं के दृष्टिकोण और पहल को भी शहरी महिलाओं की तरह सामने लाए जाने की दरकार है।

## सोशल फोरम

# सद्भाव की आधुनिक भावना



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

बांग्लादेश की स्थिति पर गहराई से सोचना चाहिए। उसका असर भारत पर भी अनेक रूपों में पड़ेगा, लेकिन सबसे गंभीर पहलू यह है कि बिखरे हुए आंदोलनकारी और संगठित इस्लामी तत्ववादियों के बीच भविष्य को लेकर जो रस्साकशी है, उसमें बंग्लादेश की मूल भावना और उसके सामाजिक जीवन का विनाश तय है। इसका एक ही उदाहरण काफी है कि जन असंतोष रोजगार और आरक्षण की पक्षपातपूर्ण को लेकर है, लेकिन आंदोलन में शामिल इस्लामी छात्र-संगठन ने हिंदुओं पर व्यापक हमले किए।

आम नागरिक मिलजुलकर मंदिरों की रक्षा कर रहे थे, लेकिन इस्लामी छात्र संगठन मंदिरों पर हमले कर रहे हैं। बांग्लादेश का आविर्भाव एक धर्मनिरपेक्ष देश के रूप में हुआ था, लेकिन पहले से मौजूद इस्लामी तत्ववादियों ने सेना की मदद से बार-बार तख्तापलट किया। देखने की बात है कि जन असंतोष के उबाल के दौरान निहित स्वार्थ की शक्तियां कमजोरों पर हमले करते हैं। इससे पता चलता है कि किसी भी समय इतिहास की करवट में पहले से निश्चित नहीं होता कि कल क्या होगा। परस्पर विरोधी ताकतें दिशा तय करने के लिए टकराती हैं, जिसके पास अधिक कुशल रणनीति, सक्षम संगठन और सामाजिक समर्थन होता है, वह विजयी होता है। आधुनिक संसार में एक बात और है, जनता की इच्छा एक तरफ, सेना की मर्जी दूसरी तरफ, राष्ट्रीय भावना एक तरफ, अंतर्राष्ट्रीय हस्तक्षेप दूसरी तरफ, परिवर्तन की दिशा किसी एक बात से तय नहीं होती।

राजकीय भ्रष्टाचार और आर्थिक संकट के बीच तनाव, पक्षपातपूर्ण आरक्षण नीति और सामाजिक सद्भाव के बीच तनाव, भारत जैसे विकासशील देशों से संबंध और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के माध्यम से अमेरिकी दबाव के बीच तनाव काफी उलझी हुई परिस्थिति है। बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है, वह न केवल बांग्लादेशियों के लिए वरन पूरे एशिया महाद्वीप के लिए घातक है। भारतवासियों को उदासीन रहने की जरूरत नहीं है, गहराई से सोचने की जरूरत है।

**-फेसबुक वॉल से**

# इंदिरा गांधी ने दी थी शेख हसीना को दिल्ली में शरण



डॉ.बीएन सिंह
वाराणसी

एक 15 अगस्त 1975 की सुबह बांग्लादेश की सेना के कुछ बागी युवा अफसरों के हथियारबंद दस्ते ने ढाका स्थित राष्ट्रपति आवास पर पहुंचकर राष्ट्रपति शेख मुजीबुर रहमान की हत्या कर दी। हमलावर टैंक लेकर गए थे।

बांग्लादेश की सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहीं शेख हसीना 20 सालों तक मजबूत पकड़ के साथ बांग्लादेश पर शासन किया है। शेख हसीना को दक्षिण एशियाई देश बांग्लादेश की आर्थिक प्रगति का श्रेय दिया जाता है, लेकिन हाल के सालों में उन पर तानाशाही के आरोप भी लगे, जिसका फायदा चीन, पाकिस्तान तथा बांग्लादेश के कट्टरपंथियों ने उठाया, आज परिणाम सामने है। बांग्लादेश कट्टरपंथियों के हवाले है।

एक 15 अगस्त 1975 की सुबह बांग्लादेश की सेना के कुछ बागी युवा अफसरों के हथियारबंद दस्ते ने ढाका स्थित राष्ट्रपति आवास पर पहुंचकर राष्ट्रपति शेख मुजीबुर रहमान की हत्या कर दी। हमलावर टैंक लेकर गए थे। पहले उन लोगों ने बंगबंधु मुजीबुर रहमान के बेटे शेख कमाल को मारा और बाद में मुजीब और उनके अन्य परिजनों को। मुजीब के सभी तीन बेटे और उनकी पत्नी की बारी-बारी से हत्या कर दी गई। हमले में कुल 20 लोग मारे गए थे। अप्रत्याशित हमले में मुजीब परिवार का कोई पुरुष सदस्य नहीं बचा। उनकी दो बेटियां संयोगवश बच गईं, जो घटना के समय जर्मनी में थीं। उनमें एक शेख हसीना और दूसरी शेख रेहाना थीं। शेख हसीना तख्तापलट के बाद जर्मनी से दिल्ली आईं और 1981 तक दिल्ली रहीं तथा 1981 के बाद बांग्लादेश जाकर पिता की राजनैतिक विरासत को संभाला।

15 अगस्त, 1975 को शेख हसीना, उनके पति डाक्टर वाजेद और बहन रेहाना ब्रसेल्स में बांग्लादेश के राजदूत सनाउल हक के यहां ठहरे हुए थे। वहां से उनको पेरिस जाना था, लेकिन एक दिन पहले ही डॉक्टर वाजेद का हाथ कार के दरवाजे में आ गया। अभी वो लोग सोच ही रहे थे कि पेरिस जाएं या न जाएं, सुबह साढ़े छह बजे राजदूत सनाउल हक के फोन की घंटी बजी। दूसरे छोर पर जर्मनी में बांग्लादेश के राजदूत हुमांयु रशीद चौधरी थे। उन्होंने बताया कि आज सुबह ही बांग्लादेश में सैनिक विद्रोह हो गया है। आप पेरिस न जाकर तुरंत जर्मनी वापस आइए। जैसे ही राजदूत सनाउल हक को पता चला कि सैनिक विद्रोह में शेख मुजीब मारे गए हैं, उन्होंने उनकी दोनों बेटियों और दामाद को कोई भी मदद देने से इंकार कर दिया और तो और उन्होंने उनसे अपना घर छोड़ देने के लिए भी कहा। वो लोग किसी तरह जर्मनी में बांग्लादेश के राजदूत हुमायूं रशीद चौधरी की मदद से जर्मनी पहुंचे। इस बीच यूगोस्लाविया के दौरे पर आए बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉक्टर कमाल हुसैन भी वहां पहुंच गए। उसी शाम को जर्मन प्रसारण संस्था डॉयचेवेले और कुछ जर्मन अखबारों के संवाददाता उनकी टिप्पणी लेने राजदूत के घर आ गए। शेख हसीना और उनकी बहन रेहाना इतने सदमे में थीं कि उन्होंने उनसे कोई बात नहीं की। विदेश मंत्री कमाल हुसैन ने भी एक शब्द नहीं कहा, हालांकि वो वहां मौजूद थे। राजदूत चौधरी ने जरूर कहा कि शेख की दोनों बेटियां उनके पास हैं। इस बीच यूगोस्लाविया के राष्ट्रपति मार्शल टीटो ने उनका हालचाल तो पूछा, लेकिन ये तय नहीं हो पा रहा था कि ये लोग अब रहेंगे कहां?

हुमायूं रशीद चौधरी के बेटे नौमान रशीद चौधरी ने मशहूर बांग्लादेशी अखबार 'द डेली स्टार' के 15 अगस्त, 2014 के अंक में " अगस्त 15 : बंगबंधुज डॉटर्स" के नाम से लिखे लेख में उन्होंने बताया, "मेरे पिता ने एक राजनयिक समारोह में पश्चिमी जर्मनी में भारत के राजदूत वाई के पुरी से पूछा कि क्या भारत शेख हसीना और उनके परिवार को राजनीतिक शरण दे सकता है? उन्होंने जवाब दिया वो पता करेंगे। अगले दिन वो मेरे पिता से मिलने उनके दफ्तर आए और बोले कि आमतौर से भारत में राजनीतिक शरण देने की प्रक्रिया लंबी होती है। उन्होंने ही मेरे पिता को सुझाव दिया कि दिल्ली में आप की काफ़ी ख्याति है, क्योंकि आप आजादी से पहले वहां के बांग्लादेश मिशन के प्रमुख रह चुके हैं। आपको इंदिरा गांधी और उनके सलाहकार डीपी धर और पीएन हक्सर पसंद करते हैं। आप क्यों नहीं उनसे संपर्क करते?" नौमान रशीद चौधरी लिखते हैं, "जब कहीं से कुछ होने के आसार नहीं दिखाई दिए तो हुमायूं चौधरी ने थक-हार कर इंदिरा गांधी के दफ्तर फोन मिलाया। ये नंबर उनको भारतीय राजदूत पुरी ने ही दिया था। चौधरी उम्मीद नहीं कर रहे थे कि ये कॉल टेलीफोन ऑपरेटर के आगे तक जा पाएगी, लेकिन वो दंग रह गए जब इंदिरा गांधी ने खुद वो कॉल रिसीव की। उन्होंने इंदिरा गांधी को सारी बात बताई। वो बंगबंधु की बेटियों को राजनीतिक शरण देने के लिए तुरंत तैयार हो गई।" 19 अगस्त को राजदूत पुरी ने चौधरी को बताया कि उन्हें दिल्ली से निर्देश मिले हैं कि शेख मुजीब की बेटियों और उनके परिवार के दिल्ली पहुंचाने की तुरंत व्यवस्था की जाए। 24 अगस्त, 1975 को एयर इंडिया के विमान से शेख हसीना और उनका परिवार दिल्ली के पालम हवाई अड्डे पहुंचा। शेख हसीना ने इंदिरा गांधी से मिलने के बाद उनसे पूछा, "क्या आपको पूरी जानकारी है कि 15 अगस्त को हुआ क्या था?" वहां मौजूद एक अफसर ने बताया कि उनके परिवार का कोई सदस्य जीवित नहीं बचा है। ये सुनते ही शेख हसीना रोने लगीं।

शेख हसीना के जीवनीकार सिराजुद्दीन अहमद लिखते हैं, "इंदिरा गांधी ने हसीना को गले लगाकर दिलासा देने की कोशिश की। उन्होंने कहा आपके नुकसान की भरपाई नहीं की जा सकती। आपका एक बेटा और एक बेटी है। आज से आप अपने बेटे को अपना पिता और बेटी को अपनी मां समझिए।" सिराजुद्दीन अहमद के अनुसार शेख हसीना के भारत प्रवास के दौरान इंदिरा गांधी से उनकी यही एक मुलाकात थी। जबकि रॉ के खुफिया अधिकारियों का कहना है कि शेख हसीना और इंदिरा गांधी के बीच कई मुलाकातें हुई थीं। हालांकि हसीना के दिल्ली प्रवास को पूरी तरह गुप्त रखने की कोशिश की गई थी, लेकिन बांग्लादेश की सरकार को पता था कि शेख हसीना का परिवार दिल्ली में रह रहा था।

# बढ़ रहे ई-फ्रॉड के मामले



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

डिजिटल युग में जब बैंकिंग लेन-देन की गति तेज हुई है, इसका प्रसार बढ़ा है और इसे सुरक्षित भी माना जाता है। इसके बावजूद बैंकों में धोखाधड़ी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, जो एक चिंता का विषय है। सरकार ने संसद को बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान अपने ग्राहकों द्वारा रिपोर्ट की गई धोखाधड़ी या ई-धोखाधड़ी के मामलों में अपने ग्राहकों को मुआवजे के रूप में 140 करोड़ रुपये अदा किए हैं। ये धनराशि पिछले वित्त वर्ष में इन बैंकों द्वारा मुआवजे के रूप में भुगतान की गई राशि 42.70 करोड़ रुपए से लगभग तीन गुना अधिक है।

वित्त वर्ष 2024 के दौरान यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने सबसे अधिक 74.96 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया, उसके बाद बैंक ऑफ इंडिया ने 20.38 करोड़ रुपये और इंडियन बैंक ने 16.16 करोड़ रुपये का भुगतान किया। गौरतलब है के ये आंकड़े सिर्फ सार्वजनिक बैंकों के हैं, जो रिपोर्ट किए गए थे। इनमें निजी बैंकों, सहकारिता बैंकों और साथ ही वो मामले जिनमें ग्राहकों ने बैंक को सूचित नहीं किया या समय सीमा के अंतर्गत सूचित नहीं किया, शामिल नहीं हैं। कोविड के बाद से भारत में डिजिटल पेमेंट और ई-बैंकिंग लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में बैंक को जहां अपनी ई-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाना है। साथ ही अपने ग्राहकों को भी ई-जागरूक करना है।

# सेवानिवृत्त अधिकारी के आदेशों के रिकॉर्ड सील करने का निर्देश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले में पीठासीन अधिकारी के अनुचित आदेश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कोर्ट ने उनके द्वारा दिए गए 182 आदेशों की फाइलें/रिकॉर्ड सील करने का आदेश दिया है।

दरअसल अपीलकर्ता बीमा कंपनी द्वारा पीठासीन अधिकारी, मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल, मुरादाबाद द्वारा पारित आदेश और अवार्ड के खिलाफ प्रथम अपील दाखिल की गई। विवादित आदेश में विपक्षियों के पक्ष में 45,52,540 रुपए के मुआवजे के साथ 7 प्रतिशत ब्याज के भुगतान का आदेश दिया गया था। अपीलकर्ता के अधिवक्ता का तर्क है कि मोटर दुर्घटना दावा याचिका में 14 मार्च 2024 की तारीख कभी भी तय नहीं की गई है। जबकि मामले में आक्षेपित आदेश उक्त तिथि पर ही पारित किया गया है। इसके साथ ही अधिवक्ता ने कोर्ट को यह भी बताया कि पीठासीन अधिकारी द्वारा उनकी सेवानिवृत्ति की अंतिम महीने में 182 दावा याचिकाओं का फैसला किया था। अंत में कोर्ट ने विपक्षियों को नोटिस जारी करने के साथ ही मामले को दो महीने बाद सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने जिला न्यायाधीश, मुरादाबाद को मोटर दुर्घटना दावा याचिका का पूरा रिकॉर्ड और 182 निर्णयों की रिकॉर्डिंग में शामिल कंप्यूटरों को तुरंत जप्त करने का भी निर्देश दिया है।

# 35 हजार विद्यालयों में बायोमेट्रिक उपस्थिति की तैयारी

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश के 35 हजार विद्यालयों में बायोमेट्रिक उपस्थिति की तैयारी है। 75 प्रतिशत उपस्थिति होने पर ही पात्र छात्र-छात्राओं को समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिल सकेगा। समाज कल्याण की ओर से छात्रवृत्ति योजना संचालित की जाती है। प्रदेश के 35 हजार विद्यालयों-महाविद्यालयों में लगभग 20 से 22 लाख छात्र-छात्राएं योजना से लाभान्वित होते हैं। छात्रवृत्ति योजना में आवेदन करने के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। विभाग ने विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की 75 प्रतिशत उपस्थिति होने पर ही छात्रवृत्ति देने का निर्णय लिया था।

## जमीन का खेल: फायरिंग रेंज से बाहर किया, अब नक्शा स्वीकृति की भी मिली अनुमति

# अडाणी-रविशंकर की सहयोगी कंपनियों की जमीन पर होगा निर्माण

संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार:** अडाणी समूह और श्रीश्री रविशंकर की सहयोगी कंपनियों ने सेना के फायरिंग रेंज के लिए अधिसूचित मांझा जमथरा में जमीन ली। पहले माझा जमथरा को फायरिंग रेंज के अधिसूचित क्षेत्र से बाहर किया गया। अब अयोध्या विकास प्राधिकरण ने इस क्षेत्र में मानचित्र स्वीकृति के लिए 6 अगस्त को गजट करा दिया है। अब यह कंपनियां अपनी जमीनों पर निर्माण भी करा सकेंगी।

जिले के 14 गांवों की 13391 एकड़ जमीन सेना के फायरिंग रेंज के लिए अधिसूचित थी। अडानी समूह की सहयोगी कंपनी होम क्वेस्ट इंफ्रास्पेस प्राइवेट लिमिटेड ने नवंबर 23 में फायरिंग रेंज के मांझा जमथरा में लगभग 1.4 हेक्टेयर जमीन खरीदी। व्यक्ति विकास केंद्र (वीवीके) आर्ट ऑफ लिविंग के तत्वावधान में पंजीकृत सार्वजनिक धर्मार्थ ट्रस्ट श्रीश्री रविशंकर द्वारा स्थापित फाउंडेशन ने फरवरी 2022 में माझा जमथरा के ही क्षेत्र में 5.31 हेक्टेयर जमीन खरीदी। योग गुरु रामदेव के भारत स्वाभिमान ट्रस्ट से जुड़े हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष जयदीप आर्य सहित चार अन्य ने



- प्रभावशाली लोगों ने अयोध्या के माझा जमथरा में ली हैं जमीनें

इस क्षेत्र में लगभग 3.035 हेक्टेयर जमीन जुलाई 2023 में खरीदी थी। पतंजलि के प्रवक्ता ने जमीन का पतंजलि से कोई मतलब न होने की बात कही है। वहीं, अडानी समूह के प्रवक्ता ने कंपनी से किए गए लेन-देन को कानूनी बताया है।

### फायरिंग रेज में विधायक व बड़े कारोबरियों की जमीनें

माझा जमथरा के बाद फायरिंग के चार अन्य गांवों सहित अन्य इलाकों को फायरिंग रेंज से बाहर किए जाने का प्रस्ताव अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व सचिव द्वारा अपर मुख्य सचिव आवास एवं शहरी नियोजन को भेजा जा चुका है। सेना के खास फायरिंग रेंज से महज कुछ सौ मीटर पर अयोध्या के विधायक से जुड़े एक स्कूल के साथ एक अन्य नामी स्कूल है। यह फायरिंग रेंज के बनबीरपुर में गाटा संख्या एक में बताई गई। घाटमपुर के गाटा संख्या 49 सहित अन्य में पीतांबरा प्राइम सिटी है।

### उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल, चल रही है सुनवाई

मुमताजनगर में फ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक व बड़े कारोबारी पवन जीवानी की गाटा संख्या 51 में जमीन है। इसी क्षेत्र के गाटा संख्या 51, 52 व 53 में कारोबारी जय प्रकाश अग्रवाल की जमीन है। घाटमपुर के 8/1, 9, 10, 11, 19, 20 में जमीनें हैं। इन लोगों ने एडीए में नक्शा पास कराने के लिए आवेदन किया था। सेना के अधिसूचित क्षेत्र में होने और उच्च न्यायालय के 24 नवंबर 2023 के आदेश का हवाला देकर एडीए ने नक्शा स्वीकृत करने से मना कर दिया। इस पर रोक लगाने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। इस पर सुनवाई चल रही है।

# 10 लाख युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ेगी सरकार

## बैठक में मुख्यमंत्री ने युवा उद्यमी विकास अभियान शुरू करने का दिया निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के शिक्षित और प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। कहा कि इस अभियान में सरकार 10 लाख युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ेगी। उन्होंने उद्यम को ब्याज मुक्त ऋण देने की कोशिश करने के साथ वित्तपोषण से पहले विधिवत प्रशिक्षण देने के भी निर्देश दिए।

गुरुवार को उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के मूल बजट में सरकार ने ''मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान'' का प्रावधान किया था, अब समय आ गया है कि इस पर क्रियान्वयन प्रारंभ कर दिया जाए। अभियान के संबंध में एमएसएमई विभाग के प्रस्तुतिकरण का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना स्वरोजगार सृजन के प्रयासों में बड़ी भूमिका




निभाने वाली होगी। योजना के बारे में अधिकाधिक युवाओं को अवगत कराया जाए ताकि युवा प्रोत्साहित हों और आत्मनिर्भर होकर अपनी आजीविका कमा सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान के तहत सामान्य वर्ग के अलावा, ओबीसी, महिला, दिव्यांगजन तथा एससी, एसटी के पुरुष के अलावा महिलाओं को उद्यम स्थापित करने पर अनुदान देने का प्रावधान हो, साथ ही, मार्जिन मनी पर भी सब्सिडी दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा उद्यमियों को यथासंभव ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध हो, इसके लिए एक तय अवधि तक ऋण के ब्याज उपादान और सीजीटीएमएसई कवरेज की सुविधा भी दी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि योजना के सही क्रियान्वयन और सतत मॉनीटरिंग के लिए आकांक्षात्मक विकास खंडों में तैनात सीएम फेलो की तर्ज पर यहां भी हर जिले में योग्य युवाओं की तैनाती की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि उद्यम स्थापित करने के लिए वित्तपोषण से पहले युवाओं को विधिवत प्रशिक्षण भी दिलाया जाना चाहिए। नए उद्यमियों को उनके उत्पाद की पैकेजिंग, ब्रांडिंग व मार्केटिंग में भी मदद करें।बैठक में एमएसएमई के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने मुख्यमंत्री को बताया कि अभियान के तहत प्रतिवर्ष एक लाख युवाओं को बैंकों से ऋण दिलाकर वित्तीय अनुदान दिया जाएगा।

### बाढ़ राहत सामग्री की गुणवत्ता खराब या कम मिला तो होगी कार्रवाई: मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों को दी जा रही खाद्य सामग्री की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। कहीं भी निर्धारित मात्रा से कम, बासी अथवा खराब गुणवत्ता की सामग्री कतई नहीं वितरित नहीं होनी चाहिए। यदि वेंडर द्वारा आपूर्ति में गड़बड़ी की जाती है तो तत्काल कार्रवाई की जाए।

### काकोरी ट्रेन एक्शन का शताब्दी वर्ष आज से

मुख्यमंत्री ने कहा कि 9 अगस्त से ऐतिहासिक ''काकोरी ट्रेन एक्शन का शताब्दी वर्ष'' प्रारंभ हो रहा है। यह पूरा वर्ष आजादी के नायकों का स्मरण करने के लिए होगा। इसी श्रृंखला में, 13 से 15 अगस्त तक ''हर घर तिरंगा'' का जन अभियान आयोजित होना है। इन तीन दिनों में प्रदेश के हर आवास, हर कार्यालय पर हमारा राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराया जाना है। 14 अगस्त को ''विभाजन विभीषिका दिवस'' है और 15 अगस्त को राष्ट्रीय पर्व ''स्वाधीनता दिवस'' है।

# प्रेमी से विवाद के बाद चलते ऑटो से कूदी प्रेमिका, मौत

**कानपुर, अमृत विचार :** नवाबगंज थानाक्षेत्र में बुधवार दोपहर प्रेमी से विवाद के बाद प्रेमिका चलते ऑटो से कूद गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के लोगों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि वह दवा लेने गई थी, जहां ऑटो चालक उसका अपहरण कर सुनसान स्थान पर ले जाने लगा। युवती के शोर मचाने पर वह ऑटो भगाने लगा तो वह चलते ऑटो से कूद गई। पुलिस ने ऑटो चालक को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ऑटो चालक और युवती में आठ साल से प्रेम संबंध थे। नवाबगंज के एक श्रमिक की 18 वर्षीय पुत्री इंटर की छात्रा थी। एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार ने बताया कि जांच में पता चला है कि युवती का ऑटो चालक नीरज से आठ वर्ष से प्रेम प्रसंग था। चलते ऑटो में दोनों में कोई विवाद हुआ, जिसके बाद वह ऑटो से कूद गई और उसकी जान चली गई।

# तिरंगा अभियान में नया रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 2023 में 4.5 करोड़ तिरंगा झंडा फहराने का प्रदेश में बना था रिकॉर्ड

**अमृत विचार :** स्वतंत्रता दिवस पर राज्य सरकार इस वर्ष भी 13 से 15 अगस्त तक प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से 'हर घर तिरंगा अभियान' का आयोजन कर रही है। मुख्यमंत्री ने इस साल 25 लाख ज्यादा तिरंगा फहराने का लक्ष्य देते हुए सभी जिलाधिकारियों को नया रिकार्ड बनाने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि प्रदेश भर में 4 करोड़ घरों और 30 लाख प्रतिष्ठानों समेत करीब 4.30 करोड़ स्थानों पर तिरंगा फहराया जाएगा। कार्यक्रम के तहत आमजनमानस को अपने-अपने घरों, कार्यालयों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों आंगनबाड़ी केन्द्रों, अस्पतालों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर झंडा फहराने के लिए विभिन्न प्रचार माध्यमों से प्रेरित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। तिरंगे के साथ सेल्फी लेने और उसे हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा। विभिन्न संस्थाओं व संगठनों के सहयोग से झण्डा वितरण कराया जाएगा।

### झंडा संहिता का किया जाए अनुपालन

अभियान के दौरान झंडा संहिता का अनुपालन करते हुए विधिवत तरीके से लगाए जाने के लिए लोगों को विभिन्न माध्यमों से प्रशिक्षित किया जाएगा। आधा झुका, फटा या कटा झंडा लगाया जाना निषेध होगा। 13 से 15 अगस्त, 2024 के उपरांत निजी आवासों एवं प्रतिष्ठानों पर लगाए जाने वाले झंडों को आदर भाव के साथ उतार कर सुरक्षित रखा जाएगा।

# नैनी जेल से फरार सजायाफ्ता कैदी कालीचरण गिरफ्तार

**प्रयागराज,एजेंसी :** नैनी सेंट्रल जेल से फरार सजायाफ्ता बंदी कालीचरण उर्फ बउवा को प्रयागराज पुलिस ने गुरुवार को छिवकी स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपायुक्त विवेक चंद्र यादव ने यहां पुलिस लाइन में संवाददाताओं को बताया कि कालीचरण को सामूहिक दुष्कर्म के मामले में आरोप सिद्ध होने पर 20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई थी और वह नैनी सेंट्रल जेल में निरुद्ध था। उन्होंने बताया कि नैनी सेंट्रल जेल से कालीचरण के फरार होने के संबंध में जेल के कारापाल अंजनी कुमार गुप्ता द्वारा नैनी थाने में 21 जुलाई, 2024 को मुकदमा पंजीकृत कराया गया था और बृहस्पतिवार को उसे छिवकी स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। नैनी जेल से कालीचरण के फरार होने की घटना के बाद जेल प्रशासन ने लापरवाही के आरोप में चार कर्मियों को निलंबित किया था।

# बचाव को सरकारी अधिकारी अपना रहे शुतुरमुर्ग की चाल

संवाददाता, प्रयागराज,

- उप मंडल मजिस्ट्रेट, बिलारी को कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पक्षपातपूर्ण और प्रतिशोधात्मक विभागीय कार्यवाही पर एक मामले की सुनवाई के दौरान उप मंडल मजिस्ट्रेट, बिलारी, मुरादाबाद को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश दिया था, जिसके अनुपालन में उक्त अधिकारी बुधवार को कोर्ट में उपस्थित हुए, लेकिन उनके पास कहने के लिए कुछ भी नहीं था।

उन्होंने केवल इतना बताया कि वह हाल ही में मामले में शामिल हुए हैं। इस पर कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि यह सरकारी अधिकारियों द्वारा आने वाले प्रत्येक खतरे के प्रति 'शुतुरमुर्ग प्रतिक्रिया' के रूप में प्रस्तुत की गई एक कमजोर चाल है। चूंकि उप मंडल मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह के पास मौखिक रूप से स्पष्टीकरण देने के लिए कुछ नहीं था, इसलिए उन्हें मामले में दो सप्ताह के भीतर अपना व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का एक और अवसर दिया गया, जो कि जवाबी हलफनामे की प्रकृति में होगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि अधिकारी द्वारा हलफनामे में दिए गए स्पष्टीकरण के आधार पर कोर्ट यह तय करेगी कि भविष्य की तिथियों पर उनकी व्यक्तिगत उपस्थिति आवश्यक है या नहीं।

फिलहाल कोर्ट ने उक्त अधिकारी को सुनवाई की अगली तिथि 22 अगस्त 2024 को कोर्ट में उपस्थित होने से छूट दे दी है। इसके अलावा याची के खिलाफ तहसीलदार, बिलारी, मुरादाबाद द्वारा पारित आक्षेपित आदेश और उप मंडल मजिस्ट्रेट, बिलारी द्वारा पारित आदेशों के क्रियान्वयन पर अंतरिम रोक लगा दी है और याची को बिलारी में काम जारी रखने तथा संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से उसे वेतन का भुगतान करने का निर्देश दिया गया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की एकलपीठ ने तेहर सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

# कर्मचारी की पत्नी के साथ दुर्व्यवहार करने वाले अधिवक्ता की सदस्यता रद

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी द्वारा 6 अगस्त 2024 को आयोजित आकस्मिक बैठक में सर्वसम्मति के साथ यह निर्णय लिया गया कि हाईकोर्ट के कर्मचारी की पत्नी के साथ दुर्व्यवहार और अभद्र आचरण करने वाले अधिवक्ता राम बहादुर गुप्ता को एसोसिएशन से निष्कासित कर दिया जाए।

अधिवक्ता के दुष्कृत्य ने बार की छवि और प्रतिष्ठा को धूमिल किया है। ऐसे व्यक्ति को एसोसिएशन में सदस्य के रूप में रहने का अधिकार नहीं है। अतः उसकी सदस्यता समाप्त कर उसे निष्कासित कर दिया गया। मालूम हो कि बीते शुक्रवार की दोपहर हाईकोर्ट के गेट नंबर 8 पर एक अधिवक्ता की कार से महिला की स्कूटी टकरा गई। हाई कोर्ट के समीक्षा अधिकारी की पत्नी से हुई इस छोटी सी चूक पर अधिवक्ता ने उनके साथ बदसलूकी शुरू कर दी। उक्त घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा। इस कारण हाईकोर्ट के मिनिस्टीरियल ऑफिसर्स एसोसिएशन ने भी घटना पर कड़ी नाराजगी जताई। मामले में अधिवक्ता के खिलाफ कैंट थाने में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है।

### वैवाहिक अधिकारों की बहाली के आदेश के एक साल तक साथ न रहने की स्थिति में तलाक संभव

- हाईकोर्ट ने जिला जज रामपुर के आदेश को बरकरार रखा

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 40 साल से अलग रह रहे दंपति के विवाह- विच्छेद आदेश को बरकरार रखते हुए कहा कि भले ही पति ने वैवाहिक अधिकारों की बहाली के आदेश की मांग की हो, लेकिन ऐसे आदेश के पारित होने के 1 साल बाद तक अगर उसके साथी द्वारा आदेश का पालन नहीं किया जाता है तो ऐसी स्थिति में पति विवाह-विच्छेद के आदेश की मांग कर सकता है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने जिला जज, रामपुर द्वारा पारित आदेश को चुनौती देने वाली पत्नी द्वारा दाखिल प्रथम अपील को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए पारित किया। वर्तमान मामले में पक्षकारों का विवाह वर्ष 1979 में हुआ था। वर्ष 1984 में पति ने वैवाहिक अधिकारों की बहाली के लिए मुकदमा दाखिल किया, जिसमें उनके पक्ष में एक तरफा आदेश कर दिया गया। इसके बाद 1 वर्ष से अधिक समय बीत जाने पर भी जब दोनों पक्ष एक साथ रहने में विफल रहे तो परिवार न्यायालय ने पक्षकारों के बीच विवाह को भंग करने का आदेश पारित किया। विवाह-विच्छेद के आदेश को चुनौती देते हुए अपीलकर्ता के अधिवक्ता ने कहा कि दोनों पक्षकार वर्ष 1984 के दौरान एक साथ रह रहे थे। अपीलकर्ता/पत्नी ने अपने पति (विपक्षी) को उस दौरान 5 हजार रुपए भी दिए थे। अंत में कोर्ट ने 40 वर्षों से अलग रह रहे पक्षकारों के बीच विवाह-विच्छेद के निर्णय को बरकरार रखा और अपीलकर्ता की उम्र और आर्थिक स्थिति को देखते हुए विपक्षी को उन्हें 10 लाख रुपए का स्थायी गुजारा भत्ता देने का भी निर्देश दिया।

## वर्ग पहेली-156

**बाएं से दाएं**

3. 1. रेडियोधर्मी पदार्थ से उत्सर्जित आयनीकारक किरण जो अदृश्य व अत्यंत हानिकारक होती है, विकिरण 2. वायरलैस संचार माध्यमों से उत्सर्जित होने वाली तरंगें जो पर्यावरण के लिए हानिकारक होती हैं
6. 1. बनाया जाना, निर्मित होना 2. उचित रूप प्राप्त करना, रचा जाना। (मु.) बन आना : किसी का असमंजस की दशा में पहुंचना, जान जाने की नौबत आना।
7. दे. हड़ीला।
9. नदी

**ऊपर से नीचे**

1. 1. लंबी और सीधी छड़ी, छोटा डंडा 2. रस्सी, डोरी, रज्जु 3. पंक्ति, कतार
4. एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में एक रगण के उपरांत एक जगण आता है
2. 1. फ़ैशन में रुचि लेने वाला, फ़ैशनपरस्त, शौकीन 2. सुंदर, सजीला 3. काल विशेष में प्रचलित, लोकप्रिय।
4. पुरस्कार, पारितोषिक, बख़्शीश, उपहार।
5. 1. भोग-विलास की इच्छा 2. काम-वासना।
8. गुंजा, घुंघची।



### वर्ग पहेली -155 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 चॉ | 2 क | ले | ट |
| ■ | 3 घ | ■ | ट्ट | ■ | ■ |
| ■ | 4 प | रा | व | लं | बी |
| ■ | चि | ■ | च | ■ | ■ |
| 5 कुँ | आ | ■ | 6 न | 7 ल | क |
| ■ | ना | ■ | ■ | ठे | ■ |
| ■ | ■ | 8 ब | ढ़ | ती | ■ |

## सुडोकू -69

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 8 | | 3 | 4 | | 7 |
| 2 | | | | 1 | | 5 | 3 | |
| | | 3 | | | | | 6 | |
| 7 | | | 6 | 8 | | | 1 | |
| | 8 | | | | | | 9 | |
| | 4 | | | 3 | 5 | | | 6 |
| | 2 | | | | | 8 | | |
| | 1 | 9 | | 2 | | | | 3 |
| 5 | | 8 | 9 | | 7 | | 4 | |

### सुडोकू -68 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 | 8 | 2 | 5 |
| 8 | 2 | 1 | 4 | 9 | 5 | 6 | 3 | 7 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 4 | 1 |
| 3 | 7 | 5 | 1 | 8 | 9 | 2 | 6 | 4 |
| 9 | 8 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 | 5 | 3 |
| 6 | 1 | 2 | 3 | 5 | 4 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 | 5 | 9 | 2 |
| 2 | 4 | 9 | 5 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 अगस्त शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- पंचमी 10 अगस्त 03 .14 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-हस्त 10 अगस्त 02 .44 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** — आज सहकर्मी आपकी मदद करेंगे, लेकिन आपको अपने काम के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ेगा। संपत्ति विवादों में समझौता हो सकता है। विरोधी परेशान कर सकते हैं। छाती व फेफड़ों में कोई समस्या हो रही हो तो अपने डॉक्टर से अवश्य मिलें।

**वृष** — आज पेट में जलन की शिकायत हो सकती है। प्रेम संबंधों में निकटता बढ़ेगी। अध्यात्मिक प्रवृत्ति के लोग किसी चिंतन को लेकर विचारशील रहेंगे। आपका बुद्धिमान लोगों से संपर्क बढ़ेगा। आपके विनम्र व्यवहार के कारण व्यापार में लाभ होगा।

**मिथुन** — आज पुराने ऋण के कारण थोड़े चिंतित होने की संभावना बन रही है। शाम को किसी कारण घर में झगड़ा हो सकता है। शांत और धैर्यवान होकर समस्या का समाधान खोजें। सामाजिक कार्यों के कारण आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आज वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। पुराने दोस्तों से मुलाकात होने की संभावना बन रही है। व्यवसाय में सहयोगियों के माध्यम से धन लाभ हो सकता है।

**सिंह** — आज दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। योग व प्राणायाम से मन को संतुलित रखें। भ्रामक विचारों के कारण गलत निर्णय ले सकते हैं। काम का दबाव बढ़ने से आप थोड़े नाखुश रहेंगे। शरीर मे थकावट व ऊर्जा में कमी महसूस करेंगे।

**कन्या** — आज अनुभवी लोगों की राय से लाभ होगा। अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण पा लेंगे। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। लोग आपके व्यक्तित्व से आकर्षित रहेंगे। व्यापार में बड़ा धन लाभ होगा। नई जॉब ढूंढ रहे लोगों को सफलता मिल सकती है।

**तुला** — आज आवश्यक न हो तो लंबी यात्रा न ही करें। अपनी क्षमता से अधिक खर्च का बजट न बनाएं। मन चंचल होने के कारण निर्णय लेने में कठिनाई महसूस कर सकते हैं। आर्थिक कारण को लेकर परिवार में झगड़ा हो सकता है।

**वृश्चिक** — आज युवा साथी अपने प्रेम की अभिव्यक्ति कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सम्मान व आर्थिक लाभ दोनों प्राप्त होगा। वैवाहिक जीवन बेहद रोमांटिक रहेगा। घर में प्रसन्नता का माहौल रहने वाला है। आपके उदार व्यवहार की लोग प्रशंसा करेंगे।

**धनु** — आज जीवनशैली में कुछ बदलाव आ सकते हैं। जिसे अपनाने में आपको थोड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। शाम को कोई शुभ समाचार मिल सकता है। व्यवसाय में वृद्धि के लिए निवेश कर सकते हैं। एकाग्रचित्त होकर अपने काम पर ध्यान दें।

**मकर** — आज व्यापार को लेकर नए अनुबंध हो सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। बॉस आपकी राय व विचारों के आधार पर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है।

**कुंभ** — आज नया काम शुरु न करें। कानूनी पचड़ों में घिरने की आशंका है। पुरुष जातकों की महिला सहकर्मियों से अनबन हो सकती है। समाज में आपका वर्चस्व कम हो सकता है। दांपत्य संबंधों में अविश्वास की स्थिति उत्पन्न न होने दें।

**मीन** — आज आपकी योजनाएं समय पर पूर्ण होंगी। दूसरों पर ज्यादा निर्भर रहना उचित नहीं है। पूर्व में की गई मेहनत का सुखद परिणाम प्राप्त होगा। प्रेम विवाह को परिवार की सहमति मिल सकती है। छात्रों को बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
मजाल — सुबह : 10 .58
वन टू थ्री — शाम : 04 .26

SONY PIX
एनाकोंडा — सुबह : 11 .13
इट — रात : 09 .00

&pictures
सत्यप्रेम की कथा — सुबह : 11 .06
दबंग 2 — शाम : 05 .02

ZEE CINEMA
अखंडा — सुबह : 11 .19
मंगलावरम — रात : 08 .00

colors CINEPLEX
सिंघम 2 — सुबह : 10 .30
स्पाइडर मैन — रात : 08 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर शाम : 05 .02 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक महिला रिक्शे वाले से- मैं तुम्हारे रिक्शे से उतरकर जा रही थी, फिर भी तुम ने भाड़ा क्यों नहीं मांगा?
रिक्शा वाला- जी, मैं शरीफ औरतों से पैसे नहीं मांगता।
महिला-अगर मैं बिना भाड़ा दिए चली जाती तो?
रिक्शा वाला- मैं समझ जाता कि आप शरीफ नहीं हैं और फिर मैं भाड़ा मांग लेता।

छगन- मैं यहां नहीं रहूंगा। इतना छोटा सा कमरा। न तो कोई खिड़की है और न बाथरूम। मुझे मेरे पैसे वापस चाहिए।
वेटर- लेकिन सर ये तो...
छगन- नहीं-नहीं, मुझे पैसे वापस दे दो।
वेटर- अबे ऊपर रूम में तो चलिए, यह तो लिफ्ट है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 78,886.22 | 24,117 |
| गिरावट | 581.79 | 180.50 |
| प्रतिशत में | 0.73 | 0.74 |

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन –तुलसी 2060, राज श्री 1390, फ़ॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1955, फॉर्चुन ली. 1570, जय जवान 1495, सचिन 1520, सूरज 1520, अवसर 1645, राग गोल्ड 1600, गृहणी ली 1510, क्लासिक (किलो) 1670, मोर 1640, चक्र टिन 1875, ब्लू 1630, आशीर्वाद मस्टर्ड 1880, स्वास्तिक 2030 । किराना–(प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19200, जीरा 32500, लाल मिर्च 19500–25000, धनिया 9000–11000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–900 । चावल –( प्रति कु0 ) डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन–मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10800, राजमा चित्रा 13700–14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050–7500 मलका दाल 7275–7900, मलका छँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 10000–10700, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, चना काला 7950, दाल चना 8550, लाल हिंदुस्तान 8650, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9200, चना अकोला 8400, डबरा 9800–11200, सच्चा हीरा 12700, मोटा हीरा 14300, अरहर गोला मोटा 14600, अरहर पटका मोटा 15000, अरहर कोरा मोटा 15400, अरहर पटका छोटा 15300–15700, अरहर कोरी छोटी 16600 । चीनी – डालमियां 4110, पीलीभीत 4100, नवाबगंज 4080, बहेड़ी 4100 ।

# खाद्य मुद्रास्फीति की नहीं कर सकते अनदेखी

## द्विमासिक मौद्रिक नीति बैठक के बाद बोले आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास

मुंबई, एजेंसी

मानक ब्याज दर तय करते समय खाद्य मुद्रास्फीति को बाहर रखने के सुझावों के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने गुरुवार को कहा कि केंद्रीय बैंक मौद्रिक नीति बनाते समय इस पहलू को नजरअंदाज नहीं कर सकता है। उन्होंने द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद कहा कि कुल उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति में खाद्य का भारांक 2011-12 में 46% किया गया था और इस पर फिर से विचार करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) इसका विश्लेषण कर रहा है। रिजर्व बैंक नीतिगत ब्याज दरें तय करते समय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति को ध्यान में रखता है। दास ने कहा कि रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) उच्च खाद्य मुद्रास्फीति को क्षणिक होने पर नजरअंदाज कर सकती है लेकिन ऊंची खाद्य मुद्रास्फीति के माहौल में एमपीसी ऐसा करने का जोखिम नहीं उठा सकती है। एमपीसी को अधिक खाद्य मुद्रास्फीति से होने वाले व्यापक प्रभावों या दूसरे दौर के प्रभावों को रोकने और अब तक किए गए लाभ को बनाए रखने के लिए सतर्क रहना होगा। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने खाद्य मुद्रास्फीति को दर निर्धारण की प्रक्रिया से बाहर रखने की वकालत करते हुए कहा था कि मौद्रिक नीति का खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर कोई असर नहीं पड़ता है, जो आपूर्ति पक्ष के दबावों से तय होती हैं। दास ने लिखित बयान में कही गई बातों पर विस्तार से टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।



### कर्ज के ऊपर कर्ज में वृद्धि कुछ इकाइयों तक सीमित

मुंबई। आरबीआई के गवर्नर ने कहा कि आवास ऋण के ऊपर कर्ज (टॉप-अप) में वृद्धि सभी बैंकों का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह कुछ इकाइयों तक ही सीमित है। दास ने कहा कि टॉप-अप आवास कर्ज में नियामकीय आवश्यकताओं का पालन कुछ इकाइयों द्वारा नहीं किया जा रहा है और यह कोई प्रणाली-स्तर की समस्या नहीं है। ऐसे मामलों को पर्यवेक्षी स्तर पर द्विपक्षीय रूप से निपटाया जा रहा है। बैंक और गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) भी स्वर्ण ऋण जैसे अन्य गारंटी वाले कर्ज पर टॉप-अप की पेशकश कर रही हैं। टॉप-अप कर्ज खुदरा कर्ज के साथ आवास ऋण पर लिया जाने वाला कर्ज है। ऐसी प्रक्रियाओं से कर्ज का उपयोग गैर-उत्पादक क्षेत्रों या सट्टेबाजी के लिए किया जा सकता है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 675 अरब डॉलर

गवर्नर ने कहा कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार दो अगस्त को 675 अरब डॉलर पहुंच गया। इससे पहले, इस वर्ष 19 जुलाई को मुद्रा भंडार 670.85 अरब अमेरिकी डॉलर था। 26 जुलाई को यह 667.38 अरब डॉलर था। देश का बाह्य क्षेत्र जुझारू बना हुआ है जैसा कि प्रमुख संकेतकों में सुधार से पता चलता है। हमें अपनी बाह्य वित्तपोषण आवश्यकताओं को आराम से पूरा करने का विश्वास है।

## यूपीआई से पांच लाख रुपये तक के कर का हो सकेगा भुगतान

**नई दिल्ली।** आरबीआई ने यूपीआई से कर भुगतान की सीमा बढ़ाने की घोषणा की। आरबीआई के गवर्नर ने एमपीसी की तीन दिन की बैठक में लिए निर्णय पर कहा कि यूपीआई भुगतान का सबसे पसंदीदा तरीका बन गया है। इसलिए यूपीआई से कर भुगतान की सीमा को एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख प्रति लेनदेन करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में आवश्यक निर्देश अलग से जारी होंगे। आरबीआई के अनुसार, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का उपयोगकर्ता आधार 42.4 करोड़ हो गया है। हालांकि, उपयोगकर्ता आधार के और विस्तार की संभावना है। यूपीआई में डेलिगेटेड पेमेंट्स का भी प्रस्ताव है। दास ने कहा कि डेलिगेटेड पेमेंट्स से प्राथमिक उपयोगकर्ता के खाते पर किसी अन्य व्यक्ति के लिए यूपीआई लेनदेन सीमा तय करने की अनुमति मिलेगी।

# फसल उत्पादन व उत्पादकता में झोल, उलझे विभाग

अमृत विचार विशेष

- प्रदेश में वर्ष 2022-23 की तुलना में 2023-24 में कहीं गिरावट तो कहीं दिखी बढ़त
- अधिकांश जिलों में माइनस 1 से माइनस 86 प्रतिशत तक कमी जिलेवार रिपोर्ट से होगा मिलान

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** शासन में नियोजन विभाग की ओर से दी गई प्रदेश की फसल उत्पादन व उत्पादकता की रिपोर्ट ने कृषि विभाग को मुश्किल में डाल दिया है। वर्ष 2022-23 और 2023-24 में गेहूं, धान, दलहन, खाद्यान्न व तिलहन आदि के जो आंकड़े दर्शाए गए उनमें एक वर्ष में ज्यादातर जिलों का उत्पादन घटा है तो कहीं उत्पादकता बढ़ी है।

इसी तरह कहीं उत्पादन अधिक है तो उत्पादकता पहले से कम है। दोनों में कोई मामूली नहीं -1 से -86 फीसद तक की कमी है। कृषि विभाग के अनुसार एक वर्ष में इतनी बड़ी मात्रा में गिरावट आना संभव नहीं है। 2023-24 में फसलों का क्षेत्रफल भी नहीं घटा था। पैदावार बढ़ाने के लिए किसानों को मिनी किट बांटे गए। निर्धारित क्षेत्रफल से अधिक बोवाई हुई। मौसम भी अनुकूल रहा। यदि उत्पादकता अधिक है तो उत्पादन भी अधिक होता है। यदि उत्पादन कम हुआ तो फसल बीमा की क्षतिपूर्ति भी देय होती है।

### ऐसे समझें

- फसल उत्पादन पूरे जिले का होता है
- उत्पादकता प्रति हेक्टेयर होती है

### धान में कमी

| | |
|---|---|
| उत्पादन | 86 फीसदी |
| उत्पादकता | 21.8 फीसदी |

### गेहूं में कमी

| | |
|---|---|
| उत्पादन | 48.6 फीसदी |
| उत्पादकता | 21.8 फीसदी |

"उत्पादन या उत्पादकता घटी नहीं है। पहले लेखपाल हार्वेस्टिंग से आकलन करते थे। अब डिजिटल क्रॉप सर्वे होने लगा है। नई व्यवस्था से आंकड़ों में कुछ अंतर आया है। इसका सत्यापन करने के लिए जिलों से रिपोर्ट मांगी है।

– आरके सिंह, अपर कृषि निदेशक (प्रसार), कृषि निदेशालय।

### गलत हो सकते हैं आंकड़े, निदेशालय ने मांगी रिपोर्ट

यह रिपोर्ट गलत भी हो सकती है। इसलिए शासन बड़ी मात्रा में उत्पादन और उत्पादकता में गिरावट और बढ़त का मिलान जिलों की रिपोर्ट से करेगा। इसके लिए कृषि निदेशालय ने सभी जिलों के उपनिदेशक से उत्पादन और उत्पादकता की रिपोर्ट मांगी है। लेकिन, जो घटत-बढ़त की रिपोर्ट जिलों को आख्या के लिए भेजी गई वह अधिकारियों की समझ से बाहर है। क्योंकि फसलों का आकलन यानी क्रॉप कटिंग राजस्व विभाग करता है और रिपोर्ट सांख्यिकी विभाग द्वारा शासन को जाती है। यदि कृषि विभाग रिपोर्ट देगा तो वही दर्शाये गए आंकड़े सांख्यिकी विभाग से लेकर भेजेगा।

# सेंसेक्स 582 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में

मुंबई, एजेंसी

शेयर बाजारों में गुरुवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 582 अंक लुढ़क गया। आरबीआई के नीतिगत दर रेपो में बदलाव नहीं करने के निर्णय के बाद बाजार नीचे आया। उतार-चढ़ाव के बीच बीएसई का सेंसेक्स 581.79 अंक यानी 0.73% की गिरावट के साथ 78,886.22 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 669.07 अंक लुढ़क कर 78,798.94 अंक तक चला गया था। एनएसई का निफ्टी भी 180.50 अंक यानी 0.74% की गिरावट के साथ 24,117 अंक पर बंद हुआ।



- विदेशी निवेशकों की पूंजी निकासी और अमेरिका तथा यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख से आई गिरावट

कारोबार के दौरान यह 217.8 अंक का गोता लगा गया था।

विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने और अमेरिका तथा यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख से घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि आरबीआई की मौद्रिक नीति की घोषणा के साथ बाजार नीचे आया। निवेशकों ने पहली तिमाही के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अनुमान में वृद्धि और आर्थिक वृद्धि उम्मीद से नरम रहने को देखते हुए सतर्क रुख अपनाया। सैमको म्यूचुअल फंड के मुख्य निवेश अधिकारी उमेशकुमार मेहता ने कहा कि आरबीआई ने देखो और इंतजार करो की नीति को अपनाते हुए नीतिगत दर को यथावत रखा है। आरबीआई दुनिया के सबसे बड़े केंद्रीय बैंक अमेरिकी फेडरल रिजर्व से संकेत का इंतजार कर रहा है।

### मौद्रिक नीति समीक्षा की मुख्य बातें

- प्रमुख नीतिगत दर रेपो नौंवी बार 6.5% पर बरकरार।
- मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने और वृद्धि को समर्थन देने के लिए उदार रुख को वापस लेने पर ध्यान केंद्रित रखना।
- वित्त वर्ष 2024-2025 के लिए जीडीपी वृद्धि का अनुमान 7.2% पर बरकरार।
- चालू वित्त वर्ष के लिए खुदरा मुद्रास्फीति का अनुमान भी 4.5% पर बरकरार।
- वैश्विक आर्थिक परिदृश्य जुझारू बना हुआ है, हालांकि रफ्तार में कुछ नरमी है।
- घरेलू आर्थिक गतिविधियों की रफ्तार कायम।
- चालू खाते का घाटा प्रबंध के दायरे में।
- विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 675 अरब अमेरिकी डॉलर की ऐतिहासिक ऊंचाई पर।
- वित्त वर्ष 2024-25 में अभी तक भारतीय रुपया काफी हद तक सीमित दायरे में रहा।
- भारतीय वित्तीय प्रणाली जुझारू बनी हुई है, मजबूती हासिल कर रही है।
- आरबीआई अनधिकृत कंपनियों पर अंकुश लगाने के लिए डिजिटल ऋण देने वाले ऐप का आंकड़ा सार्वजनिक रूप से एकत्रित करेगा।
- यूपीआई के माध्यम से कर भुगतान की सीमा को एक लाख से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने का प्रस्ताव।
- चेक समाशोधन अब सिर्फ कुछ घंटों में करने का प्रस्ताव।
- एमपीसी की अगली बैठक सात से नौ अक्टूबर को।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का प्रधानमंत्री करेंगे दौरा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को केरल के वायनाड के भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। केरल के वायनाड जिले में 30 जुलाई को तड़के हुई भूस्खलन की घटनाओं के बाद प्रभावित इलाकों में अब भी तलाश अभियान जारी है और आज कुत्तों को मलबे के नीचे दबे अवशेषों की तलाश में लगाया गया। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री 10 अगस्त को दोपहर कलपेट्टा पहुंचेंगे और उसके बाद प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे।

### 50 निवेशकों से 10 करोड़ ठगने में छह पर केस

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में निवेश करने पर अधिक मुनाफा मिलने का लालच देकर 50 लोगों से 10 करोड़ की धोखाधड़ी करने के आरोप में छह व्यक्तियों और उनकी कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। डोंबिवली पुलिस थाने के अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि आरोपियों ने अक्टूबर 2016 से मार्च 2024 के बीच इन लोगों को निवेश करने पर 14 से 18 प्रतिशत का लाभ मिलने का आश्वासन देकर ठगा।

### लालू प्रसाद के करीबी की संपत्ति ईडी ने की कुर्क

**नई दिल्ली।** हरियाणा के गुरुग्राम में 70 एकड़ जमीन और फ्लैट, मुंबई में कुछ मकान, दिल्ली में एक फार्महाउस और राजद प्रमुख लालू प्रसाद के परिवार के कथित करीबी सहयोगी अमित कात्याल और उसकी रियल्टी कंपनियों की लगभग 113 करोड़ रुपये की सावधि जमा को धनशोधन निरोधक कानून के तहत कुर्क कर लिया गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

# फर्जी प्रमाण पत्र से नौकरी पाने वाले होंगे बर्खास्त

## राज्यसभा में बोले केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री, कार्रवाई के लिए विभागों को भेजी गई शिकायत

नई दिल्ली, एजेंसी

- यूपीएससी ने हाल ही में पूर्व ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की अनंतिम उम्मीदवारी रद कर दी थी: जितेंद्र सिंह
- सिंह ने कहा- जाति/समुदाय प्रमाण पत्र जारी करने और सत्यापित करने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों की

सरकार ने गुरुवार को बताया कि मौजूदा निर्देशों के अनुसार, नियुक्ति पाने के लिए गलत जानकारी देने या गलत प्रमाण पत्र पेश करने पर सरकारी कर्मचारी को बर्खास्त किया जा सकता है। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंत्रालयों और विभागों को फर्जी जाति प्रमाण पत्र पर नौकरी मिलने की शिकायतें मिलती हैं, जिन्हें कार्रवाई के लिए संबंधित मंत्रालयों/विभागों को भेज दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि मौजूदा निर्देशों के मुताबिक, अगर यह पाया जाता है कि किसी सरकारी कर्मचारी ने नियुक्ति पाने के लिए गलत जानकारी दी है या गलत प्रमाण पत्र पेश किया है, तो उसे सेवा में नहीं रखा जाना चाहिए। मंत्री ने बताया कि जब नियुक्ति प्राधिकारी को पता चलता है कि किसी कर्मचारी ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र पेश किया है, तो वह संबंधित सेवा नियमों के प्रावधानों के अनुसार ऐसे कर्मचारी को सेवा से हटाने या बर्खास्त करने के लिए कार्रवाई शुरू करता है।

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने हाल में पूर्व ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की अनंतिम उम्मीदवारी रद कर दी थी और उन्हें भविष्य की सभी परीक्षाओं से वंचित किया था। उन पर दिव्यांगता और अन्य पिछड़ा वर्ग कोटे का दुरुपयोग का आरोप है। सिंह ने कहा कि जाति/समुदाय प्रमाण पत्र जारी करने और सत्यापित करने की जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकारों की है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कई मौकों पर यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है कि जिला अधिकारियों को भेजे जाति प्रमाण पत्र का सत्यापन किया जाए और ऐसे प्राधिकरण से अनुरोध प्राप्त होने के एक महीने के भीतर नियुक्ति प्राधिकारी को जानकारी दी जाए।

### उच्च सदन में उठा डॉक्टर-मरीज अनुपात में कमी का मुद्दा

**नई दिल्ली।** भाजपा के डा.अजीत माधवराव गोपचड़े ने गुरुवार को राज्यसभा में देश में डाक्टर और मरीज के अनुपात में कमी का मुद्दा उठाते हुए इलेक्ट्रो होम्योपैथी डाक्टरों को प्रशिक्षित कर मान्यता देने की मांग की। सदस्य ने शून्यकाल के दौरान कहा कि इससे गांवों में प्राथमिक चिकित्सा का नेटवर्क मजबूत होगा और आयुष्मान योजना को भी फायदा मिलेगा। निर्दलीय कार्तिकेय शर्मा ने हरियाणा के अंबाला को औद्योगिक शहर के रूप में विकसित किये जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि अंबाला को सेनाओं के विमानों और अन्य रक्षा उपकरणों के रख खवाव तथा मरम्मत के विशाल केन्द्र के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। तृणमूल कांग्रेस के नदीमुल हक ने देश में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाये जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि अभी देश में लू के कारण हजारों लोगों की मौत हुई है। उन्होंने स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी वापस लिए जाने की मांग की। इसी पार्टी की डोला सेन ने बच्चों में कुपोषण का मुद्दा उठाते हुए कहा कि 200 देशों की सूची में भारत 84 वें नंबर पर है।

# बीमा प्रीमियम पर जीएसटी में कटौती नहीं कर सकती संसद : वित्त मंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को विपक्ष पर निशाना साधते हुए राज्यसभा में कहा कि स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर 2017 में जीएसटी लागू होने से पहले राज्यों ने बीमा प्रीमियम पर कर लगाया था और इसमें संसद द्वारा कटौती नहीं की जा सकती। वित्त मंत्री ने वित्त विधेयक, 2024 पर हुई चर्चा का जवाब देते यह टिप्पणी की। चर्चा में विपक्ष के कई सदस्यों ने स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी में कटौती करने की मांग की थी।

वित्त मंत्री ने कहा कि संसद जीएसटी दरें तय करने का मंच नहीं है। इस मामले को जीएसटी परिषद में ले जाना जाना होगा, जिसमें राज्यों का दो-तिहाई प्रतिनिधित्व है। स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम से मिलने वाली राशि का करीब 71% हिस्सा राज्यों को मिलता है। उन्होंने एलटीसीजी (दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ) कर में संशोधन किए जाने का भी जिक्र किया। 23 जुलाई, 2024 से पहले खरीदी गई संपत्तियों की बिक्री पर इंडेक्सेशन का लाभ बहाल कर दिया गया है। जिन व्यक्तियों ने 23 जुलाई से पहले घर खरीदा है, वे नयी योजना के तहत एलटीसीजी कर का भुगतान का विकल्प चुन सकते हैं।



संसद के मानसून सत्र के दौरान राज्यसभा में बोलतीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण।

- वित्त विधेयक, 2024 पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने की टिप्पणी

### जोहार संगी-24



विश्व आदिवासी दिवस पर रांची विश्वविद्यालय में आयोजित जोहार संगी-24 में जनजातीय समुदाय की कला, संस्कृति, परंपरा और रीति-रिवाज के कार्यक्रम पेश किए गए, जिसमें झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने ढोल बजाकर जोहार संगी कार्यक्रम का आनंद लिया। • अमृत विचार

## विपक्ष के आचरण से दुखी धनखड़ ने कार्यवाही के बीच छोड़ा सदन

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में गुरुवार को विपक्ष के कुछ सदस्यों के अमर्यादित आचरण से दुखी होकर सभापति जगदीप धनखड़ यह कहते हुए आसन छोड़कर चले गए कि वह कुछ समय के लिए सदन में बैठने में खुद को सक्षम नहीं पा रहे हैं। इससे धनखड़ और विपक्षी दलों के बीच असहज संबंध फिर उजागर हो गए। सदन में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विनेश फोगाट के मुद्दे पर चर्चा की मांग की। धनखड़ ने इसकी अनुमति नहीं दी। इस पर सदन में शोरगुल तेज हो गया। विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी। टीएमसी के डेरेक ओब्रायन कुछ कह रहे थे। इस पर सभापति ने उनसे कहा कि सदन में आपका आचरण खराब है। आप आसन पर चिल्ला रहे हैं। अगली बार मैं आपको दरवाजा दिखा दूंगा। विसभापति ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण आचरण है। इसी दौरान समूचा विपक्ष सदन से बहिर्गमन कर गया।

# प्याज की माला पहन संसद पहुंचे सांसद

नयी दिल्ली, एजेंसी

विपक्षी गठबंधन के घटक दलों के सदस्य गुरुवार को प्याज की माला पहनकर संसद पहुंचे और किसानों के लिए फसल का उचित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सुनिश्चित करने की मांग की।

तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, झारखंड मुक्ति मोर्चा और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने संसद भवन के मकर द्वार के पास विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने किसान को एमएसपी दो और किसानों से अन्याय बंद करो के नारे भी लगाए। तृणमूल सांसद प्रसून बनर्जी, झामुमो सांसद महुआ माझी और कई अन्य सांसदों ने प्याज की माला पहन रखी थी। शिवसेना (यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि तेदेपा और जदयू को न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया गया है, लेकिन किसानों को एमएसपी नहीं दी जा रही है।



मानसून सत्र के दौरान प्याज की माला पहनकर प्रदर्शन करते विपक्ष के सांसद।

## कुश्ती में नहीं, सिस्टम से हारी विनेश पंचायत बुलाएगी फोगाट खाप

**चरखी दादरी (हरियाणा)।** हरियाणा राज्य के चरखी दादरी शहर स्थित बाबा स्वामी दयाल धाम पर गुरुवार को सर्वजातीय फोगाट खाप की पंचायत हुई। इसमें विनेश फोगाट को लेकर पदाधिकारियों ने विचार मंथन किया। खाप सचिव सुरेश फोगाट ने कहा कि विनेश कुश्ती में नहीं, बल्कि सिस्टम से हारी है। विनेश को जबरन अयोग्य घोषित करने से देश में रोष है।

खाप सचिव ने कहा कि दुनिया की नंबर एक पहलवान को हराने से पहले विनेश ने उस सिस्टम को हराया जो उसे आगे नहीं बढ़ने देना चाहता था। खाप प्रवक्ता शमशेर फोगाट ने कहा कि फोगाट खाप चाहती है कि बेटी को न्याय मिले। खाप उपप्रधान धर्मपाल महाराणा ने बताया कि जल्द चरखी दादरी व भिवानी की सभी खापों की पंचायत बुलाकर हुए निर्णय लेकर उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री व खेल मंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# टॉवर वैगन का ब्रेक फेल हुआ चार किमी तक पटरियों पर दौड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

- लूप लाइन पर ले जाकर रोका गया बड़ा हादसा टला

एक स्व-चालित टावर वैगन बुधवार दोपहर ब्रेक फेल होने के कारण चालक दल के साथ चार किलोमीटर दौड़ता रहा, जिससे महत्वपूर्ण आगरा-टूंडला रेल मार्ग पर ट्रेन संचालन के लिए खतरा पैदा हो गया। टॉवर वैगन ट्रेन के डिब्बे की तरह होता है, जिसके जरिये तार संबंधी उपकरणों में गड़बड़ी को ठीक किया जाता है।

घटना की पुष्टि करते हुए आगरा रेलवे मंडल की पीआरओ प्रशस्ति श्रीवास्तव ने कहा, 'कुबेरपुर रेलवे यार्ड में ब्लॉक के दौरान एक टावर वैगन काम कर रहा था। खराब ब्रेक पावर के कारण यह 10 किमी प्रति घंटे से भी कम गति से कुछ दूरी तक चला गया।' उन्होंने कहा, 'इसे तुरंत लूप लाइन पर ले जाया गया और उस पर सवार लोको पायलट द्वारा रोका गया। ब्रेक पावर में गड़बड़ी की जांच की जा रही है।'

रेलवे के एक सूत्र के अनुसार, कुबेरपुर रेल यार्ड में तार संबंधी उपकरणों के रखरखाव का काम चल रहा था और इस विशेष खंड में दोपहर 12 बजे से 2 बजे के बीच

# जिला जजों के पेंशन मुद्दों का समाधान करे केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को जिला जजों को दी जा रही बहुत कम पेंशन से संबंधित मुद्दों का केंद्र से समाधान करने को कहा। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि हम जिला न्यायपालिका के संरक्षक होने के नाते आपसे (अटार्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल से) आग्रह करते हैं कि आप न्यायमित्र के साथ बैठकर कोई रास्ता निकालें।

सीजेआई ने कहा कि इनमें से कुछ मामले बहुत पेचीदा हैं। उन्होंने कैंसर से पीड़ित जिला जज के मामले का उल्लेख किया और कहा कि पेंशन से संबंधित शिकायतों को उठाते हुए जिला न्यायाधीशों द्वारा उच्चतम न्यायालय में कई याचिकाएं दायर की जा रही हैं। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि जिला न्यायाधीशों को केवल 15,000 रुपये पेंशन मिल रही है। जिला न्यायाधीश उच्च न्यायालयों में आते हैं और आमतौर पर उन्हें 56 और 57 वर्ष की आयु में उच्च न्यायालयों में पदोन्नत किया जाता है और वे 30,000 रुपये प्रति माह पेंशन को लेकर सेवानिवृत्त होते हैं।



- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- न्यायमित्र के साथ बैठकर कोई रास्ता निकालें

### सुनवाई 27 अगस्त तक के लिए स्थगित

सीजेआई ने कहा कि उच्च न्यायालय के बहुत कम न्यायाधीशों को मध्यस्थता के मामले मिलते हैं और 60 वर्ष की आयु होने पर वे वकालत भी नहीं कर सकते। केंद्र की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जिला न्यायाधीशों के पेंशन संबंधी मामले पर बहस के लिए समय मांगा। पीठ ने सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के लिए कल्याणकारी उपायों के क्रियान्वयन की मांग करने वाली अखिल भारतीय न्यायाधीश संघ की याचिका पर सुनवाई 27 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी। वकील के. परमेश्वर ने न्यायालय को अवगत कराया कि कई राज्यों ने न्यायिक अधिकारियों को पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभों के बकाया भुगतान पर द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग (एसएनजेपीसी) की सिफारिशों का अनुपालन किया है।



# पेरिस ओलंपिक 2024



**खेल डायरी**

## तैराक अलोंसो की सुंदरता बनी ओलंपिक में बाधा वापस भेजा पैराग्वे, कर दी संन्यास की घोषणा

- लुआना अलोंसो की सुंदरता उनके देश के खिलाड़ियों को कर रही थी विचलित

**पेरिस।** पैराग्वे की महिला तैराक लुआना अलोंसो के लिए उनकी सुंदरता ही समस्या बन गई। एक रिपोर्ट के अनुसार, उनकी खूबसूरती उनकी अपनी टीम के खिलाड़ियों की एकाग्रता को विचलित कर रही थी। इसलिए पैराग्वे टीम के प्रबंधन ने अलोंसो को पेरिस ओलंपिक में चल रही प्रतिस्पर्धा के बीच ही उन्हें वापस उनको अपने देश भेज दिया। पैराग्वे लौटने के बाद अलोंसो ने तैराकी से संन्यास लेने की घोषणा भी कर दी, हालांकि अलोंसो पेरिस ओलंपिक की तैराकी स्पर्धा के लिए क्वालिफाई भी नहीं कर पाई थीं। वहीं, पैराग्वे की राष्ट्रीय टीम के प्रबंधक ने दावा किया था कि स्पोर्ट विलेज में अलोंसो की उपस्थिति उनके देश के



खिलाड़ियों की एकाग्रता में बाधक बन गई थी। दूसरी ओर, अलोंसो ने ऐसी किसी भी खबर को पूरी तरह भ्रामक बताया है।



## कांस्य पदक विजेता कुसाले का भव्य स्वागत

**पुणे।** पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले निशानेबाज स्वप्निल कुसाले गुरुवार को महाराष्ट्र के पुणे शहर पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। कुसाले ने पिछले हफ्ते 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में पहला ओलंपिक कांस्य पदक जीता था। सुबह पुणे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पारंपरिक ढोल-ताशा की थाप के बीच लोगों ने कुसाले का स्वागत किया। पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर के कुसाले ने इसके बाद शहर के बीचों-बीच स्थित प्रसिद्ध श्रीमंत दगडूशेठ हलवाई गणपति मंदिर में पूजा-अर्चना की। शहर के बालेवाड़ी स्थित श्री शिव छत्रपति खेल परिसर में शूटिंग रेंज में उन्हें सम्मानित किया जाएगा। कुसाले के कांस्य पदक जीतने के बाद महाराष्ट्र सरकार ने उन्हें एक करोड़ रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की। मध्य रेलवे ने भी कुसाले को पदोन्नत कर विशेष कार्य अधिकारी नियुक्त किया है। वह 2015 में मध्य रेलवे के पुणे डिवीजन में 'कमर्शियल कम टिकट क्लर्क' के पद पर शामिल हुए थे। कुसाले ने इससे पहले 2023 में चीन में एशियाई खेलों में, 2022 में बाकू में हुए विश्व कप और 2021 में नयी दिल्ली में स्वर्ण पदक जीते थे।



## अंशु मलिक हारीं, अब रेपेचेज की उम्मीद

**पेरिस।** भारतीय महिला पहलवान अंशु मलिक गुरुवार को यहां पेरिस ओलंपिक की 57 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा के प्रीक्वार्टर फाइनल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पांचवीं वरीय हेलेन लुसी मैरोयूलिस से 2-7 से हार गईं। अपने दूसरे ओलंपिक में हिस्सा ले रही अंशु को रेपेचेज में खेलने के लिए मैरोयूलिस के फाइनल तक पहुंचने की उम्मीद करनी होगी। पहले राउंड में अमेरिका की मैरोयूलिस ने शुरू से दबदबा बनाते हुए बढ़त हासिल की। इसमें अंशु काफी 'डिफेंसिव' लग रही थी। दूसरे राउंड में भी मैरोयूलिस ने यही प्रदर्शन जारी रखते हुए पांच अंक जुटाये जबकि वापसी की कोशिश में जुटीं अंशु केवल दो अंक ही हासिल कर सकीं।



## विनेश योद्धा की सच्ची भावना का प्रतीक हैं : बिंद्रा

- पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव ने कहा- फोगाट की लड़ाई दिल को छू गई
- कुछ जीतें कैबिनेट में स्मारिका के रूप में समाप्त हो जाती हैं वो अधिक मायने रखती हैं

पेरिस, एजेंसी

भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने गुरुवार को पहलवान विनेश फोगाट की सराहना करते हुए कहा कि उनकी लड़ाई उनके दिल को छू गई और वह योद्धा की सच्ची भावना की प्रतीक हैं।

ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनीं 29 वर्षीय विनेश को 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण 50 किग्रा स्वर्ण पदक मुकाबले से अयोग्य घोषित कर दिया गया था जिसके बाद उन्होंने अचानक संन्यास लेने की घोषणा कर दी। बिंद्रा ने उनसे मुलाकात की और एक्स पर लिखा खेल मानवीय इच्छाशक्ति का उत्सव है। मैंने अपने करियर में कई बार यह सच होते देखा है लेकिन आज से ज्यादा कभी भी यह सच नहीं हुआ। जब मैं अपने चारों ओर देखता हूं, तो मुझे एक राष्ट्र और उसके लोग आपके दृढ़ संकल्प का जश्न मनाते हुए दिखाई देते हैं। आप एक योद्धा हैं मैट पर और मैट से बाहर भी। आपके माध्यम से हम सीख रहे हैं कि हार के बावजूद भी अपने अंदर की लड़ाई को कभी नहीं हारना क्या मायने रखता है। आप एक योद्धा की सच्ची भावना को मूर्त रूप देती हैं।

एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता तीन बार की ओलंपियन विनेश ने अपना वजन 50 किग्रा के भीतर रखने के लिए कई तरह के उपाय किए जिसमें भूखे रहना, तरल पदार्थों से परहेज करना और पूरी रात जागकर पसीना बहाना शामिल था। बिंद्रा ने कहा सभी जीत एक जैसी नहीं होतीं। कुछ जीतें कैबिनेट में एक शानदार स्मारिका के रूप में समाप्त हो जाती हैं लेकिन जो अधिक मायने रखती हैं, ऐसी कहानियां अपना रास्ता बना लेती हैं और देश का हर बच्चा आपको चैंपियन के रूप में जानेगा।

### दुखी मन से संन्यास लेने का फैसला नहीं लें : संजय

**पेरिस।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) प्रमुख संजय सिंह ने गुरुवार को हताश महिला पहलवान विनेश फोगाट से आग्रह किया कि वह दुखी मन से खेल से संन्यास लेने जैसा फैसला नहीं करें। वह विनेश से व्यक्तिगत रूप से मिलना चाहते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती करियर को अलविदा कह दिया। संजय सिंह ने कहा मुझे सोशल मीडिया पर विनेश के संन्यास के बारे में पता चला और मैं यह देखकर भी हैरान हूं कि उन्होंने खुद ही संन्यास लेने का फैसला किया। मैं भारतीय कुश्ती महासंघ की ओर से उनसे आग्रह करूंगा कि वह दुखी मन से इतना बड़ा फैसला नहीं लें और इस निराशा से मानसिक रूप उबरने के बाद ही तर्कसंगत फैसला करें। हम उनसे इस बारे में बात करेंगे।

### वजन बढ़ने को लेकर सवाल उठना लाजमी : विशेषज्ञ

**लखनऊ।** भारतीय पहलवान विनेश फोगाट को अयोग्य घोषित किये जाने की गहराई से जांच की मांग के बीच 24 घंटे के अंदर ही उनका वजन बढ़ जाने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। जाने-माने स्पोर्ट्स मेडिसिन स्पेशलिस्ट डॉक्टर सरनजीत सिंह का कहना है कि किसी एथलीट का 24 घंटे के अंदर करीब तीन किलोग्राम तक वजन बढ़ सकता है। यह वजन दो सूरतों में बढ़ सकता है। पहला, या तो एथलीट की ट्रेनिंग अवधि कम हो जाए, यानी वह कम कैलरी बर्न करे। या फिर वह ज्यादा कैलरी ले ले। या फिर ये दोनों ही चीजें हुई हों।

### विनेश, आप हारी नहीं हैं हराया गया है : पुनिया

**चंडीगढ़।** पहलवान बजरंग पुनिया ने पहलवान विनेश फोगाट के कुश्ती को अलविदा कहने पर कहा विनेश आप हारी नहीं, हराया गया है, हमारे लिए सदैव आप विजेता ही रहेगी आप भारत की बेटी के साथ-साथ भारत का अभिमान भी हो। पुनिया ने ट्वीट में कहा विनेश आप जैसी बेटी भगवान हर घर में पैदा करे। आप हमेशा एक कुश्ती की लेजन्ड के रूप में जानी जाएगी। हम कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं है मैं माफी चाहूंगा की मैं आपके फोन या आपके मेसेज का रिप्लाई नहीं कर पा रहा हूं।

### हर अग्निपरीक्षा में भारतीय हॉकी के संकटमोचक साबित हुए गोलकीपर, ग्रेस अंक पाने के लिए खेली थी हॉकी, देश को दिलाया पदक

# कांस्य दिलाकर घर लौटे श्रीजेश

पेरिस, एजेंसी

बोर्ड के इम्तिहान में ग्रेस अंक पाने के लिये खेलों में उतरने से लेकर भारतीय हॉकी की दीवार बनने तक पराट्टू रवींद्रन श्रीजेश का सफर उपलब्धियों से भरपूर रहा और हर बड़ी चुनौती में संकटमोचक बनकर उभरे इस नायाब खिलाड़ी को पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद अपने कंधे पर बिठाकर भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह की टीम ने आज विदाई दी।

36 वर्ष के श्रीजेश ने ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम को मिले 13वें और लगातार दूसरे पदक के साथ अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कह दिया। तोक्यो ओलंपिक में जर्मनी के खिलाफ प्लेआफ मुकाबले में निर्णायक पेनल्टी बचाकर 41 साल बाद भारत को ओलंपिक पदक दिलाना हो या पेरिस में ओलंपिक खेलों में ऑस्ट्रेलिया पर 52 साल बाद मिली जीत हो या ब्रिटेन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में शूटआउट में भारत को मिली जीत हो, हर जुबां पर एक ही नाम था पी आर श्रीजेश।

आठ मई 1988 को केरल के अर्नाकुलम जिले के किझाकम्बलम गांव में जन्मे श्रीजेश ने पहले हुई बातचीत में बताया था कि वह बोर्ड की परीक्षा में ग्रेस अंक लेने के लिए एथलेटिक्स में उतरे थे और बाद में उनके स्कूल के कोच ने उन्हें हॉकी गोलकीपर बनने की सलाह दी हालांकि केरल में उस समय एथलेटिक्स और फुटबॉल की ही लोकप्रियता थी, लेकिन कोच की वह सलाह श्रीजेश और भारतीय हॉकी के लिए वरदान साबित हुई। मेरा सफर सपने जैसा रहा है। चौथा ओलंपिक सपना लगता है। धनराज पिल्लै ने ही चार ओलंपिक, चार विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी और एशियाई खेलों में भाग लिया। चार ओलंपिक खेलने वाला मैं पहला गोलकीपर हूं, विश्वास नहीं होता।

कोलंबो में 2006 में दक्षिण एशियाई खेलों के जरिए भारत की सीनियर टीम में पदार्पण करने वाले श्रीजेश 2011 तक एड्रियन डिसूजा और भरत छेत्री जैसे सीनियर गोलकीपरों के रहते टीम में स्थायी जगह नहीं पा सके। वह 2011 से टीम के अभिन्न अंग बने और 2014 एशियाई खेल फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ दो पेनल्टी स्ट्रोक बचाकर स्टार बने। इसके बाद उन्होंने मुड़कर नहीं देखा और ओलंपिक, विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल, प्रो लीग सभी टूर्नामेंटों में उनका जलवा रहा। खेल रत्न, पद्मश्री, सर्वश्रेष्ठ एथलीट, एफआईएच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, 336 मैच उपलब्धियों की गवाही देते हैं।

यही वजह है कि धनराज पिल्लै उन्हें मेजर ध्यानचंद, बलबीर सिंह सीनियर, मोहम्मद शाहीद जैसे महानतम खिलाड़ियों की सूची में रखते हैं तो दिलीप तिर्की उन्हें भारतीय गोलकीपिंग का भगवान कहते हैं। मनप्रीत सिंह जैसे अनुभवी मिडफील्डर अपनी परेशानियां उनसे साझा करते हैं तो राजकुमार पाल या अभिषेक जैसे युवा खिलाड़ियों को वे दबाव झेलने का हौसला देते हैं। कप्तान हरमनप्रीत सिंह उनकी उपस्थिति में अपना बोझ हलका महसूस करते हैं तो करोड़ों भारतीय हॉकी प्रेमियों को आखिरी पल तक उम्मीद रहती है कि श्रीजेश है तो गोल नहीं होने देगा। उन्होंने एक्स पर लिखा अब जबकि मैं आखिरी बार पोस्ट के बीच खड़ा होने जा रहा हूं तब मेरा दिल कृतज्ञता और गर्व से फूलकर कुप्पा हो रहा है। सपनों में खोए रहने वाले लड़के से भारत के सम्मान की रक्षा करने वाले व्यक्ति तक की यह यात्रा असाधारण से कम नहीं है। मेरा हर बचाव, प्रत्येक डाइव, दर्शकों का शोर हमेशा मेरे दिल में गूंजते रहेंगे। आभार भारत, मुझ पर विश्वास करने के लिए, मेरे साथ खड़े होने के लिए। यह अंत नहीं है, यह संजोई गई यादों की शुरुआत है। वाकई भारतीय हॉकी टीम जब भी मैदान पर उतरेगी तो उनका जोश, उनकी मुस्कुराहट, उनकी गोलकीपिंग और उनका स्वैग जरूर याद आएगा।

### भारतीय हॉकी पुरुष टीम का 13वां पदक

**पेरिस।** पेरिस 2024 ग्रीष्मकालीन खेलों में यह भारत का चौथा कांस्य पदक है और टोक्यो ओलंपिक 2020 के प्रदर्शन को दोहराते हुए पुरुष हॉकी में यह 13वां ओलंपिक पदक है। म्यूनिख ओलंपिक 1972 के बाद यह पहली बार जब भारत ने लगातार दो ओलंपिक पदक जीते हैं। उल्लेखनीय है कि हरमनप्रीत सिंह एंड कंपनी ने टोक्यो ओलंपिक 2020 खेलों में भी कांस्य पदक जीता था। भारतीय हॉकी टीम ने एम्स्टर्डम ओलंपिक 1928 में स्वर्ण, लॉस एंजिल्स 1932 में स्वर्ण, बर्लिन 1936 में स्वर्ण, लंदन 1948 में स्वर्ण, हेलसिंकी 1952में स्वर्ण, मेलबर्न 1956 में स्वर्ण, रोम 1960 में रजत, टोक्यो 1964 में स्वर्ण, मेक्सिको सिटी 1968 में कांस्य, म्यूनिक 1972में कांस्य, मॉस्को 1980 में स्वर्ण, टोक्यो 2020 में कांस्य और पेरिस 2024 में कांस्य जीता है।



पेरिस ओलंपक 2024 में कांस्य पदक जीतने के लिए भारतीय हॉकी टीम को बधाई! आपके असाधारण प्रदर्शन और टीम वर्क ने भारतीय खेलों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। यह जीत देश के लिए गर्व का क्षण है और आपके समर्पण का प्रमाण है।

**- मनसुख मांडविया,** केन्द्रीय खेल मंत्री

### और दीवार हट गई



ध्रुव गुप्त
पूर्व आईपीएस

आज पेरिस ओलंपिक में भारत के कांस्य पदक जीतते ही महानतम गोलकीपर श्रीजेश के संन्यास की घोषणा दिल दुखाने वाली रही। पिछले दो दशकों में जिन कुछ हॉकी खिलाड़ियों ने दुनिया भर के हॉकी प्रेमियों का ध्यान सबसे ज्यादा आकृष्ट किया उनमें श्रीजेश एक हैं। अपने लगभग 18 साल के करियर में उन्होंने सैकड़ों गोल बचाए जिनमें कुछ तो ऐसे थे जिन्हें अविश्वसनीय और अविस्मरणीय कहा गया। 2021 में श्रीजेश को विश्व गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर के प्रतिष्ठित अवार्ड से नवाजा गया। श्रीजेश संन्यास के साथ भारतीय हॉकी की सबसे बड़ी दीवार अब हट गई है। उनके निर्णय का सम्मान करते हुए उन्हें सलाम और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं!



कांस्य पदक जीतने के बाद टीम के साथ श्रीजेश ने कुछ यूं मनाया जश्न। ● एजेंसी >>



### पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 28 | 25 | 17 | 70 |
| अमेरिका | 27 | 35 | 33 | 95 |
| ऑस्ट्रेलिया | 18 | 14 | 11 | 43 |
| फ्रांस | 13 | 18 | 21 | 52 |
| ग्रेट ब्रिटेन | 13 | 17 | 20 | 50 |
| द. कोरिया | 12 | 8 | 7 | 27 |
| जापान | 12 | 7 | 13 | 32 |
| इटली | 10 | 11 | 9 | 30 |
| नीदरलैंड | 10 | 5 | 7 | 22 |
| जर्मनी | 9 | 6 | 5 | 20 |
| भारत | 0 | 0 | 4 | 4 |

## मनु भारत में करोड़ों युवाओं को भविष्य में प्रेरित करेंगी: खेल मंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने गुरुवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक में पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर की दो कांस्य पदक जीतने की उपलब्धि युवाओं की एक पूरी पीढ़ी को इस खेल को अपनाने और गौरव हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी।

22 वर्षीय मनु एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी बनीं। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीता और फिर सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में भी कांस्य पदक हासिल किया। मनु ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज भी बनीं। मांडविया ने एक्स पर लिखा पेरिस ओलंपिक 2024 में दो कांस्य पदक जीत कर स्वदेश लौटीं देश की बेटी मनु भाकर से आज मिलकर उन्हें इस ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं। मनु भाकर की यह सफलता भारतीय खेल जगत के करोड़ों युवाओं को प्रेरित करेगी। पूरे देश को उन पर गर्व है। खेल मंत्री ने मनु, उनके पिता राम किशन और निजी कोच जसपाल राणा के साथ बातचीत की तस्वीरें भी साझा कीं। मनु ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के बाद बुधवार को भारत लौटीं जहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। सैकड़ों समर्थक लगातार हो रही बारिश के बावजूद इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनका स्वागत करने के लिए मौजूद थे। वह रविवार को समापन समारोह में भाग लेने के लिए शनिवार को पेरिस वापस जाएंगी जहां वह भारत की ध्वजवाहकों में से एक होंगी।



खेल मंत्री मनसुख मांडविया से भेंट करतीं कांस्य विजेता मनु भाकर। ● एजेंसी



## सेमीफाइनल में हिगुची से हारे अमन

पेरिस, एजेंसी

भारतीय पहलवान अमन सहरावत को पेरिस ओलंपिक कुश्ती प्रतियोगिता में गुरुवार को पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल सेमीफाइनल में जापान के री हिगुची से हार का सामना करना पड़ा। अब रेपेचेज प्रतियोगिता में अमन कांस्य पदक के लिए मुकाबला करेंगे।

आज यहां खेले गए मुकाबले में जापानी पहलवान री हिगुची ने अमन को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 10-0 से हराया। अमन को जापानी पहलवान ने हाथों सिर्फ 1 मिनट 14 सेकंड में पराजित कर दिया। इससे पहले क्वार्टरफाइनल मुकाबले में अमन ने अल्बानिया के जेलिमखान अबकारोव को 12-0 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच थे। एशियाई चैंपियनशिप विजेता अमन ने बाउट के दूसरे दौर में पहले अल्बानियाई विश्व चैंपियन अबकारोव को पछाड़ दिया। अमन ने राउंड ऑफ 16 में पूर्व यूरोपीय चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता नॉर्थ मैसेडोनिया के व्लादिमीर एगोरोव के खिलाफ 10-0 से जीत हासिल की थी। अमन ने दूसरे पीरियड में दो मिनट पहले ही तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर अपना पहला मुकाबला जीतकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई थी।

## दूसरे ओलंपिक पदक से चूकीं मीराबाई, चौथे स्थान पर रहीं

पेरिस, एजेंसी

तोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाली भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू एक समय दूसरा ओलंपिक पदक जीतने के करीब पहुंच गई थी लेकिन अंतिम प्रयास में असफल होने के कारण वह बुधवार को यहां महिलाओं के 49 किलोग्राम वर्ग में चौथे स्थान पर रहते हुए पदक से चूक गईं।

मीराबाई ने स्नैच में 88 और क्लीन एवं जर्क में 111 से कुल 199 किग्रा का वजन उठाया। इससे वह महज एक किलोग्राम से पदक से चूक गईं। मीराबाई ने बाद में कहा मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं क्योंकि मुझे चोट से उबरने के बाद तैयारी के लिए बहुत कम समय मिला था। मैं अभ्यास में 85 किग्रा वजन उठा रही थी और मैंने इस प्रतियोगिता में भी ऐसा किया। मैं क्लीन एवं जर्क में भी अच्छे प्रदर्शन के प्रति आश्वस्त थी। सब कुछ अच्छा चल रहा था और कोच ने जो कुछ कहा मैंने उसका पालन किया। आज भाग्य मेरे साथ नहीं था जो मैं पदक नहीं जीत पाई लेकिन मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार चीन की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन होउ झिहुई ने क्लीन एवं जर्क में ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने कुल 206 (स्नैच 89, क्लीन एवं जर्क 117) किग्रा वजन उठाया। रोमानिया की वालेंटिना कैम्बेई 206 (93 और 112) किग्रा से रजत और थाईलैंड की सुरोदचना खाम्बो 200 (88 और 112) किग्रा के वजन से कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं।



**1 किलोग्राम से अतिरिक्त भार से चूक गईं मीरबाई**

<< भारोत्तोलक स्पर्धा में प्रदर्शन करतीं मीराबाई चानू ● एजेंसी

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# बांग्लादेश: सुरक्षा को लेकर चिंता, लोग जागकर बिता रहे रातें

## अराजक माहौल के बीच डकैती और लूटपाट के डर से अपनी संपत्तियों की सुरक्षा के लिए खुद ही सड़कों पर दे रहे पहरा

### एक नजर

**शांतिपूर्ण तरीके से हो कश्मीर मुद्दे का समाधान**

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस के एक प्रवक्ता ने कहा है कि कश्मीर मुद्दे का अंतिम समाधान संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत शांतिपूर्ण तरीकों से और मानवाधिकारों का पूर्ण सम्मान करते हुए किया जाना चाहिए।

**प्रदर्शनकारियों ने नस्लवाद विरोधी शांति मार्च निकाला**

**लंदन।** ब्रिटेन में पिछले सप्ताह उत्पात मचाने वाली दक्षिणपंथी हिंसक भीड़ से अधिक संख्या में नस्लवाद विरोधी प्रदर्शनकारी लंदन और अन्य शहरों की सड़कों पर शांति मार्च में शामिल हुए। स्कॉटलैंड यार्ड (लंदन पुलिस) ने इसे समुदायों की एकजुटता का प्रदर्शन बताया। पुलिस अधिकारियों के सड़कों पर लगातार गश्त के कारण बुधवार शाम को लंदन और अन्य शहरों में आयोजित रैलियों में हिंसा की आशंका टल गई।

**आमना पाकिस्तान की नई विदेश सचिव हो सकती हैं**

**इस्लामाबाद।** अनुभवी राजनयिक आमना बलोच पाकिस्तान की नई विदेश सचिव होंगी। गुरुवार को मीडिया में आयी खबरों से यह जानकारी मिली है। द न्यूज इंटरनेशनल की खबर के अनुसार, यूरोपीय संघ, बेल्जियम और लक्जमबर्ग में पाकिस्तान की राजदूत बलोच 11 सितंबर को पदभार संभालेंगी। वह विदेश सचिव डॉ. सायरस सज्जाद काजी की सेवानिवृत्ति के बाद स्थान लेंगी।

---

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में व्याप्त अराजक माहौल के बीच अपराधियों द्वारा लूटपाट किए जाने और डकैती डाले जाने के डर से लोग पूरी रात जागकर बिता रहे हैं और अपनी सपंत्तियों की सुरक्षा के लिए खुद ही सड़कों पर पहरा दे रहे हैं। बांग्लादेश में अराजकता और डर का माहौल अब भी कायम है। पिछले दो दिनों से अपराधियों के गिरोह निवासियों के घरों में लूटपाट और डकैती डाल रहे हैं। डकैती और लूटपाट के डर के कारण कई निवासियों ने बुधवार पूरी रात जगकर बिताई। ढाका के एक छोर से दूसरे छोर तक, खासकर उत्तरा से मोहम्मदपुर तक लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

बांग्लादेश की समाचार वेबसाइट बीडीन्यूज24.कॉम की एक खबर में बताया गया कि उत्तरा और मोहम्मदपुर समेत कई इलाकों में निवासी अपनी संपत्तियों की सुरक्षा के लिए समूहों में पहरा दे रहे हैं। ढाका विश्वविद्यालय में अंशकालिक शिक्षक और मोहम्मदपुर के बोसिला की रहने वाली नाजवी इस्लाम ने बताया कि लुटेरों ने मंगलवार रात इलाके में आतंक मचाया। मस्जिदों से लगातार लोगों को सर्तक रहने का एलान किया जा रहा है।

स्थानीय लोगों ने समूहों में बुधवार रात सड़कों पर पहरा दिया और उनके हाथों में लाठी-डंडे और बल्लियां थीं। स्थानीय मदरसे के सैकड़ों छात्रों ने भी इलाके की रखवाली की। छात्र छोटे-छोटे समूहों में बंट गए और उन्होंने सरकारी इमारतों और सार्वजनिक संपत्तियों की रखवाली की।

**सरकार गिरने के बाद से 232 लोगों की मौत**

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद हुई हिंसक घटनाओं में देशभर में कम से कम 232 लोगों की मौत हुई है। इसी के साथ जुलाई के मध्य में शुरू हुए आरक्षण विरोधी प्रदर्शन के बाद से मरने वालों का आंकड़ा 560 हो गया है। मीडिया में गुरुवार को आई खबरों में यह जानकारी दी गई है। प्रोथोम अलो अखबार के मुताबिक, हसीना के सत्ता से हटने के बाद बुधवार शाम तक कुल 232 लोगों की मौत हो चुकी थी। इससे पहले, 16 जुलाई से चार अगस्त तक सरकारी नौकरियों में आरक्षण व्यवस्था को लेकर हुए आंदोलन के दौरान हुई झड़पों में लगभग 328 लोग मारे गए थे। कुल मिलाकर, पिछले 23 दिनों में तकरीबन 560 लोग मारे गए। 232 में से ज्यादातर लोगों की मौत मंगलवार को हुई। कुछ लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।



त्रिपुरा सीमा से बांग्लादेश में फंसे 17 भारतीय सड़क निर्माण श्रमिक भारत लौटे। • एजेंसी

**17 भारतीय कामगार सकुशल स्वदेश लाए गए: बीएसएफ**

**अगरतला।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने गुरुवार को कहा कि बांग्लादेश में फंसे 17 भारतीय सड़क निर्माण श्रमिकों को सुरक्षित स्वदेश लाया गया है। इन लोगों को बांग्लादेश में अखौरा से किशोरगंज तक 52 किलोमीटर लंबी चार-लेन सड़क के निर्माण के लिए एएफसीओएनएस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा नियुक्त किया गया था। उन्हें त्रिपुरा में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के माध्यम से वापस लाया गया। बांग्लादेश में अशांति के कारण कंपनी के कर्मचारी रामरेल स्थित अपने शिविर में फंसे हुए थे।

## बांग्लादेशियों की घुसपैठ की कोशिश नाकाम

**शिलांग।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पत्थर इकट्ठा करने के लिए मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स जिले में घुसने के बांग्लादेशी नागरिकों के एक समूह के प्रयास को विफल कर दिया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

बीएसएफ अधिकारियों ने बताया कि बुधवार दोपहर को करीब पांच-छह नौकाओं में सवार बांग्लादेशी नागरिकों के एक समूह ने पत्थर इकट्ठा करने के लिए जिले के रानीकोर इलाके में नदी के किनारे अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार की। बल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने एजेंसी को बताया कि बीएसएफ ने बांग्लादेशी नागरिकों से पहले मौखिक रूप से पीछे हटने को कहा, लेकिन उन्होंने उनकी बात नहीं मानी, जिसके बाद बीएसएफ को गोलीबारी करनी पड़ी। मेघालय और पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों में बीएसएफ हाई अलर्ट पर है।

## शेख हसीना स्वदेश लौटेंगी : जॉय

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर बांग्लादेश से भारत पहुंचीं शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद जॉय ने गुरुवार को कहा कि बांग्लादेश में लोकतंत्र बहाल होते ही उनकी मां अपने देश लौटेंगी। उन्होंने कहा कि उनके देश में अशांति फैलाने में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ है। एजेंसी के साथ एक विशेष साक्षात्कार में जॉय ने कहा कि हालांकि 76 वर्षीय हसीना निश्चित रूप से बांग्लादेश लौटेंगी, लेकिन अभी यह तय नहीं है कि वह सेवानिवृत्त नेता के रूप में लौटेंगी या सक्रिय नेता के रूप में। उन्होंने यह भी कहा कि शेख मुजीब (शेख मुजीबुर रहमान) परिवार के सदस्य न तो अपने लोगों को छोड़ेंगे और न ही संकटग्रस्त अवामी लीग को बेसहारा छोड़ेंगे। जॉय ने भारत से अंतर्राष्ट्रीय राय बनाने में मदद करने और बांग्लादेश में लोकतंत्र की बहाली के लिए दबाव बनाने की अपील की। उन्होंने कहा, हां, यह सच है कि मैंने कहा था कि वह बांग्लादेश नहीं लौटेंगी। लेकिन हमारे नेताओं और कार्यकर्ताओं पर लगातार हमलों के बाद पिछले दो दिन में बहुत कुछ बदल गया है।



## लौटने लगे पुलिसकर्मी: रिपोर्ट

**ढाका।** बांग्लादेश में नवनियुक्त प्रमुख के आह्वान पर पुलिसकर्मी कार्यस्थलों पर धीरे-धीरे लौटने लगे हैं। देश में राजनीतिक अस्थिरता और हिंसा के बीच सरकारी मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई। विद्यार्थियों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शन के कारण कई पुलिस थानों पर हमला किया गया और उनमें आग लगा दी गई। इसके चलते कई अधिकारियों ने और अधिक हमलों के खतरे को देखते हुए अपने थाने छोड़ दिये। नवनियुक्त पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) मोहम्मद मैनुल इस्लाम ने बुधवार को अधिकारियों को अगले 24 घंटे के भीतर अपनी-अपनी इकाइयों से जुड़ने का आदेश दिया। पुलिस मुख्यालय द्वारा गुरुवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, राजनीतिक दलों के नेताओं और छात्रों सहित अन्य लोग काम पर लौटने वाले पुलिसकर्मियों की हर संभव सहायता कर रहे हैं ताकि वे सुरक्षित रूप से अपने कार्यस्थलों पर पहुंच सकें। बीएसएस समाचार एजेंसी ने विज्ञप्ति का हवाला देते हुए बताया कि नवनियुक्त आईजीपी के आह्वान पर पुलिसकर्मी गुरुवार से अपने कार्यस्थल पर लौट रहे हैं।

## सरकार के साथ काम को तैयार

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि वह बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के साथ काम करने के लिए तैयार है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने बुधवार को पत्रकारों से कहा, हम बांग्लादेश के घटनाक्रम पर नजर रख रहे हैं और हमने साफ तौर पर अंतरिम सरकार के नेता के रूप में मोहम्मद यूनुस की नियुक्ति देखी है। उन्होंने बांग्लादेश में तेजी से बदलते घटनाक्रम के बारे में पूछे गए सवालों पर कहा, हमें लगता है कि अंतरिम सरकार बांग्लादेश में दीर्घकालिक शांति और राजनीतिक स्थिरता कायम करने में अहम भूमिका निभाएगी। इस बीच, विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने एजेंसी से कहा कि अंतरिम सरकार के संबंध में सभी फैसलों में लोकतांत्रिक सिद्धांतों, कानून के शासन और बांग्लादेश के लोगों की इच्छा का सम्मान होना चाहिए।

## हिंदुओं पर हमलों से कूटनीतिक तरीके से निपटेगा केंद्र : हिमंत

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने गुरुवार को विश्वास जताया कि केंद्र सरकार बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर कथित हमलों से संबंधित मामले का राजनयिक माध्यमों से समाधान निकाल लेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि भारत सरकार धैर्य और सावधानी के साथ स्थिति का प्रबंधन कर रही है, हालांकि उसका ध्यान सुरक्षा सुनिश्चित करने और पूरी तरह से सील की जा चुकी भारत-बांग्लादेश सीमा पर कड़ी निगरानी बनाए रखने पर है। मुख्यमंत्री ने एक कार्यक्रम से इतर कहा, भारत सरकार बांग्लादेश की नई सरकार के साथ राजनीतिक और राजनयिक माध्यमों से स्थिति से निपटेगी।



## जयशंकर ने ब्रिटेन के विदेश मंत्री लैमी के साथ चर्चा की

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को ब्रिटेन के अपने समकक्ष डेविड लैमी के साथ फोन पर बांग्लादेश में उभरते हालात पर चर्चा की। जयशंकर ने एक्स पर कहा कि उन्होंने और लैमी ने पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर भी विचार-विमर्श किया। जयशंकर ने कहा, आज ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी से फोन पर बांग्लादेश और पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा हुई। जयशंकर और ब्रिटिश विदेश मंत्री के बीच यह बातचीत बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की लंदन में शरण लेने की प्रारंभिक योजना की पृष्ठभूमि में हुई है। ब्रिटेन द्वारा हालांकि उन्हें शरण देने में संकोच किये जाने के कारण यह योजना अवरुद्ध हो गई है।



## अल्पसंख्यकों पर हमले की खबरें चिंताजनक : ओवैसी

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमला किए जाने की खबरों पर गुरुवार को चिंता जतायी और मांग की कि पड़ोसी देश में प्राधिकारी उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करें। ओवैसी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले किए जाने की खबरें चिंताजनक हैं। अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत बांग्लादेश की सरकार और प्राधिकारियों का अल्पसंख्यकों के जीवन और संपति की रक्षा करने का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि देश के बहुसंख्यक समुदाय के कई लोग अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के घरों और पूजा स्थलों की रक्षा कर रहे हैं।



## भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने हिंसा रोकने का आह्वान किया

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** दो प्रमुख भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ जारी हिंसा को तत्काल रोके जाने का आह्वान किया है। सांसदों ने अंतरिम सरकार के मनोनीत प्रधानमंत्री नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस से भी आग्रह किया है कि वह देश की बागडोर संभालने पर कानून का शासन बनाए रखें। दो प्रभावशाली सांसदों की यह टिप्पणी बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ अपराध में वृद्धि और हिंदू मंदिरों को नष्ट किए जाने के बीच कई हिंदू-अमेरिकी समूहों द्वारा विदेश विभाग के अधिकारियों से मुलाकात करने के एक दिन बाद आई है। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदुओं और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की निंदा करने में अमेरिकी संसद और प्रशासन की विफलता अस्वीकार्य है।

## जापान में भूकंप के तगड़े झटके, तीन लोग घायल

तोक्यो, एजेंसी

- सुनामी की चेतावनी जारी, तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.1 मापी गई

जापान के दक्षिणी तट पर गुरुवार को भूकंप के तगड़े झटके महसूस किये गये जिससे तीन लोग घायल हो गये। भूकंप के कारण सुनामी की चेतावनी जारी करनी पड़ी। स्थानीय निवासियों से समुद्र तट से दूर रहने का आग्रह किया गया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.1 मापी गई।

एजेंसी ने बताया कि इसका केंद्र जापान के दक्षिणी मुख्य द्वीप क्यूशू के पूर्वी तट पर लगभग 30 किलोमीटर (18.6 मील) की गहराई में था। भूकंप के सबसे जबरदस्त झटके क्यूशू द्वीप के मियाजाकी प्रांत के निचिनान शहर और आसपास के इलाकों में महसूस किये गये। एजेंसी ने कहा कि भूकंप आने के लगभग आधे घंटे बाद क्यूशू के दक्षिणी तट के कुछ हिस्सों और निकटवर्ती शिकोकू द्वीप पर 50 सेंटीमीटर (1.6 फुट) ऊंची सुनामी की लहरें देखी गईं।

मियाजाकी प्रांत को छोड़कर ज्यादातर तटीय क्षेत्रों से सुनामी संबंधी चेतावनी हटा ली गई है। एजेंसी के भूकंप वैज्ञानिकों ने एक आपात बैठक की जिसमें स्थिति का जायजा लिया गया। अग्निशमन और आपदा प्रबंधन एजेंसी ने बताया कि गुरुवार को आये भूकंप में तीन लोग घायल हुए हैं।

## द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने पर चर्चा

वेलिंगटन, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने गुरुवार को खासतौर से शिक्षा, व्यापार और संस्कृति में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। मुर्मू तीन देशों की यात्रा के दूसरे चरण के तहत बुधवार को न्यूजीलैंड पहुंचीं। यहां पहुंचने पर उन्हें शाही सलामी गारद दिया गया।

विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत-न्यूजीलैंड साझेदारी को बढ़ावा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के साथ चर्चा की। दोनों पक्षों ने खासतौर से शिक्षा, व्यापार और संस्कृति में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इससे पहले, मुर्मू ने न्यूजीलैंड की गवर्नर जनरल डेम सिंडी कीरो और उपप्रधानमंत्री विंस्टन पीटर्स से मुलाकात कर मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों एवं विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। राष्ट्रपति कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने न्यूजीलैंड की गवर्नर जनरल डेम सिंडी कीरो से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत और न्यूजीलैंड के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों की सराहना की और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की।



वेलिंगटन के गवर्नमेंट हाउस में एक बैठक के दौरान न्यूजीलैंड की गवर्नर जनरल डेम सिंडी किरो के साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। • एजेंसी

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने प्रतिबद्धता की पुष्टि की

## नेपाल में हवाई अड्डे से पांच भारतीय गिरफ्तार लाखों रुपये बरामद

**काठमांडू।** नेपाल में गुरुवार को पांच भारतीयों को बिना कोई स्रोत बताए लाखों नेपाली रुपये ले जाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि प्रकाश नारायण गुप्ता (44), अजय मिश्रा (43), आशीष गुप्ता (45), बिमल गुप्ता (46) और पंकज जायसवाल (39) को पश्चिमी नेपाल के नेपालगंज नगर पालिका के रांझा हवाई अड्डे से सुरक्षा जांच के दौरान गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि वे सभी भारतीय नागरिक हैं और इस दौरान काठमांडू जाने वाले विमान में सवार होने वाले थे। पुलिस ने बताया कि उनके पास से 24 लाख नेपाली रुपए बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं थे।

## टेलर स्विफ्ट के कार्यक्रम में हमले की साजिश नाकाम

वियना, एजेंसी

- इस्लामिक स्टेट समूह से संबंधित दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया

अमेरिकी गायिका टेलर स्विफ्ट के इस हफ्ते होने वाले तीन संगीत समारोह को हमले की साजिश का पता चलने के बाद रद कर दिया गया है तथा इस्लामिक स्टेट समूह से संबंधित दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। ऑस्ट्रिया के गृह मंत्रालय में जन सुरक्षा निदेशक फ्रांज रुफ ने बताया कि 19 वर्षीय मुख्य संदिग्ध के घर से रासायनिक पदार्थ और तकनीकी उपकरण मिले हैं।

सरकारी प्रसारक ओआरएफ के ओई1 कार्यक्रम में रुफ ने गुरुवार को कहा कि जांचकर्ता संदिग्ध के घर से जब्त किए गए सबूतों का मूल्यांकन कर रहे हैं। रुफ ने बताया कि कुछ हफ्ते पहले 19 वर्षीय युवक ने इस्लामिक स्टेट समूह के मौजूदा सरगना के प्रति निष्ठा की शपथ इंटरनेट अकाउंट पर अपलोड की थी। हमले की साजिश में दूसरे 17 वर्षीय किशोर को स्टेडियम के पास से गिरफ्तार किया गया है।

गृह मंत्री गेरहार्ड कार्नर ने कहा कि अधिकारियों को दूसरे संदिग्ध के घर से इस्लामिक स्टेट समूह और अल-कायदा की सामग्री मिली। उन्होंने कहा कि हमले की साजिश को लेकर कोई और संदिग्ध वांछित नहीं है। कार्नर ने बृहस्पतिवार को कहा, स्थिति गंभीर थी और है, लेकिन साथ ही हम कह सकते हैं कि त्रासदी को टाल दिया गया है।

## बॉलीवुड हलचल

### गायक कुमार सानू को नहीं मिल रहा काम

**मुंबई।** अपनी आवाज से करोड़ों लोगों को अपना दीवाना बनाने वाले बॉलीवुड के मशहूर गायक कुमार सानू को इंडस्ट्री में काम नहीं मिल रहा है। उन्होंने आखिरी बार साल 2018 की फिल्म सिंबा के आंख मारे सॉन्ग को आवाज दी थी। इसके बाद से ही सिंगर का कोई गाना रिलीज नहीं हुआ है। अब हाल ही में एक इंटरव्यू में सिंगर ने बताया है कि उन्हें इंडस्ट्री में कोई काम नहीं मिल रहा है। एक इंटरव्यू में सिंगर से पूछा गया था कि उनके अब गाने क्यों नहीं आते। इसके जवाब में कुमार सानू ने कहा है, मेरी जर्नी अब तक बहुत अच्छी रही है। हर कोई इंडस्ट्री में मुझे इज्जत देता है। पर सबसे बड़ी बात है कि लोग इज्जत तो देते हैं, प्यार देते हैं, हमारा गाना भी सुनते हैं, लेकिन मुझे नहीं पता क्यों हिंदी फिल्म इंडस्ट्री वाले गानों में मेरी आवाज इस्तेमाल नहीं कर रहे। आगे उन्होंने कहा है, ये सवाल मन में होता है। जब मैं उनके सामने होता हूं, तो वो मुझे बहुत प्यार दिखाते हैं, लेकिन पता नहीं ये असल है या नहीं। जो भी हो वो इज्जत बहुत देते हैं।

### फिल्म रिलीज से पहले हाजी अली दरगाह पहुंचे अक्षय

**मुंबई।** अपनी आने वाली फिल्म खेल खेल में के प्रमोशन के लिए अक्षय कुमार हाजी अली की दरगाह पहुंचे। इसी बीच एक इवेंट से एक्टर का वीडियो वायरल है जिसमें वो एक पैपराजी को उसकी चप्पल उठाकर देते नजर आ रहे हैं। इस वायरल वीडियो को देखकर जहां एक तरफ फैंस अक्षय के जेस्चर की तारीफ कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ कुछ इसे पब्लिसिटी स्टंट बता रहे हैं। इस मौके पर हाजी अली दरगाह ट्रस्ट और माहिम दरगाह ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी सुहैल खंडवानी और उनकी टीम ने अक्षय का स्वागत किया। हमने अक्षय के पेरेंट्स स्वर्गीय अरुणा भाटिया और स्वर्गीय हरि ओम भाटिया के लिए दुआ की। दरगाह पर सवा करोड़ डोनेट करने की खबर सामने आने के बाद कई सोशल मीडिया यूजर्स ने अक्षय को ट्रोल भी किया। एक यूजर ने पूछा- आपने केरल लैंडस्लाइड पीड़ितों को दान क्यों नहीं दिया। वहीं कुछ यूजर्स ने इस डोनेशन के पीछे की वजह भी फिल्म प्रमोशन बताई। अक्षय की फिल्म खेल खेल में 15 अगस्त को स्त्री 2 और वेदा के साथ रिलीज होगी।



### सलमान खुर्शीद को रजा मुराद ने दिया मुंहतोड़ जवाब

**मुंबई।** बीते दिन सलमान खुर्शीद ने अपने बयान में कहा था कि बांग्लादेश जैसी स्थिति भारत में भी हो सकती है, जिसके बाद बॉलीवुड एक्टर रजा मुराद ने उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया है। सलमान खुर्शीद ने कहा था कि भले ही ऊपरी तौर पर सब कुछ सामान्य लग रहा हो, लेकिन बांग्लादेश में जो रहा है वो भारत में भी हो सकता है। बॉलीवुड एक्टर रजा मुराद ने उन्हें जवाब दिया है कि यहां ऐसा कुछ नहीं हो सकता है और ना ही होना चाहिए। वो इसकी वजह गिनाते हुए कहते हैं कि यहां कि सेना अनुशासित है। सेना का राजनीति से कोई ताल्लुक नहीं है।

**खगोल विज्ञान** — इस खोज के बाद दुनिया की नजर सूर्य के सबसे नजदीकी ग्रह बुध पर

## बुध ग्रह के गर्भ में छिपी हुई है हीरे की मोटी परत

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाल में पता चला है कि बुध ग्रह के गर्भ यानी कोर में हीरे की मोटी परत छिपी हुई है। इस परत की मोटाई लगभग 15 किमी मोटी हो सकती है। इस खबर के बाद दुनियाभर के अंतरिक्ष वेदशालाओं की दिलचस्पी बुध ग्रह के प्रति बढ़ गई है।

हमारे सौर परिवार में बुध ग्रह सूर्य का सबसे नजदीकी ग्रह है। पृथ्वी के नजदीक होने के बावजूद बुध पर अभी तक बहुत कम अध्ययन हुए हैं। जिस कारण इस ग्रह के बारे में बहुत अधिक जानकारी नहीं मिल पाई है। बुध पर अध्ययन कम होने की एक वजह उसका सूर्य के प्रकाश में छिपा रहना है। इसे देख पाने का मौका कम ही मिल पाता है। सुबह और शाम के समय ही इसे देखा जा सकता है। इसकी संरचना पृथ्वी और अन्य चट्टानी ग्रहों के समान ही है। जिसमें सिलिकेट क्रस्ट, मैटल, लौहनिकल कोर के बीच विभेदित सिलिकेट खनिज और धातुएं शामिल हैं। अन्य चट्टानी ग्रहों के विपरीत बुध का कोर इसके द्रव्यमान अंश का बहुत बड़ा हिस्सा बनाता है। बुध के पास एक रहस्यमय रूप से चुंबकीय क्षेत्र है, जो रहस्य आज भी बना हुआ है।

इस रहस्य को लेकर बुध सौर मंडल के सबसे दिलचस्प ग्रहों में से एक माना जाता है। नए शोध के अनुसार बुध के कोर में हीरे की परत मौजूद होने की खबर से यह ग्रह पहले की तुलना में कहीं अधिक दिलचस्प बन गया है। यह परत सतह से सैकड़ों मील नीचे कोर और मेटल के बीच 15 किमी मोटी है। शोध करने वाली अंतर्राष्ट्रीय टीम में सेंटर फॉर हाई-प्रेशर साइंस एंड टेक्नोलॉजी एडवांस्ड रिसर्च, स्कूल ऑफ अर्थ साइंसेज एंड रिसोर्सेज, चाइना यूनिवर्सिटी ऑफ जियोसाइंसेज, केयू ल्यूवेन के पृथ्वी व पर्यावरण विज्ञान विभाग शामिल रहे। शोधपत्र नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित हुआ है।



बुध ग्रह की तस्वीर।

**सौर मंडल का सबसे छोटा ग्रह है बुध**

यह खोज बताती है कि ब्रह्मांड के ग्रह नक्षत्रों में बहुमूल्य धातुओं का भंडार मौजूद है। बहरहाल बुध ग्रह की बात करें तो यह सौर मंडल का सबसे छोटा ग्रह है, जो पृथ्वी के चंद्रमा से थोड़ा ही बड़ा है। इसकी सतह पर हज़ारों प्रभाव वाले क्रेटर हैं। सूर्य से निकटता के बावजूद, बुध हमारे सौरमंडल का सबसे गर्म ग्रह नहीं है। बुध 88 दिनों में सूर्य का चक्कर लगाता है।